

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



शारदीय नवरात्र | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | www.rastriyanaveenmail.com


## चतुर्थ : कूष्माण्डा

**नवरात्र**-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देनेवाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है।

सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे ॥

**जब** सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होनेवाली हैं।

## कोर्ट फीस विधेयक के प्रावधानों पर राज्यपाल बैस ने सरकार को पुनर्विचार का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राज्य के जनजातीय समुदाय के व्यापक जनहित को दृष्टि में रखते हुए राज्य सरकार को कोर्ट फीस (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने हेतु निर्देश दिया है। विदित हो कि यह विधेयक 22 दिसम्बर, 2021 को झारखंड विधानसभा द्वारा पारित किया गया था और 11.2.2022 को राज्यपाल द्वारा इस पर सहमति प्रदान की गयी थी। इसके बाद राज्यपाल को बिल के प्रावधानों में वर्णित कोर्ट फीस वृद्धि के विरुद्ध बहुत सारे अभ्यावेदन व ज्ञापन प्राप्त हुए। राज्यपाल को दिनांक 25.7.2022 को झारखंड राज्य बार काउंसिल से भी एक ज्ञापन प्राप्त हुआ, जिसमें राज्यपाल से आग्रह किया गया कि वे राज्य सरकार से कोर्ट फीस में हुई वृद्धि को वापस लेने और इसे विधि-सम्मत उचित तरीके से तय करने के लिए निर्देशित करें। राज्यपाल ने इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए राज्य सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए निर्देशित करने का निर्णय लिया।

### कमेटी बनाने पर विचार कर रही है सरकार

**कोर्ट** फीस की बढ़ोतरी में सुधार को लेकर झारखंड सरकार तीन सदस्यीय कमेटी बनाने पर विचार कर रही है। इस पूरे मामले पर कमेटी एक रिपोर्ट तैयार करेगी और उसे कैबिनेट में भेजा जायेगा। इस रिपोर्ट के आधार पर कैबिनेट इस पूरे मामले पर फैसला लेगी। वहीं, सरकार के इस फैसले पर बार काउंसिल ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि इस पर कमेटी बनेगी इसमें लंबा वक्त लगेगा। काउंसिल के अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण



और एमिकस क्यूरी वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कहा कि कमेटी बनाने का प्रस्ताव लाकर सरकार इस मामले को उलझाने का प्रयास कर रही है। बार काउंसिल ने सरकार के कोर्ट फी संशोधन एक्ट को निरस्त करने के लिए जनहित याचिका दायर की है। इस याचिका में कहा गया है कि सरकार ने प्रक्रिया का पालन किये बिना ही एक्ट में संशोधन कर दिया, बार काउंसिल से भी किसी तरह की सलाह नहीं ली गयी। एक्ट में संशोधन के फैसले से आम आदमी के लिए न्याय और महंगा हो जायेगा।

### दुर्गा पूजा समितियों का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

## आरआर स्पोर्टिंग क्लब व पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण कल, सीएम आमंत्रित



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और पंडाल का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को क्लब के दुर्गा पूजा पंडाल का 30 सितम्बर को उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मां दुर्गा की मूर्ति सप्रेम भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में क्लब के संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, वरीय उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और सत्येंद्र गुप्ता के अलावा सुभाष राय, बिट्टू शुभम तथा शिवम चौधरी शामिल थे। इधर, पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू के सदस्यों ने भी सीएम से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को दुर्गा पूजा पंडाल का 30 सितम्बर को अनावरण करने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, महासचिव राजीव कुमार पप्पू, सचिव अजय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद सिंह मौजूद थे।

## केंद्र सरकार ने पीएफआई को किया बैन

### सरकार बोली– इनकी गतिविधियों से सुरक्षा को खतरा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने बुधवार सुबह पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई को पांच साल के लिए बैन कर दिया। पीएफआई के अलावा आठ और संगठनों पर कार्रवाई की गयी है। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों को बैन करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। इन सभी के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले हैं। केंद्र सरकार ने यह एक्शन (अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट) यूएपीए के तहत लिया है। सरकार ने कहा कि पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। सरकार के कदम पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री गिरिराज ने सिंह ने ट्वीट किया- बाय-बाय पीएफआई... इसके बाद केरल के कांग्रेस सांसद के सुरेश ने कहा कि आरएसएस पर भी पीएफआई की तरह बैन लगना चाहिए, क्योंकि दोनों संगठनों का काम तो एक जैसा है। भारत सरकार ने पीएएफआई पर एक्शन का जो नोटिफिकेशन जारी किया है, उसमें इस बात का जिक्र है कि संगठन ने फंडिंग का इस्तेमाल गैरकानूनी गतिविधियों में किया है। एनआईए, ईडी और राज्यों की पुलिस ने 22 और 27 सितम्बर को पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। दो दिन के भीतर 278 गिरफ्तारियां हुईं। जांच एजेंसियों को पीएफआई के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले। इसके बाद यह कार्रवाई की गयी। साल 2006 में मनिथा नीति पसाराई (एमएनपी) और नेशनल डेवलपमेंट फंड (एनडीएफ) नामक संगठन ने मिलकर पॉपुलर फ्रंट इंडिया (पीएफआई) का गठन किया था।



### विभिन्न एजेंसियों ने पिछले हफ्ते 15 राज्यों में की थी छापेमारी

**एनआईए** के नेतृत्व में विभिन्न एजेंसियों की टीमों ने पिछले हफ्ते 15 राज्यों में 93 स्थानों पर छापे मारे थे और देश में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में पीएफआई के 100 से अधिक नेताओं को गिरफ्तार किया था। सबसे अधिक 22 लोगों की गिरफ्तारी केरल से हुई थी, जहां कुछ स्थानों पर पीएफआई का काफी प्रभाव है। ये गिरफ्तारियां एनआईए, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और संबंधित राज्यों की पुलिस ने की थीं।

### पीएफआई ने किया संगठन को भंग करने का ऐलान, कहा– केंद्र का फैसला हमें स्वीकार

**केरल** में अच्छा खासा प्रभाव रखनेवाले, प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार की ओर से संगठन को अवैध करार दिये जाने के मद्देनजर अब इसे भंग कर दिया गया है। पीएफआई के प्रदेश महासचिव अब्दुल सत्तार ने संगठन की केरल इकाई के फेसबुक पेज पर पोस्ट साझा की है कि देश के कानून का पालन करते हुए संगठन गृह मंत्रालय का फैसला स्वीकार करता है। यह पोस्ट करने के कुछ ही घंटे बाद सत्तार को करुणागपल्ली से पकड़ लिया गया। सत्तार ने पोस्ट में यह भी कहा कि सभी सदस्य और आम लोगों को बता दिया गया है कि गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बाद पीएफआई को भंग कर दिया गया है। सत्तार ने 23 सितम्बर को देशभर में पीएफआई के कार्यालयों पर हुई छापेमारी और नेताओं की गिरफ्तार के विरोध में कथित तौर पर राज्यव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था, जिसके बाद से वह फरार था। आज उसे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपा जा सकता है। पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने 23 सितम्बर की हड़ताल के दौरान कथित तौर पर व्यापक हिंसा की थी, जिसके परिणामस्वरूप बसों, सार्वजनिक संपत्ति और यहां तक कि आम लोगों पर हमले भी हुए थे।

## गहलोत राजस्थान के सीएम बने रहेंगे दिग्विजय के अध्यक्ष बनने की संभावना



ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव पर राजस्थान के राजनीतिक संकट की छाया पड़ने और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की संभावित उम्मीदवारी पर प्रश्नचिह्न लगने के बाद अब पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। ऐसे में उनके अध्यक्ष बनने की संभावना है। दूसरी तरफ अशोक गहलोत राजस्थान के सीएम बने रहेगें। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिग्विजय सिंह बुधवार रात दिल्ली पहुंचेंगे और वह गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात भी कर सकते हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ऐसे समय नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जब राजस्थान के राजनीतिक संकट के चलते मुख्यमंत्री गहलोत के नामांकन पत्र दाखिल करने की संभावना पर प्रश्नचिह्न लग गया है। लोकसभा सदस्य शशि थरूर 30 सितंबर को अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अशोक गहलोत सीएम पद से नहीं देंगे इस्तीफा

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत के पार्टी आलाकमान से मिलने की संभावना है। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर में मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री संगठन के एक अभिभावक के तौर पर 102 विधायकों की भावना को व्यक्त करने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। अभी इस्तीफा नहीं दे रहे हैं।

### राज्यपाल ने अमर शहीद भगत सिंह को किया नमन

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी व मां भारती के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की स्वाधीनता हेतु उनका बलिदान सदैव सबको देश के प्रति प्रेम और त्याग करने की प्रेरणा देता रहेगा। इधर, बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ हवाई अड्डे का नामकरण शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में किया गया।

### केंद्र सरकार ने किया नये सीडीएस का ऐलान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने नये चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का ऐलान कर दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (रिटायर) को नया सीडीएस नियुक्त किया गया है। जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद यह पद पिछले 9 महीनों से खाली पड़ा था। जिसके बाद कई नाम इस रेस में चर्चा में आये। बता दें कि पिछले साल दिसम्बर में जनरल बिपिन रावत का अरुणाचल प्रदेश में एक हवाई दुर्घटना में निधन हो गया था। उनके साथ उनकी पत्नी समेत अन्य अफसरों की भी दुखद मृत्यु हुई थी।

### ट्रेनी जवान की गोली लगने से मौत

**बोकारो।** जैप-4 कैंपस में आईआरबी के ट्रेनी जवान की गोली लगने से मौत हो गयी। मृतक जवान का नाम सुशील कुमार है जो साहिबगंज का रहनेवाला था। बताया जा रहा है कि दुर्गा पूजा ड्यूटी के लिए जवान को हथियार और गोली मिला था, हथियार गोली लेने के बाद ही यह घटना हुई है। घायल जवान को बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गोली चलने की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## अब एक वर्ष में मात्र 15 बार ही गैस सिलेंडर करा सकेंगे रिफिल

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर का कोटा तय कर दिया

▸▸ **एक माह में दो से ज्यादा नहीं ले सकेंगे गैस सिलेंडर**

है। अब घरेलू गैस ग्राहक एक वर्ष में केवल 15 बार ही गैस सिलेंडर को रिफिल करा सकेंगे और एक माह में दो से ज्यादा गैस सिलेंडर नहीं ले सकेंगे। इस नये फरमान के बाद उन घरों की परेशानी बढ़ने वाली हैं, जहां परिवार बड़ा है, लोग ज्यादा हैं या संयुक्त परिवार हैं और एक वर्ष में 15 से ज्यादा



सिलेंडरों की खपत होती थी। इस बारे में ऑल इंडिया इंडियन डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के एक पदाधिकारी का कहना है कि यदि किसी घरेलू गैस ग्राहक को एक वर्ष में 15 से ज्यादा सिलेंडर लेना है, तो उसके लिये तेल कंपनी के अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इस बारे में एक गैस एजेंसी वाले का कहना है कि संयुक्त परिवार में सदस्यों की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे तमाम परिवार हैं जिनके यहां एक माह में दो से तीन गैस सिलिंडर गैस की खपत होती है। नया नियम लागू होने के बाद उनको परेशानी होगी, लेकिन उस परिवार के अन्य प्रमुख परिवार व सदस्यों के नाम से गैस सिलेंडर का रजिस्ट्रेशन कराकर जरूरत के मुताबिक उनके नाम से हर माह गैस सिलिंडर रिफिल की बुकिंग कराके खपत को पूरी की जा सकती है।

## मंदिर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने पर तनाव, पुलिस ने हमलावर को दबोचा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पर्व त्योहारों के बीच रांची के मेन रोड मल्लाह टोली स्थित एक धार्मिक स्थल की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त

▸▸ **मौके पर जुटे हिंदू संगठनों के लोग, बाबूलाल मरांडी ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण**

कर दिया गया जिससे स्थानीय लोगों में रोष दिखा। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के इलाके को पुलिस छावनी में रूप में तब्दील कर दिया गया है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मूर्ति खंडित करनेवाले आरोपी को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी मानसिक रोगी बताया जा रहा है। प्रतिमा तोड़ने की खबर इलाके में आग की तरह फैली और देखते ही देखते धार्मिक स्थल के सामने भारी भीड़ जमा हो गयी। कई स्थानीय धार्मिक संगठन के लोग और राजनेता भी मौके पर जुट गये। मूर्ति खंडित किये जाने को लेकर सोशल मीडिया में भी लगातार फोटो जारी किये गये। हालांकि, पुलिस ने भीड़ को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। धार्मिक संगठनों के नेताओं को भी प्रशासन की तरफ से यह भरोसा दिलाया कि खंडित मूर्ति को बना लिया जायेगा आगामी पर्व त्योहारों को देखते हुए आपसी सौहार्द बनाये रखना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### यूपीए सरकार में बहुसंख्यक समाज प्रताड़ित महसूस कर रहा : रघुवर



**मूर्ति** खंडित किये जाने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूपीए की सरकार आयी है, तब से यहां का बहुसंख्यक समाज खुद को प्रताड़ित महसूस कर रहा है। जब जेहादी उपद्रवियों पर नरमी व इन्हें रोकनेवालों पर कार्रवाई होगी, तो तालिबानी मानसिकता रखनेवाले लोगों का मनोबल बढ़ेगा ही। अब तो इनकी हिम्मत इतनी हो गयी है कि राजधानी की मुख्य सड़क पर स्थित हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। ये हर दिन सरकार को ललकार रहे हैं और तुष्टिकरण और वोट बैंक से पीड़ित हेमंत सरकार बेचारी बनी हुई है। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि हेमंत सरकार ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे नहीं तो हिंदू समाज सड़क पर उतर गया तो झारखंड का राजनीतिक और भौगालिक नक्शा ही बदल देगा।

## राजधानी में पुलिस का फ्लैग मार्च, मंदिर में तोड़फोड़ की वजह से तनाव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी में माहौल को खराब करने की लगातार कोशिश की जा रही है। ऐसे में पुलिस एक तरफ जहां सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है, वहीं दूसरी ओर तनाव वाले इलाके में फ्लैग मार्च कर लोगों के बीच यह संदेश दे रही है कि राजधानी में सब कुछ ठीक है और पुलिस हर जगह मुस्तैद है। रांची के मेन रोड इलाके में स्थित हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ के बाद मामले को तूल देने की पूरी कोशिश की जा रही है। एक तरफ जहां पुलिस मामले को संभालने में लगी है, वहीं तरफ कुछ लोग हनुमान प्रतिमा को विखंडित किये जाने के मामले को लेकर लगातार विरोध कर रहे हैं। ऐसे में रांची के मेन



रोड इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही मेन रोड में पुलिस बल को तैनात कर दिया था ताकि उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों के बीच यह संदेश जाये कि पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को दी चेतावनी

**दरअसल,** मेन रोड के मल्लाह टोली स्थित एक हनुमान मंदिर में एक युवक के द्वारा प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को भी धर दबोचा। जानकारी मिली है कि प्रतिमा खंडित करनेवाला युवक मानसिक रूप से बीमार है। लेकिन इसके बावजूद राजधानी के माहौल को खराब करने की कोशिश की जा रही है, यही वजह है कि पुलिस ने फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को यह चेतावनी दी है कि वह राजधानी के माहौल को खराब करने की कोशिश ना करें वरना उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

इसके लिये मेन रोड इलाके में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च भी किया गया।

**तीन थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च :** रांची के मेन रोड इलाके में पड़नेवाले तीन थाने हिंदपीढ़ी, कोतवाली और लोअर बाजार बेहद सेंसिटिव माने जाते हैं। 10 जून को हुई हिंसा में भी यह क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ था। इसे देखते हुए बुधवार को रांची एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर सुजाता चौक तक पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।


।। श्री हरि ।।

**शोक संदेश**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी बजाज का गोलोक वास दिनांक 28/09/2022 शाम को हो गया है। अंतिम यात्रा हमारे निवास स्थान बड़ा लाल स्ट्रीट से दिनांक 29/09/2022 को 2:30 बजे मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**शोकाकुल परिवार**

रामकरण बजाज (पति), रामनिरंजन बजाज, राजकुमार बजाज (देवर), सुरेश बजाज, दिलीप बजाज, आलोक बजाज (भतीजा), प्रदीप बजाज (पुत्र) एवं समस्त बजाज परिवार।

निवेदक : -
जेठमल सतनारायण
9709087484
7209612766

## न्यूज गैलरी

### विस्थापित आंदोलनकारियों को ट्रैक्टर से मारने का प्रयास : दीपक प्रकाश



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि चांडिल डैम के विस्थापित अनशनकारियों को प्रोजेक्ट के ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपना होशो हवास खो चुकी है। इसलिए सरकार में अप्रत्याशित घटनाएं घट रही है। चांडिल डैम के विस्थापित राहत और पुनर्वास को लेकर डैम साइड में 8 दिनों से लगातार अनशन पर बैठे थे। परंतु आज की घटना ने राज्य सरकार की मंशा को उजागर कर दिया। सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों का दमन करने में विश्वास करती है। आंदोलन और आंदोलनकारी दोनो को कुचलने में विश्वास करती है। दीपक प्रकाश ने कहा कि इसके पूर्व गो तस्करों ने महिला दरोगा संध्या टोपनो की हत्या कर दी। बालू माफिया के द्वारा पदाधिकारी को कुचलने की कोशिश की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार जनविरोधी ही नहीं निरंकुश भी है। दीपक प्रकाश ने कहा कि अविलंब ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज हो। साथ ही अनशनकारियों से वार्ता कर उनकी समस्या का अविलंब समाधान हो।

### अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों मलखंब खिलाड़ी हुए सम्मानित

रांची । बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा एवं भारत के 75 वां अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत धुर्वा स्थित बांगीय सांस्कृतिक उच्च विद्यालय में देश के प्राचीन खेल मलखंभ के खिलाड़ियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत अटल बिहारी वाजपेयी खेल सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड के सैंकड़ों बालक/ बालिका मलखंभ खिलाड़ियों को अटल बिहारी वाजपेयी खेल सम्मान का प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बीएयू में प्रयोगशालाओं के एक्रीडिटेशन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# केन्द्रों व प्रयोगशालाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य क्षमता के साथ काम करना होगा : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय गुणवत्ता परिषद की अंगीभूत इकाई नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज (एनएबीएल), गुरुग्राम द्वारा बुधवार को प्रयोगशालाओं के एक्रीडिटेशन की जरूरत, महत्व, फायदे, प्रक्रिया एवं स्कोप विषय पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बीएयू के कृषक भवन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने विभिन्न प्रयोगशालाओं की देखरेख कर रहे वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे एक्रीडिटेशन की पात्रता और प्रक्रिया को गंभीरता से समझें ताकि आने वाले समय में बीएयू के प्रयोगशालाओं का एक्रीडिटेशन कराया जा सके। इससे बीएयू के उत्पादों, सेवाओं, तकनीकों, जांच रिपोर्ट और अनुशंसाओं की विश्वसनीयता और मांग बढ़ेगी तथा कोई विवाद पैदा होने की स्थिति में कानूनी कवच भी प्राप्त होगा। आज के दौर में जब समाज में नैतिक क्षरण और मिलावट बढ़ रहा है तथा ईमानदारी में कमी आ रही है, एक्रीडिटेशन से अपनी गतिविधियों के प्रति आत्मविश्वास बढ़ेगा। एनएबीएल की निदेशक मल्लिका गोप ने कहा कि अपनी फोकस्ड व्यापार-उद्योग नीतियों द्वारा भारत सरकार ने घरेलू व्यापार में गुणवत्ता जागरूकता बढ़ाई है और निर्यात के लिए अधिक विश्वास पैदा किया है। इसलिए जांच केन्द्रों और प्रयोगशालाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य क्षमता के साथ काम करना होगा। प्रयोगशाला एक्रीडिटेशन एक तरह से तृतीय पक्ष द्वारा प्रयोगशाला की दक्षता, निष्पक्षता और सतत कार्य प्रणाली का प्रमाणीकरण है। इस प्रक्रिया द्वारा एक प्राधिकृत निकाय द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए तृतीय पक्ष के आकलन पर आधारित जांच और माप की तकनीकी दक्षता को मान्यता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि एनएबीएल निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आवेदन करने वाली विभिन्न जैविक, रासायनिक, थर्मल, मेडिकल, इलेक्ट्रिकल, रेडियोलॉजिकल और फॉरेंसिक संस्थाओं को मान्यता प्रदान करता है।

## अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 पर कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार की योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण कर सामाजिक न्याय सभा एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित नियम 2016 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कल्याण शाखा द्वारा डॉक्टर रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी में आयोजित कार्यशाला में परियोजना निदेशक आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण पर्यवेक्षक एवं अन्य उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधित नियम 2016 के प्रावधानों की सुक्ष्म जानकारी दी गयी। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा विभिन्न विद्यालयों राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, बरियातु, अनीता इन्टरमीडिएट कॉलेज काँके, अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कमड़े, ओल्ड ऐज होम बिहार समाज कल्याण संस्थान, कुल्लू नगड़ी, अपना घर-उर्सुलाइन कॉनवेन्ट हेसाग, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना बेती कांके मलघोसा हेसातु अनगडा, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के 02 पीड़ित व्यक्तियों पर सामाजिक अंकेक्षण कर सामाजिक न्याय सभा में रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

## हनुमानजी की मूर्ति खंडित करना दुर्भाग्यपूर्ण : राष्ट्रीय सनातन एकता मंच

**रांची।** रांची राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं पवित्रम गो सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची के मेन रोड मल्लाह टोली हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति खंडित करने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने राज्य सरकार से ऐसे अपराधियों पर संप्रदाय माहौल बिगड़ने का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करते हुए कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। दुर्गा पूजा महोत्सव प्रारंभ हो चुका है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए रांची के पंडालों में आते हैं। दुर्गा पूजा के पहले ऐसी घटना शहर की अमन-चैन एवं सौहार्द बिगाड़ने का कार्य असामाजिक तत्वों द्वारा किया जा रहा है। तथा हिंदुओं के धार्मिक आस्था पर ठेस पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। जो कि कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि ऐसे असामाजिक तत्व को अति शीघ्र चिन्हित कर उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। रांची के साथ-साथ झारखंड के सभी पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करते हुए सभी सुविधा मुहैया कराया जाए।

## बहनोई के साथ मिलकर करती थी नशे का कारोबार, जीजा-साली दोनों गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में नशे के कारोबार में महिलाओं की भूमिका लगातार सामने आ रही है। पुलिस की नजरों से बचने के लिए इन दिनों राजधानी में महिला ड्रग पैडलर का इस्तेमाल किया जा रहा है। रांची पुलिस ने बीआईटी इलाके से एक ऐसे ही महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है जो अपने बहनोई के साथ मिलकर राजधानी में ड्रग्स का धंधा किया करती थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला और उसके बहनोई दोनों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नशे के तस्करों के पास से



1.633 ग्राम गांजा और गांजे के 350 पाउच बरामद किया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** नशे के सौदागरों के खिलाफ रांची एसएसपी के द्वारा बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स को ड्रग माफिया के खिलाफ लगातार कामयाबी मिल रही है। इस बार टीम ने सदर डीएसपी के नेतृत्व में रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र के नेवरी में छापेमारी कर महिला तस्कर उर्मिला देवी और उसके बहनोई केसवर हजाम को गिरफ्तार किया है। दोनों मिलकर अपने घर से ही गांजे की तस्करी किया करते थे। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि रांची एसएसपी को यह सूचना मिली थी कि बीआईटी ओपी क्षेत्र में एक महिला के ड्रग्स का कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलने पर इनके द्वारा अचानक उर्मिला देवी के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में पुलिस उर्मिला के घर से 1.633 ग्राम गांजा और गांजे के 350 पाउच बरामद किया।

## बारुडीह-पारमडीह में लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर, 75 लोगों में पाया गया मितियाबिंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**राहे।** प्रखंड के मानिकचंद्र इंटर कॉलेज के परिसर में सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति सदस्य डॉ राजाराम महतो के सौजन्य से निःशुक्ल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन विधिवत रूप से डॉ राजाराम महतो, डॉ नीना महतो, मुखिया श्याम सिंह मुंडा, पूर्व विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, पोखलाल चौधरी, आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लायंस क्लब रांची ओर निरामया अस्पताल के द्वारा मितियाबिंद जांच भी किया गया। 157 लोगों की जांच में 75 लोगों में मितियाबिंद के लक्षण पाये गये। सभी का निःशुक्ल ऑपरेशन 20 अक्टूबर को किया जायेगा। स्वास्थ्य जांच शिविर में सिल्ली ओर सोनाहातू अस्पताल की टीम के साथ सिंगपुर अस्पताल और हंस फाउंडेशन के मोबाइल वैन के द्वारा लोगों की जांच की गई। 200 लोगों की जांच हुई और आवश्यकता अनुसार दवा दिया गया। शिविर में सोनाहातू चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा,सिल्ली चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद्र महली, राहे प्रभारी डॉ अलका गाड़ी के अलावे डॉ डॉ हरीदास महतो, डॉ किरण चौधरी, डॉक्टर कोमल, डॉक्टर विवेक ,डॉक्टर सौरभ, डॉक्टर नम्रता, डॉक्टर शांति, डॉक्टर सुल्तान ,स्वास्थ्यकर्मी राधेश सिंह, आशुतोष सिंह, जितेंद्र प्रसाद, ऋतिक गोराई, के अलावा एएनएम की टीम ने लोगों की जांच किया। शिविर में सिदाम महतो, खुदीराम मुंडा,चिंता चौधरी, प्रवर महतो,प्रकाश महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शारदीय नवरात्रि के सप्तमी के दिन 108 कुंवारी कन्याओं का पूजन करेगा श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एम. आरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिष्ट्) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। संस्था के सदस्यों की एक बैठक आज बुधवार 28 सितंबर को संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड मे हुई और सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ की शारदीय नवरात्रि एव दुर्गा पूजा के अवसर पर संस्था के पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे सप्तमी रविवार 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती एव शारदीय नवरात्रि के सुअवसर पर 108 कुंवारी कन्याओं का पूजन संस्था के द्वारा सामुहिक रूप से समाज के सहयोग से किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने संस्था सदस्यों के सुझाव को सहर्ष ही स्वीकार कर कन्या पूजन के इस महान कार्य को करने की अपनी अनुमति प्रदान की श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम पहली बार हो रहा।सभी 108 कन्याओं को पूजन एव भोजन के पश्चात संस्था के सदस्यों द्वारा उपहार स्वरूप नये वस्त्र, फल ,भेट स्वरूप कुछ राशी दी जायेगी।

## बेड़ो : बदहाल सड़कें, जोखिम में जान, जिम्मेदार बेपरवाह

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 सड़क गड्ढों से भरें हुए हैं।सड़क की स्थिति बदहाल है। इस मुख्य मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे बन गए हैं। जिसमें लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं।इस मुख्य सड़क से दर्जनों गांव के लोगों, स्कूलों व कॉलेज के विद्यार्थियों,अस्पताल मरीजों व डिलीवरी महिलाओं तथा प्रखंड मुख्यालय तक आम लोगों का आवागमन हर दिन होता है। वर्षा होने से जब गड्ढों में पानी भर जाते हैं,राहगीरों को सड़क में बने गड्ढा का पता नहीं चल पाता जिससे आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं।जबकि इस सड़क से जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अधिकारियों का सफर होता हैं पर किसी को भी सड़क में बने गड्ढे मतलब नहीं है।अब सड़क की स्थिति बद से बदतर होती जा रही हैं। लेकिन इन सड़कों की मरम्मत नहीं हो रही है। जिम्मेदारों की यह बेपरवाही अब लोगों के जान पर भारी पड़ रही है।


## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

### आम सूचना

दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा पंडालो के समीप श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। विभिन्न प्रकार की दुकाने पूजा पंडालो के आस–पास लगती है जिनमे अधिकतर खाने पीने की दुकाने होती हैं, जिससे ठोस अपशिष्ट का उत्पादन बढ़ जाता है। जिसे कम करना हर नागरिक का कर्तव्य है। चूंकि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है, अतः इस दुर्गा पूजा के अवसर पर गन्दगी रूपी बुराई से लड़ने का एक प्रयास आम जनता के भागीदारी के साथ सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। पूजा पंडालो की स्वच्छता के मूल्यांकन हेतू निम्न मापदंड जारी किये जाते हैं :–

**दुर्गा पूजा के अवसर पर स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन के मापदंड एवं अधिकतम अंक**

| क्र० स० | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़ा का पृथक्करण (Segregation)। | 10 |
| 2 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़ा का Biodegradable कचड़ा का Pit disposal। | 10 |
| 3 | पूजा पंडाल से निकलने वाले Non-Biodegradable कचड़ा को निकाय को handover करना। | 10 |
| 4 | पूजा पंडाल के आकार के आलोक में पर्याप्त संख्या में स्वयं Dustbin की व्यवस्था। | 10 |
| 5 | पूजा पंडाल में स्वच्छता से सम्बंधित Hording का स्वयं से अधिष्ठापन। | 10 |
| 6 | पूजा पंडाल में Polythene के स्थान पर कागज/जूट या किसी अन्य समाग्री से बने ठोंगा का उपयोग। | 10 |
| 7 | जिला प्रशासन के आदेश का अनुपालन | 20 |
| 8 | पूजा पंडाल द्वारा Miking (SBM) | 10 |
| 9 | निकाय द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा समिति द्वारा मूर्ति का विसर्जन। | 10 |
| | कुल अंक | 100 |

उक्त मापदंड के आलोक में सभी मापदंडों के आधार मूल्यांकन किया जाएगा एवं सभी पूजा पंडालो का रैंकिंग कर प्रतिदिन (यथा सत्तमी से दशमी तक) प्रकाशित किया जाएगा। चारों दिनों के प्राप्तांक का औसत के आधार पर अंतिम स्वच्छता रैंकिंग तैयार कर दिनांक 11.10.2022 को कार्यक्रम आयोजित कर सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पूजा पंडालो को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार एवं 03 पंडालो को सान्तवना पुरुस्कार स्वच्छता प्रमाण पत्र के रूप में दिया जाएगा साथ ही पूजा समिति के अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेशित।

ह०/–
अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, रामगढ़

PR278815 (District)22-23*D

## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

### आम–सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित सैरात संबंधी निविदा के नियम एवं शर्त्त कण्डिका 09 के अनुसार उच्चतम डाकवक्ता को बन्दोबस्ती की राशि का 65% राशि (जमानत राशि सहित) बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से निविदा निस्तार के 03 (तीन) कार्य दिवस के अन्दर एवं शेष 35% राशि जून 2022 तक कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से जमा करना अनिवार्य था, परन्तु दो माह की अवधि गुजर जाने के बावजूद सैरात डाकवक्ताओं के द्वारा अब तक शत–प्रतिशत राशि जमा नहीं किया गया है। उक्त सैरातधारियों को पर्याप्त समय एवं नोटिस निर्गत किया जा चुका है। सैरातधारियों की बकाया राशि की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | सैरात का नाम | बंदोबस्तकर्त्ता का नाम एवं पता | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बड़ा गुदरी, अपर बाजार, लोहरदगा | श्री ज्योति प्रसाद खत्री, पिता – स्व0 सहदेव प्रसाद खत्री, पता – नाई मुहल्ला, थाना रोड, वार्ड न0 18, लोहरदगा। | 441315.00 |
| 2 | पतराटोली स्थिति गुदरी, लोहरदगा | श्री दीपक कुमार महतो, पिता – श्री बैजनाथ महतो, पता – सरनाटोली, वार्ड न0 13, लोहरदगा। | 139222.00 |
| 3 | मुविंग ठेला, लोहरदगा | श्री अफताब आलम, पिता – मो0 हाजी हलीम अंसारी, पता – बंगला रोड, आजाद बस्ती, लोहरदगा। | 261017.00 |
| 4 | बस स्टैण्ड, लोहरदगा | श्री रेयाजुल अंसारी, पिता – सफुज अंसारी, पता – राहत नगर, वार्ड नं0 11, लोहरदगा। | 1720000.00 |

उपरोक्त बंदोबस्तकर्त्ता को समाचार पत्र के माध्यम से अंतिम नोटिस निर्गत किया जाता है कि आवंटित सैरात के बकाया राशि का भुगतान 03 (तीन) दिनों के अन्दर डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय होगा समर्पित करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बाध्य होकर आपके द्वारा जमा की गई राशि जप्त करते हुए भविष्य में आपको निकाय के किसी भी सैरात संबंधी डाक में बैठने हेतु कालीकृत कर दिया जायेगा। साथ ही निकाय के राजस्व स्त्रोत को देखते हुए किसी अन्य इच्छुक व्यक्ति को उक्त सैरात की बन्दोबस्ती कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

इसे सख्त ताकीद जाने।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 278826 Lohardaga(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

### अधिघोषणा
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

"कुल्ही मोड़ (करमटोली–ओरमांझी पथ एम०डी०आर० 016 पर) चापावार औद्योगिक क्षेत्र तक पथ (कुल लम्बाई–0.850 कि०मी०) के पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **"कुल्ही मोड़ (करमटोली–ओरमांझी पथ एम०डी०आर० 016 पर) चापावार औद्योगिक क्षेत्र तक पथ (कुल लम्बाई–0.850 कि०मी०) के पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना"** हेतु मौजा–कुल्ही, बरवे एवं चापावार, थाना न॰ क्रमशः–11, 25 एवं 24, अंचल–ओरमांझी, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा क्रमशः–**0.06, 1.795, 0.405** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा क्रमशः–**0.06, 1.795, 0.405** एकड़ है, जो ग्राम–कुल्ही, बरवे एवं चापावार, थाना न॰ क्रमशः–11, 25 एवं 24, अंचल–ओरमांझी, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

**मौजा–कुल्ही**

| खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 97 | 964 | काएमी | टाड।। | 0.06 | लुला कुरमी वल्द टुनु कुरमी वो अहलाद कुरमी, पिता–लुन्हा कुरमी वो नागेश्वर महतो, पिता–कैलास महतो | 964 | सड़क | सिमान | 963 |
| | | | कुल | 0.06 | | | | | |

**मौजा–बरवे**

| खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | 7 | काएमी | टाड।। | 0.01 | मंगरा उरांव वो जगना उरांव, पेशरान बुधुवा उरांव व सुकरमणि देवी, पति–स्व0 विदेशिया टोप्पो | 6 | 8 | 12 | सिमाना कुल्ही |
| 54 | 8 | काएमी | टाड।। | 0.01 | झुबला मुण्डा वो रोधना मुण्डा पेशरान बुदा मुण्डा | 7 | 9 | 12 | सिमाना कुल्ही |
| 54 | 9 | काएमी | टाड।। | 0.03 | झुबला मुण्डा वो रोधना मुण्डा पेशरान बुदा मुण्डा | 8 | 10 | 12 | सिमाना कुल्ही |
| 28 | 10 | काएमी | टाड।। | 0.075 | समा मुण्डा वो ढशना मुण्डा पेशरान सोमरा मुण्डा वो करमा मुण्डा | 9 | 11 | 12 | सिमाना कुल्ही |
| 59 | 14 | काएमी | टाड।। | 0.035 | दुखना महतो वल्द पुजन महतो, कईला कुरमी, पिता–ढिड़हु महतो | 13 | 17 | 43 | 12 |
| 3 | 19 | काएमी | टाड।। | 0.01 | शेख रजली वल्द शेख दलु | 18 | 26 | 20 | 12 |
| 162 | 26 | काएमी | टाड।। | 0.02 | शेख रजली वल्द शेख दलु वो शेख रूली वल्द शेख वील्द | 19 | 28 | 24 | 12 |
| 54 | 28 | काएमी | टाड।। | 0.02 | झुबला मुण्डा वो रोधना मुण्डा, पे0 बुदा मुण्डा | 26 | 29 | 27 | 11 |
| 28 | 29 | काएमी | दोन–। ।। | 0.01 | समा मुण्डा वो दशना मुण्डा, पे0 सोमरा मुण्डा वो करमा मुण्डा | 11 | 30 | 31 | 30 |
| 28 | 30 | काएमी | टाड।। | 0.045 | समा मुण्डा वो दशना मुण्डा, पे0 सोमरा मुण्डा वो करमा मुण्डा | 11 | सड़क | 29 | रास्ता |
| | | | कुल | 0.265 | | | | | |

**मौजा–चापावार**

| खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | 808 | काएमी | टाड।। | 0.14 | ललका कुरमी वल्द कदुआ कुरमी वल्द चैतन कुरमी वगैरह, लंगड़ा कुरमी वगैरह वल्द कन्दू कुरमी | 809 | नाला | 1003 | 809 |
| 56 | 809 | काएमी | टाड।। | 0.02 | ललका कुरमी वल्द कदुआ कुरमी वल्द चैतन कुरमी वगैरह, लंगड़ा कुरमी वगैरह वल्द कन्दू कुरमी | 810 | 808 | 1003 | 1003 |
| 56 | 810 | काएमी | टाड।। | 0.02 | ललका कुरमी वल्द कदुआ कुरमी वल्द चैतन कुरमी वगैरह, लंगड़ा कुरमी वगैरह वल्द कन्दू कुरमी | 1003 | 809 | 1003 | 1003 |
| 64 | 811 | काएमी | परती कदीम | 0.03 | वाजीशाह वल्द सैयद शमद शाह वगैरह वो रामवृत महतो वगैरह, पिता–झिरगा महतो | 804 | 1003 | रास्ता | 811 भाग |
| 31 | 943 | काएमी | टाड।। | 0.015 | डोमन मुण्डा वल्द अहमद मुण्डा शहीनव जोसन मुण्डा वल्द कोएमा मुण्डा वगैरह वो खुद्दु मुण्डा वगैरह, पिता–बुधु मुण्डा | 942 | 1003 | 944 | रास्ता |
| | | | कुल | 0.225 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नव0त् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 278808 Land Reforms(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### प्रख्यात चित्रकार की दूसरी पुण्यतिथि पर वस्त्र का वितरण



रांची। रांची के प्रख्यात चित्रकार स्वर्गीय धीरेन्द्र नारायण सिन्हा को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस मौके पर बुधवार को डीएनएस फाउंडेशन की ओर से मानसिक रुप से अस्वस्थ महिलाओं के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा ने कहा कि ईमानदारी से कमाया गया धन ही दान करने योग्य होता है। अन्यथा इसका उचित फल नहीं मिल पाता। चित्रकार धीरेन्द्र नारायण सिन्हा जीवनपर्यंत समाज के वंचित लोगों की मदद करते रहे थे, जिसे डीएनएन फाउंडेशन आगे बढ़ा रहा है। मौके पर फाउंडेशन की श्वेता सिन्हा भी मौजूद थीं।

### शिक्षक हत्याकांड मामले में दो शूटर गिरफ्तार

रांची। शिक्षक शिवप्रसाद हत्याकांड मामले में पुलिस ने चार साल बाद हत्या में शामिल दो शूटर को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है की 7 जुलाई 2018 लालपुर थाना क्षेत्र के होटल आर्या के पास गुरुनानक स्कूल के शिक्षक शिव प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय से ही इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने में लगी थी और अनुसंधान अनवरत चल रहा था। रांची एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या की घटना में शामिल दो शूटर को गिरफ्तार किया है।दोनों शूटर से पुलिस पूछताछ कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी।

### अमर शहीद भगत सिंह को नमन

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी व माँ भारती के वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया ।उन्होने कहा कि राष्ट्र की स्वाधीनता हेतु उनका बलिदान सदैव सबको देश के प्रति प्रेम और त्याग करने की प्रेरणा देता रहेगा।

### गोस्सनर कॉलेज के विद्यार्थियों ने दूरदर्शन केंद्र का भ्रमण किया

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन विभाग के 20 विद्यार्थियों का दल बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण पर रांची दूरदर्शन केंद्र गया। दल का नेतृत्व प्रो मीना सिन्हा और महिमा गोल्डेन बिलुंग ने किया। भ्रमण में दूरदर्शन के स्टूडियो, पावर सप्लाई रूम, संपादन कक्ष सहित अन्य विभागों को भी विद्यार्थियों ने देखा और उनके कार्यों को जाना। स्टूडियो में लाइव, टेलीप्रॉम्टर, लाइट्स, प्रोफेशनल कैमरा, क्रोमा स्क्रीन आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इंजीनियरिंग असिस्टेंट विमलेंदु पाठक ने तकनीकी विभाग की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि न्यूज एंकर को एंकरिंग के दौरान स्क्रिप्ट व तकनीक की जानकारी होना चाहिए, साथ ही प्रस्तुतिकरण का भी खास ध्यान रखना चाहिए। संपादक अनुज कुमार ने संपादन की तकनीक, ध्यान देने योग्य बातों, साउंड व वीडियो का सही सामंजस्य, इफेक्ट्स आदि की जानकारी दी। प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव गोविंद झा ने दूरदर्शन के लिए समाचार लिखने के तरीके, स्रोत, शब्दों का चयन, प्रस्तुतिकरण आदि की जानकारी दी। वहीं, प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव अमित कुमार ने युवाओं के लिए प्रसारित होनेवाले विशेष कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की भागीदारी के बारे में बतलाया।

### बीआईटी मेसरा में पहली बार जनजातीय ड्रेस कोड में डिग्री लेंगे विद्यार्थी

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा का 32वां दीक्षांत समारोह नवंबर में प्रस्तावित है। इसमें 2022 में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। विशेष यह है कि समारोह में अब तक चला आ रहा ड्रेस कोड गाउन नजर नहीं आएगा, बल्कि झारखंड की संस्कृति के वाहक के रूप में जनजातीय ड्रेस कोड में विद्यार्थी डिग्री लेंगे। डिग्री व पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का जो ड्रेस कोड तय किया गया है, उसमें झारखंड की संस्कृति देखेगी। कुड़ुख पैटर्न की बंडी और बैज में विद्यार्थी डिग्री प्राप्त करेंगे। राज्य में इस तरह की पहल करने वाला बीआईटी मेसरा पहला संस्थान होगा। रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड भारतीय है, लेकिन इसमें जनजातीय शिल्प या परिधान शामिल नहीं है। बीआईटी मेसरा के 32वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी की करीब 1600 डिग्रियां बंटेंगी। संस्थान में इंजीनियरिंग के अलावा एमबीए, होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

---

लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक संपन्न

# झारखंड मछली का बड़ा बाजार बने, इस दिशा में करें काम : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा के अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। बुधवार की बैठक में मत्स्य पालन से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई इस बैठक में राज्य लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। उपरोक्त बैठक में यह बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत झारखण्ड में इस बार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 83 करोड़ के परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। जबकि इसके पूर्व के दो वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 में 225 करोड़ की परियोजना को स्वीकृत प्रदान की गई थी। इस बैठक में देशभर में मत्स्य पालन को लेकर चल रही परियोजनाओं पर चर्चा हुई और उसे और बेहतर तरीके से लागू करने अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने पर बात हुई। इस दौरान अपनी बात रखते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि मत्स्य पालकों के बीच लारवा का वितरण, बेहतर प्रशिक्षण और उनका बीमा सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि मत्स्य पालक और बेहतर तरीके से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की राजधानी रांची मछली का बड़ा बाजार है, इसे और बेहतर करने के लिए व्यापक योजना बने ताकि इस क्षेत्र में रुचि रखने वालों को बेहतर बाजार और अवसर उपलब्ध हो सके। सांसद ने बैठक में कहा की वर्तमान समय में आंध्र प्रदेश से व्यापक पैमाने पर मछलियां झारखंड आती है। 5-7 दिनों की बासी मछली भी यहां बिकती है। झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां कई छोटे-छोटे पोखर और तालाब है, एक वृहद योजना बनाकर इन तालाबों में मत्स्य पालन किया जाए। इस दिशा में काम करना चाहिए। रांची लोकसभा क्षेत्र मछली का एक बड़ा बाजार बन सकता है क्योंकि यहां कई ऐसे झरने और अन्य पर्यटन स्थल हैं, जो जलाशयों से भरे पड़े हैं। इन जलाशयों का उपयोग पर्यटन के साथ-साथ मत्स्य पालन की दृष्टि से भी किया जाए। इस दिशा में बड़ी योजना बनानी चाहिए। बैठक के उपरांत सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार जितनी गंभीरता से अपनी परियोजनाओं को लागू करती है, उतनी ही गंभीरता राज्य सरकार को भी बरतनी चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों और नागरिकों को मिल सके। राज्य सरकार थोड़ी गंभीरता दिखाए तो भारत सरकार दोनों हाथ खोलकर परियोजनाओं के लिए राशि देने को तैयार है। इस बैठक में प्रमुख रूप से मत्स्य पालन के सचिव श्री जतिंद्रनाथ स्वाइन, संयुक्त सचिव श्री सागर मेहरा, सदस्य सचिव श्री वी. कृपा, मत्स्य पालन के संयुक्त आयुक्त श्री शंकर, उप सचिव राकेश कुमार, सुशील कुमार झा सहित कई अधिकारी शामिल रहे।




> झारखण्ड की राजधानी रांची मछली का बड़ा बाजार है, इसे और बेहतर करने के लिए व्यापक योजना बने ताकि इस क्षेत्र में रुचि रखने वालों को बेहतर बाजार और अवसर उपलब्ध हो सके।

### डोर टू डोर केवाईसी के लिए जारी टेंडर जेबीवीएनएल ने किया रद्द

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम ने डोर टू डोर केवाईसी के लिए जारी टेंडर को रद्द कर दिया है। टेंडर के अनुसार निगम की ओर से एजेंसियों का चयन किया जाना था। इसके लिये जुलाई में टेंडर जारी किया गया था। वहीं, दो महीने बाद इसकी अधिसूचना जारी की गयी कि टेंडर रद्द कर दिया गया है। हालांकि जेबीवीएनएल प्रबंधन ने टेंडर रद्द करने का अपरिहार्य कारण बताया है। वहीं, जानकारी दी है कि जल्द नया टेंडर जारी किया जायेगा। टेंडर साल 2022-23 के लिये निकाला गया था। जेबीवीएनएल के पास राज्यभर में करीब 50 लाख कस्टमर हैं। केवाईसी के जरिये निगम के पास अपने कस्टमरों से जुड़ी कई बुनियादी जानकारी उपलब्ध रहेगी। जारी टेंडर के मुताबिक मोबाइल सॉफ्टवेयर के जरिये अलग-अलग जोन में काम कराये जाने के लिये निगम को एजेंसी की जरूरत है।

## द्वारिका हॉस्पिटल के नये भवन का सीपी सिंह ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को द्वारिका हॉस्पिटल के नए भवन का सीपी सिंह ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन किया। इस मौके पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस.के.निराला एवं मेजर सीमा निराला ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत करते हुए कहा, ओ.पी.डी.एंड डे केयर यूनिट से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आम जनता को काफी लाभ मिलेगा। यहां 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि रांची के लोकप्रिय विधायक सी.पी.सिंह, विशिष्ट अतिथि झारखंड रत्न डॉ. राजेंद्र कुमार हाजरा, जसलोक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. जितेंद्र सिन्हा, छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो महासंघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी, थाना प्रभारी टाटीसिल्वे एवं थाना स्टाफ, पूर्व जिला परिषद नामकुम फुल कुमारी देवी, उपप्रमुख नामकुम प्रखंड वीणा देवी, पूर्व मुखिया बड़ाम अंजू कुजूर, समाजसेवी राजदेव यादव, उषा मार्टिन पर्सनल ऑफिसर, लालगंज मुखिया अनिल लिंडा, समाजसेवी संजीव गुप्ता, डॉ. एंटोनी किस्कू, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ.पी.आर. बाखला, डॉ.उमर, डॉ.एन.पी. सिन्हा, डॉ. अत्री गंगोपाध्याय, डॉ. संजय कुमार, आजसू नेता विष्णु कुमार महतो, रामनाथ शर्मा, देवेश कुमार सिंह, शैलेश सिंह, सुबोध तिवारी सहित काफी संख्या में गण्यमान अतिथिगण मौजूद थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से श्रीकांत कुमार, मगदली भेंगरा, रोशनी लाकड़ा सुलेखा टूटी, सुषमा कुमारी, प्रमिला कुमारी एवं अस्पताल के कर्मचारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



महावीर मंडल के अध्यक्ष ने वरीय पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

## पूजा के पूर्व रांची का माहौल खराब करने का प्रयास तो नहीं : संजय पोद्दार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरण्डा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा ने मल्लाह टोली स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति खंडित करने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है समिति के अध्यक्ष संजयपोद्दार ने के संबंध में रांची के एसएससी कौशल किशोर से मुलाकात कर ऐसे अपराधियों पर संप्रदाय माहौल खराब करने का मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की । कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू हो गया है 1 अक्टूबर से सभी पंडालों के पट खुल जाएंगे। लाखों की संख्या में मां के भक्त माता के दर्शन को रांची आते हैं पूजा के पूर्व इस तरह की घटना जांच का विषय है ।आखिर पूजा के पूर्व कौन ऐसे तत्व हैं जो माहौल खराब करना चाहते हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर उस पर कार्रवाई हो। साथ ही डोरण्डा क्षेत्र के पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाय और डोरण्डा के सभी मंदिरों में पूजा तक पुलिस बल तैनात हो और इस पूरे घटना क्रम की जांच सुनिश्चित हो । रांची के एसएसपी ने आश्वस्त किया कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं होगी साथ ही दोषियों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा जो सद्भावना और यहां के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा कि भय मुफ्त होकर वह दुर्गा पूजा करें।




## वक्फ बोर्ड कानून को तत्काल निरस्त करे केंद्र सरकार : स्वामी सीताराम शरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण ने केंद्र सरकार से इस्लामिक वक्फ बोर्ड कानून को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी इस्लामिक देश में वक्फ बोर्ड नाम की कोई संस्था नहीं है। ये सिर्फ भारत में ही क्यों जबकि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है। स्वामी सीताराम शरण ने कहा कि 1954 के वक्फ एक्ट में वीपी सिंह की कांग्रेस सरकार ने 1995 में संशोधन कर असीमित शक्तियां प्रदान की है, तब से इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू, जैन, बौध, सिख और गैर इस्लामिक समुदायों के पास सरकार या वक्फ बोर्ड द्वारा अपनी संपत्ति को कब्जा होने से बचाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। इसलिए ये प्रावधान अन्य धर्मों के साथ भेदभाव करनेवाले हैं जो कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में दिये गए समानता के अधिकार का उल्लंघन है। अर्थात सभी ट्रस्ट और चैरिटी के लिए एक समान कानून बनाया जाना चाहिए। वक्फ बोर्ड का दुरुपयोग कर बड़े ही पैमाने में घोटाले किए जा रहे हैं। चाहे दिल्ली वक्फ बोर्ड के घोटाले की बात करें जिसके तहत आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी हुई। वहीं, दूसरी ओर तमिलनाडु के एक हिंदू बहुल गांव की करीब 90 प्रतिशत जमीन वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दिया गया, जिसमें 1500 साल पुराना एक मंदिर भी है। वक्फ बोर्ड की ऐसी ही विवादित गतिविधियां और उसे मिले विशेष अधिकारों को गैर संवैधानिक बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। स्वामी जी ने कहा कि सिर्फ 13 वर्ष में वक्फ बोर्ड की संपत्ति दोगुनी हो गई। भारतीय सेना और रेलवे के जमीन के बाद सबसे अधिक जमीन इस्लामिक वक्फ बोर्ड के पास है। देश के सभी वक्फ बोर्डों के पास कुल मिलाकर 8 लाख 54 हजार 509 संपत्तियां है, जो लगभग 8 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन पर फैलीं हैं।




PR No. 278797 (Health Med Edu and Family Welfare) 2022-23

# विश्व हृदय दिवस

29 सितम्बर 2022



हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## हर हृदय के लिए हृदय का प्रयोग करें

( USE HEART FOR EVERY HEART )




आपके दिल की धड़कन ही कराती जीवन का एहसास, फिर क्यों न करें इसकी समुचित देखभाल।

**क्या करें**

- नियमित व्यायम एवं ध्यान करें।
- संतुलित पौष्टिक आहार लें।
- समुचित आराम करें।

**क्या ना करें**

- अनियमित एवं अनियंत्रित खान–पान।
- वसायुक्त भोजन/जंक फुड का सेवन।
- धूम्रपान, तम्बाकू एवं शराब का सेवन।

ध्यान दें– आप अपने हृदय की जाँच नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित रूप से कराते रहें।

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर–14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

www.jrhms.jharkhand.gov | nhmjharkhand | HLTH_JHARKHAND | Health Jharkhand | nrhmjharkhand3@gmail.com


कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने बाल विवाह रोकने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं का किया सम्मेलन

# बाल विवाह सामाजिक बुराई, बच्चों के प्रति गंभीर अपराध के रूप में लें : ओमप्रकाश पाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खनिज संपदा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड राज्य की गिनती देश के पिछड़ों राज्यों में होती है। राज्य एक लंबे समय से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दंश से पीड़ित है। भारत सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 3,58,064 लोगों का बाल विवाह हुआ है, जो कि पूरे देश के बाल विवाह का तीन प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में देशभर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा यहां आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जुटी स्वयंसेवी संस्थाओं ने झारखंड की इस स्थिति पर चिंता जाहिर की और सरकार से अपील की कि बाल विवाह रोकने के लिए कानून का सख्ती से पालन करवाया जाए ताकि अपराधियों के मन में खौफ पैदा हो और बाल विवाह की सामाजिक बुराई को खत्म किया जा सके। इस संबंध में केएससीएफ ने रांची के प्रेस क्लब में एक सम्मेलन आयोजित किया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक ओमप्रकाश पाल ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई है और इसे बच्चों के प्रति सबसे गंभीर अपराध के रूप में ही लिया जाना चाहिए। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को खत्म कर देता है। इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, उनका संगठन कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में सरकार, सुरक्षा एजेंसियों एवं नागरिक संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि प्रदेश को बाल विवाह मुक्त किया जा सके। झारखंड बालश्रम आयोग की पूर्व अध्यक्ष शांति किंडो ने कहा कि बाल श्रम हो या बाल विवाह इसी रोकने के लिए समाज में जागरूकता व शिक्षा की आवश्यकता है।



## न्यूज गैलरी

### कोलेबिरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को पकड़ कर भेजा जेल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अतंर्गत बरसलोया गांव के कठर टोली से विगत कुछ दिन पूर्व मोटरसाइकिल चोरी की घटना हुई थी जिसका कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था जिसे कोलेबिरा पुलिस ने संज्ञान लेते हुए लोहरदगा जिला के देवधरिया किस्को निवासी नवीन टोपनो उम्र 22 वर्ष पिता जोसेफ टोपनो को गिरफ्तार कर लिया। नवीन टोपनो के पास से चोरी की बाइक बरामद किया गया। कुछ दिन पहले उसने बानो थाना क्षेत्र से वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने की बात भी बताई। वहीं कोलेबिरा थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने बताया की कुछ दिन पहले कोलेबिरा के बरसलोया पंचायत के सिजांग कठर टोली निवासी महावीर सिंह उम्र 42 वर्ष पिता स्वर्गीय पुक्ला सिंह का मोटरसाइकिल स्पेलंडर प्लस अपने घर के बाउंड्री के अंदर से चोरी हो गई थी। कोलेबिरा पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी मामले को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान जा रहा था। इसी क्रम में बड़केतूंगा रास्ते में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक मोटरसाइकिल सवार युवक भागने लगा तभी उसे कोलेबिरा पुलिस ने पीछा करके पकड़ा जिसके बाद पूछताछ के क्रम में बरसलोया से मोटरसाइकिल चोरी व बानो थाना क्षेत्र से पूर्व में एक मोटरसाइकिल की चोरी की बात को कबूला बानो थाना क्षेत्र से जिस मोटरसाइकिल की चोरी की गई थी। खराब होने पर तोरपा थाना क्षेत्र के एक गैरेज में बेच दिया। वही इस मामले में कोलेबिरा पुलिस कांड संख्या 57/22 धारा 370 भादवी के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया।

### बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में चक्रीय विकास संस्थान ने चलाया गया जागरूकता अभियान

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय के बाजारटांड के पास सूचना एवं जन संपर्क विभाग सिमडेगा के सौजन्य से चक्रीय विकास संस्थान ने चलाया जागरूकता अभियान इस मौके पर गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ्ता पखवाड़ा के तहत दनगद्दी, वनदुर्गा, कैलाश धाम आदि पर्यटक स्थल सहित बाजार एवं घरों के आस-पास सफाई अभियान चलाने, मानव तस्करी से बचने, भूत- प्रेत, डाईन-बिशाही पर विश्वाश नही करते हुए अस्पताल जाकर अपने बीमारी का ईलाज कराने का सलाह दिया गया वहीं यातायात के नियमों को पालन करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, छुआ-छूत, कुस्ट रोग , पेंशन योजना एवं नशा का सेवन नही करने की सलाह दिया गया ।इस मौके पर संस्था के डायरेक्टर सत्यब्रत ठाकुर ने बताया कि बोलबा प्रखण्ड के सभी पंचायतों में स्वच्छ्ता अभियान, डाईन बिशाही, मानव तस्करी, नशाखोरी सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है । इसका लोगों को लाभ उठाना चाहिए । मौके पर टीम लीडर सत्यब्रत ठाकुर के साथ खिलेश्वर सिंह, पुनीत दुबे, दयाल इंदवार, महारथी नायक, गंदुर नायक, सुदामा सिंह, ऐष्वर्या नागेसिया, अर्जुन नायक, सोनू बड़ाईक एवं पीताम्बर दास शामिल थे।

### मांडर में पूजा-पंडालों का पुलिस निरीक्षण ने किया भ्रमण



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत इस वर्ष 07 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। पुलिस निरीक्षक मांडर अंचल संजीव कुमार, अंचलाधिकारी मांडर विजय हेमराज खलखो के साथ मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने सभी स्थानों पर घूम घूम कर पूजा पंडाल का निरीक्षण किया तथा सभी पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बैठक कर सभी को वरीय पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराया ।पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी को अपने ओर से आश्वस्त किया कि वे हर गाईड लाईन का पालन करते हुए श्रद्धा भक्ति एवं आपसी सौहार्द से शांतिपूर्वक सभी आयोजन को अंजाम देंगे।

### रातू बीडीओ व बीपीओ की कार्यशैली से पंचायत प्रतिनिधि नाराज



**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी पंचायत के गुटुवा टोली में बनने वाली आंगनबाड़ी केंद को तारूप पंचायत के उषामातु मौजा में निर्माण कराये जाने को लेकर पंचायत प्रतिनधियों ने बुधवार को डीडीसी को ज्ञापन सौंप जांच की मांग की है। प्रतिनधियो के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद हुरहुरी पंचायत के मौजा गुटुवा टोली खाता नंबर 33 प्लॉट 99 रकबा 3 डिसमिल में बनाया जाना था। परन्तु बीडीओ व बीपीओ ने मनमानी तरीके से ठेकेदार से मिल कर केंद्र का निर्माण उषामातु में करा रही है। इसके लिए न तो ग्राम सभा किया गया और न ही लाभुक समिति बनाया गया है। इसके अलावा जहां आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है वह सुनसान जगह पर है। और पोषक पोषक क्षेत्र से बाहर है। वहाँ एक भी घर नही है। फिर भी नियमो को ताक पर रख कर केंद का निर्माण कार्य कराया जा रहा है मामले को लेकर मुखिया कमल खलखो पंचायत समिति संजु देवी व वॉड सदस्य ने मुखिया संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत के नेतृत्व में डीडीसी को ज्ञापन सौंप जांच कर दोषी लोगो पर कार्रवाई की मांग की है।

### शहीद भगत सिंह की मनी जयंती

**मुरी।** शहीद भगत सिंह चौक बड़ा मुरी में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जिसमें शहीद चौक बड़ा मुरी में सीपीआईएम, डीयूएफआई, तथा एसएफआई की और से शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सिल्ली मुरी लोकल कमिटी के सचिव कामरेड अमर महली झंडा उत्तोलन कर तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए एवं उन्होंने कहा आज देश की जो परिस्थिति केंद्र सरकार ने बना दी है उसे देख भगत सिंह को पुन: इस देश में जन्म लेना होगा और देश को उसी स्थिति में लाना होगा जहां वीर सपूत हमारे बलिदान दे चुके हैं। इस मौके पर पुष्प अर्पित करने वाले में संतोष कुम्हार, सदानंद सोनार, जितेन्द्र महतो, अरुण महतो, दीपक सोनार, चितरंजन महतो, ऊत्क्र्रके निखिल सोनार कुमार गौतम, शशि शंकर, सनूप आस आदि मौजूद रहे।

---

### बेनागोड़ीया पंचायत में पोषण माह पर आयोजित कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन, कहा

# शरीर की ऊर्जा के लिए संतुलित आहार लेना आवश्यक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा अमृत महोत्सव, हिंदी पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय पोषण माह पर धनबाद के निरसा प्रखंड अंतर्गत बेनागोड़ीया पंचायत में आयोजित मिनी आईसीओपी के मुख्य कार्यक्रम का स्थानीय विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने आज मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीपीओ निरसा श्रीमती आलोका चौधरी, दिगंत पथ पत्रिका के संपादक व समाजसेवी श्री शैलेन्द्र सिंह, शिवाजी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य बी के झा, स्थानीय मुखिया श्रीमती आलोकी मरांडी, निरसा के समाजसेवी श्री मंजीत सिंह, भी शामिल हुए।
अपने संबोधन में विधायक सेनगुप्ता ने



कहा कि पोषण आहार सभी के लिए खासकर युवा एवं किशोरियों के लिए अत्यंत आवश्यक है, स्वस्थ भोजन ही हमारे शरीर का चार्जर है और यह ठीक वैसे ही काम करता है जैसे मोबाइल के लिए चार्जर।
इससे पूर्व विषय प्रवेश कराते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने सभी अतिथियों का इस आयोजन में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया एवं दर्शकों के रूप में मौजूद स्कूली छात्रों तथा ग्रामीणों से कहा कि सरकार पोषण को लेकर हर तरह से प्रयासरत है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना इसका जीवंत उदाहरण है, सम्पूर्ण आहार के लिए हमें स्थानीय साग सब्जी एवं फल नियमित रूप से सेवन करना चाहिए।
सीडीपीओ निरसा ने इस भव्य कार्यक्रम के लिए सूचना प्रसारण मंत्रालय का धन्यवाद दिया ।
वहीं श्री शैलेंद्र सिंह ने कहा कि घर के बड़ों का फर्ज है की वो घर में ही जरूरी साग सब्जी उगाए और खुद से अपने घर वालों को सुपोषित रखने का जुगाड़ करें। समाजसेवी श्री मंजीत सिंह ने बेनागोडिया मैं इस तरह के आयोजन के लिए केंद्रीय संचार विरोध धनबाद का अभिवादन किया तथा कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी होना चाहिए।

#### प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया

प्री पब्लिसिटी कैंपेन के तहत आयोजित हुई निबंध पेंटिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। आज हुए इस कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा भी महती भूमिका अदा की गई एवं उनके प्रयास से स्थानीय सहिया सेविकाओं ने पोषण स्टॉल लगाया जहां पर लोगों को खाद्य वस्तु एवं उनके पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्वस्थ आहार से जुड़े वस्तुओं से रंगोली भी बनाई गई। नवजात शिशु के लिए अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं के लिए गोद भराई, एवं कन्या पूजन की रस्म भी समायोजित की गई। इसमें सभी को पोषक तत्व से जुड़े खाद्य पदार्थ उपहार के रूप में दिए गए। आज संपन्न हुए इस कार्यक्रम का सफलता पूर्वक मंच संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान ने किया। मुख्य आयोजन से पूर्व आज सुबह शिवाजी +2 उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पोषण से जुड़ी जानकारी को प्रदर्शित करते हुए झंडों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं, सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा लॉन्च किये गए आजादी क्वेस्ट ऑनलाइन मोबाइल गेम के बारे में स्कूली बच्चों को विस्तार से बताया गया और उन्हें इसे अपने मोबाइल पर खेलने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर निरसा प्रखंड अस्पताल के डॉ टुडू के नेतृत्व में एक हेल्थ कैंप भी लगा जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा दवाइयां दी गई।

### अस्पताल पहुंचानेवाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए बना एसओपी

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत गुड सेमेरिटन (नेक नागरिक) को प्रदान किये जानेवाले रिवार्ड एवं प्रोत्साहन के लिए नया मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित कर दिया है। नीति को स्वास्थ्य विभाग के पत्र के आलोक में फरवरी 2021 में कैबिनेट की मंजूरी मिली थी। इसके तहत सरकार ने संवेदनशीलता दिखते हुए झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी लागू की। ताकि सड़क हादसे में घायलों की मदद के लिए लोग आगे आयें और किसी के जीवन की रक्षा हो सके। घायलों को अस्पताल पहुंचानेवालों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाना है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन आवर एक घंटा के अंदर अस्पताल पहुंचानेवाले व्यक्तियों को नेक नागरिक मानते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा।

## विद्यालयों में अनिवार्य रूप से स्काउट एंड गाइड का यूनिट गठन करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** छात्रों के जीवन में अनुशासन का काफी महत्व है। छात्र अनुशासन के बदौलत ही देश का अच्छे नागरिक बन सकते हैं । उक्त बातें समाहरणालय सभाकक्ष स्थित भारत स्काउट एवं गाइड की आयोजित बैठक में स्काउट गाईड के सभापति सह डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कही।
श्री कृष्ण ने बैठक में संस्था से जुड़े लोगों एवं जिले के सभी कोटि के प्रधानाध्यापक को कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्काउट गाइड की भूमिका सर्वोपरि है।
विद्यालय प्रधान अपने विद्यालयों में स्काउट गाइड यूनिट का गठन अनिवार्य करें। पुलिस कप्तान आर राम कुमार ने कहां कि स्काउट गाइड बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जगाने के साथ साहसी और विनम्र बनने को प्रेरित करता है। अनुमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार लाल ने कहा कि बच्चों को विद्यालय काल में ही स्काउट और गाइड से जुड़ना चाहिए। डीईओ अपरूपा पाल चौधरी ने भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र सुमन को विद्यालयों से स्कॉउट -गाईड की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया। आगामी योजना के तहत दुर्गा पूजा में वॉलेंटियर के रूप में कार्य करने समेत अन्य प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। इसके पूर्व डीसी, एसपी का स्वागत बुके देकर किया गया। इस दौरान एसडीपीओ जितेंद्र सिंह एवं जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने भी विचार रखा। धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने किया। मौके पर साजेंट मेजर संतोष यादव, विद्यालय प्रधान अरुण राम, फा रंजीत लकडा रमेश साहू, उत्तम मुखर्जी, बी के बालान्जिप्पा ,सिस्टर उसुर्ला कुजु, सिस्टर आश्रिता कडूलना, कांता बड़ा ,मेनका प्रजापति, राखी कुमारी, पूनम कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वदेशी सप्ताह के तहत हो रहा विविध कार्यक्रमों का आयोजन, बोले प्राचार्य

## अपने देश में निर्मित वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में स्वदेशी सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। स्वदेशी सप्ताह 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निर्धारित है। विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी का भाव जगाना और अपने देश में निर्मित वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग कर देश को मजबूत बनाने में योगदान करना है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को स्वदेशी का महत्व विषयक व्याख्यानमाला में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा रसोई चिकित्सालय है। हम



छोटी-छोटी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के लिए तुरंत अंग्रेजी दवाओं का सेवन करते हैं और उन के साइड इफेक्ट से हमारा स्वास्थ्य आगे चलकर बिगड़ता है। इसलिए हमें देसी चिकित्सा की ओर रसोई में उपलब्ध वस्तुओं का सहारा लेना चाहिए। जहां हल्दी जैसा एंटीबायोटिक उपलब्ध है और इसके अलावा लॉन्ग, गोल मिर्च, अजवाइन जैसी अचूक औषधियां भी हैं। उन्होंने स्वास्थ्य के तीन स्तंभों बताते हुए कहा कि आहार, निद्रा और ब्रम्हचर्य महत्वपूर्ण है। इसके पूर्व प्रवीण भारती और जिला पतंजलि योग समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह तथा महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर 1 दिन पूर्व संपन्न कराए गए निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय देसी खानपान से लाभ था। प्रतियोगिता में रोशनी उरांव, अनीमा लकड़ा और रीना कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायको में कविता कुमारी और चेतना प्रिया शामिल थी।

**देसी खाद के गुर सीखे :** स्वदेशी सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने 1 दिन पूर्व शारदा नगर स्थित केंचुआ खाद उत्पादन केंद्र में जाकर देसी खाद बनाने के गुर सीखे और देसी खाद के फायदों से भी अवगत हुए। यहां केंद्र के संचालक दिनेश चंद्र ने सभी विद्यार्थियों को केंचुआ खाद उत्पादन और देसी खाद से लाभ पर विस्तार से जानकारी दी।

## लोहरदगा में आयोजित भक्ति जागरण के सागर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नवरात्र के दूसरे दिन शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर परिवार के द्वारा महाआरती एवं भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु रात भर जगराता का आनंद लिए। कार्यक्रम की शुरूआत सबसे पहले प्रवीण तमेडा. और मंदिर परिवार के सदस्यों के द्वारा महाआरती कर किया गया।मंदिर परिवार के सदस्यों के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया। तत्पश्चात अतिथि ओम सिंह, दिनेश अग्रवाल, मोहन दुबे, रमेश साहू, इंद्रजित लकड़ा, अजय पंकज, रोहित साहू, संतोष उरांव ने द्विप प्रज्ज्वलित किया। बाहर से आए भगवती जागरण मंडली के सभी कलाकारों का स्वागत मंदिर परिवार के सदस्यों के द्वारा किया



गया। रात भर चले इस जागरण में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति कलाकारों के द्वारा दी गई। जिसमें अखिलेश वर्मा ने हर हर शंभू, स्वीटि राज और सविता साहु ने छठी मैया के गीत, माता रानी, पवनसुत हनुमान और देशभक्ति गीत गाए जिसपर बच्चे, युवक, किशोर महिलाएं, बुजुर्ग सभी को झूम झूम कर नाचने पर मजबूर कर दिया और माहौल को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। मंदिर के पुरोहित पंकज मिश्रा ने पंडा कराय रहो पूजा गाने पर मोहक नृत्य कर सभी को मुग्ध कर दिया। गायक धनेश ने भी भजन गाए। मंच संचालन लखन लाल मांझी ने किया। कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने में मंदिर परिवार के सभी सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया। जागरण में राजेंद्र खत्री, ओम सिंह, मोहन दुबे, इंद्रजीत लकड़ा, दिनेश अग्रवाल, अजय पंकज, सूरज अग्रवाल, सुमित राय, राजेश अग्रवाल , जयप्रकाश शर्मा, नीरज साहू, निकुंज साहू , आशीष गुप्ता, अमित साहू, स्वदेश खत्री ,निशु, अनुपम, बसंत साहू, राजन, गौरव, अभिषेक, मृणाल, अभिषेक किसलय, राशू, छोटू, अजय सोनी, प्रवीण तमेडा, पंकज मिश्र, प्रहलाद केसरी, निलेश गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में शारदीय नवरात्र तक चलेगा रामचरित्र मानस का पाठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** दुर्गोत्सव के अवसर पर आयोजित बेड़ो महादानी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां भगवती के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना की गई। जहां परिसर में नौ दिवसीय चल रहे राम चरित्र मानस पाठ में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वही डा रमेश प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में एकल अभियान के तहत श्री हरि सत्संग समिति झारखंड प्रदेश के गीता कुमारी,सुमित्रा गोप,सोनी कुमारी,सुमति बिरवा,सावित्री सोय, कामेश्वर सिंह,हरिलाल तुरी व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरित्र मानस पाठ का किया जा रहा है। जहां राम चरित्र मानस नवाह्न पाठ को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में लोग जुट रहे हैं। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर में कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। संध्या में माता का आरती का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### शहर में मनमोहक और दिलकश पंडालों का दिख रहा आकर्षण

**रांची।** कोरोना संक्रमण की वजह दो साल बाद राजधानी रांची में दुगार्पूजा की भव्यता दिखनी शुरू हो गई है। हालांकि, बीते दो वर्षों में पूजा के दौरान श्रद्धा व आस्था की गंगा बही, लेकिन रौनक की कमी रही थी। इस वर्ष शहर में जगह-जगह बन रहे भव्य पंडाल से जाहिर हो रहा है कि इस पुरानी रौनक लौटेगी। राजधानी में जगह-जगह पर भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल के निर्माण के लिये बाहर से कारीगरों को बुलाया गया है। कारीगर पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। रांची में इस साल लगभग 100 से ज्यादा पूजा पंडाल बन रहे हैं। हर साल की भांति इस साल भी पूजा पंडाल किसी न किसी थीम पर बन रहे हैं। कहीं इस्कॉन का मंदिर, पारंपरिक खेलों को दिखाता पंडाल तो कहीं मशरूम के आकार का प्रारुप तैयार किया जा रहा है।

## झारखंड में सबसे पहले जेएमबी और आईएसआईएस से रिश्तों के कारण प्रतिबंधित हुई थी पीएफआई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) पर पहली बार झारखंड की रघुवर दास सरकार ने साल 2018 में प्रतिबंधित किया था। लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के कारण पीएफआई पर हाईकोर्ट ने प्रतिबंध हटा दिया था। रघुवर दास सरकार ने दुबारा 12 फरवरी 2019 को पीएफआई को प्रतिबिंधित करने की अधिसूचना जारी की व इससे संबंधित गजट भी प्रकाशित कराया। झारखंड सरकार के गजट के अनुसार पीएफआई के रिश्ते जमात उल बांग्ला, आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठनों से थे। झारखंड पुलिस के द्वारा संकलित तथ्यों व साक्ष्यों के अवलोकन के बाद सरकार ने तब पाया था कि पीएफआई के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि यह संस्था राष्ट्रविरोधी, असंवैधानिक, गैर कानूनी, सांप्रदायिक तथा सामाजिक वैमन्यस्ता फैलाने वाली गतिविधियों में पूर्णतया संलिप्त है। हालांकि पीएफआई के प्रतिबंध के बाद अंडरग्राउंड होकर संताल परगना में अपनी जमीन तैयार की। यही वजह है कि बड़े पैमानें पर अवैध खनन से हुई कमायी से इस संस्था ने खुद को मजबूत किया। साथ ही पंचायत चुनाव में तीन दर्जन से अधिक वैसे लोगों को संस्था ने जीत दिलवायी जो इससे जुड़े रहे थे।

### भारत विरोधी व पाकिस्तान समर्थक गतिविधियां

झारखंड सरकार के गजट में जिक्र है कि पीएफआई झारखंड के साथ-साथ पूरे राष्ट्र में विशेषकर केरल, असम, प बंगाल, बिहार में भी हिंसा भयादोहन, सांप्रादायिक उन्माद एवं कट्टरता के आधार पर सामाजिक विभाजन, भारत विरोधी एवं पाकिस्तान समर्थक नारा लगाने, आईएसआईएस एवं जेएमवी जैसे आतंकी समूहों के साथ संबंध रखने एवं विधिव्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों में संलिप्त रही है।

#### केरल से लगातार रहा था संपर्क

झारखंड सरकार के द्वारा पीएफआई को प्रतिबंधित करने से जुड़े गजट प्रकाशन में जिक्र है कि केरल राज्य के पीएफआई के सदस्यों एवं पदधारियों से झरखण्ड के पीएफआई सदस्यों एवं पदधारियों का सम्पर्क बराबर बना हुआ है। गजट के मुताबिक, पीएफआई के जोनल प्रेसिडेंट मौलाना कलीमुल्ला से झारखण्ड पीएफआई के तत्कालीन प्रदेश सचिव अब्दुल वदूद, सचिव शमीम अख्तर, प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल कबीर, उपाध्यक्ष हेंजला शेख, कोषाध्यक्ष अब्दुल सलाम, पाकुड़ एवं आमताझ के तत्कालीन प्रभारी/सदस्य हबीबुर रहमान, गुलाम रसूल, जैनुल आबेदिन आदि सदस्य लगातार सम्पर्क में रहे थे। प्रतिबंध के बबाद प्रकाशित गजट में जिक्र है कि झारखण्ड के पीएफआई सदस्य एवं पदाधिकारी पूर्व में केरल में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने एवं केरल के पीएफआई सदस्यों/पदाधिकारियों के सम्पर्क में होने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है, जिसका ब्यौरा तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा, झारखण्ड, रांची के विस्तृत प्रतिवेदन में उपलब्ध कराया गया था।

## भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने बिजली पावर हाउस जाकर ट्रांसफॉर्मर की मांग की



**सिल्ली।** सिल्ली पावर हाउस जाकर कांटाडीह गांव के लिए 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर की मांग की । ज्ञात हो लगभग 2 महीना से गांव का ट्रांसफार्मर जल गया है और पूरा गांव में अंधेरा पसरा है ।इस कारण आज पावर हाउस जाकर एसडीओ से बात किया की दुर्गा पूजा के पहले कांटाडीह गांव में और जहां भी ट्रांसफार्मर खराब है। सभी जगह बदलने की बात की। इसी दरमियान सांसद संजय सेठ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बिजली विभाग को चेतावनी दी है की अगर दुर्गा पूजा के पहले सभी खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदली जाती है तो वह धरना पर बैठेंगे ।इसी क्रम में सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू और राजेंद्र प्रसाद साईं पावर हाउस जाकर कांटाडीह गांव के लिए और जितने भी सिल्ली में ट्रांसफॉर्मर खराब है पूजा के पहले बदले जाए नहीं तो हम सब धरना पर बैठेंगे लेकिन एसडीओ ने आश्वासन दिया की पूजा के पहले खराब ट्रांसफार्मर को बदल दिया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### पटना रोड में प्रशासन ने सख्ती से चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**बरही।** पटना रोड में प्रशासन के द्वारा सख्ती से अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस क्रम में किसी के भी आरजू विनती नहीं सुनी गई। इस क्रम में प्रशासन के द्वारा अतिक्रमित स्थल पर बने भवनों व दुकानों को सीधे तोड़ा जा रहा था। मौके पर अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़क चौड़ीकरण कार्य बाधित है जबकि विभाग के द्वारा सभी को मुआवजा दिया जा चुका है। जगह खाली करने के लिए कई बार नोटिस किए जा चुके हैं परंतु कोई असर नहीं देखा गया मजबूरन कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन के इस शक्ति से लोगों में हड़कंप मच गया और एन केन प्रकारेण अपने सामान सुरक्षित करने लगे। अतिक्रमण का नेतृत्व सीओ अरविंद देवाशीष कर रहे थे। मौके पर एनएचएआई के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### झारखंड कुश्ती टीम के प्रशिक्षक बने नवल

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला कुश्ती संघ के सचिव नवल कुमार वर्मा का चयन झारखंड कुश्ती टीम में प्रशिक्षक के रूप में किया गया है। नवल कुमार वर्मा झारखंड पुलिस में कार्यरत हैं। कुश्ती प्रतियोगिता 30 सितंबर से 2 अक्तूबर तक गुजरात में होगा। नवल वर्मा को प्रशिक्षक बनाए जाने पर हजारीबाग ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा, बहादुर राम, अनवर हुसैन, रमेश सिंह, कुश्ती संघ के धर्मेंद्र कुमार सिंह, रवि कांत, रामजी प्रसाद, सफीउल्लाह खान, मनोज राम सहित अन्य खेल प्रेमियों बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### भंडारो पैक्स चुनाव के लिए दाखिल हुआ नामांकन प्रपत्र




**बरही।** सहायक निबंधन व सहयोग समिति के गठन को लेकर चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसी के तहत बुधवार को भंडारो पंचायत भवन में भंडारों पैक्स लिमिटेड के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पैक्स चुनाव को लेकर चर्चाएं हुई। मौके पर अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य के हेतु नामांकन पत्र भी दाखिल किए गए। जिनमें विगन यादव और केदार विश्वकर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए जबकि गुलाम अंसारी, इलियास खान, मो इबरार मियां, लोकनाथ विश्वकर्मा, राजकुमार पासवान, बद्री यादव एवं जुबेदा खातून ने कार्यकारणी सदस्य के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन सह सहकारिता प्रखंड पदाधिकारी चौपारण कारु राम सहित समाजसेवी इलियास खान, युवा समाजसेवी शमशेर आलम, जिब्राइल अंसारी, गुलाम अंसारी, सबिर खान, लक्ष्मण पासवान, लोकनाथ राणा, बद्री महतो आदि उपस्थित रहे। बीसीओ ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर आचारसंहिता लागू है।

### अधर में लटका शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का मामला

**हजारीबाग।** जिले के सरकारी शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का मामला अधर में लटका हुआ है। वर्षो बाद भी सेवा संपुष्टि नहीं की गई। अब जाकर सेवा संपुष्टि की याद विभाग को आया। फिर शुरू हुई सर्विस बुक की खोज। पहले प्रखंड से बीइओ ने सर्विस बुक में प्रविष्टियां दर्ज कर डीएसइ कार्यालय को भेज दिया। संपुष्टि की आस में सेवा पुस्तिका डीएसइ कार्यालय में महीनों पड़ा रहा। इसके बाद इसे पुनः बीइओ को लौटा दिया गया। डीएसइ ने अगस्त में यह कहते हुए सेवा पुस्तिका लौटा दी कि इसमें कुछ सेवा पुस्तिका में अद्यतन प्रविष्ट नहीं की गयी है। कई प्रखंडो से प्राप्त अनुशंसा भी त्रुटिपूर्ण है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में अद्यतन प्रविष्ट की हुई है और उसमें त्रुटि भी नहीं है तो फिर ऐसे सर्विस बुक को डीएसइ कार्यालय से क्यों बीइओ को लौटा दिया गया।

### जहर खाकर युवती ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोडरमा।** डोमचांच थाना महेशपुर के पास एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। युवती की पहचान शीला कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता श्यामलाल यादव ग्राम महेशपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर बाजार से जहर लाकर खा लेना से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### खस्सी की खरीददारी में उमड़ी भीड़ ट्रैफिक रहा जाम



**बरही।** दशहरा को लेकर बरही की ट्रैफिक व्यवस्था नवरात्र के पहले बुधवार बाजार में ही चरमराई दिखी। बीच सड़क पर बकरी बाजार लगा दिए गए। खस्सी क्रेता व बिक्रेता के भीड़ खरीदन उमड़ पड़े थे। जिससे लगभग पूरा दिन धनबाद रोड में जाम का नजारा देखने को मिला। बड़ी मशक्कत के बाद दो पहिया वाहन गुजर रहे थे। हालांकि पुलिस प्रशासन के द्वारा दुकानदारों को सुरक्षित क्षेत्र में बाजार लगाने के लिए बार-बार कहा जा रहा था। परंतु पब्लिक और दुकानदार दोनों सुनने को तैयार नहीं थे। इधर बकरी विक्रेताओं का भी भाव आसमान छू रहा था। एक छोटे खस्सी की कीमत दो से ढाई हजार तक देखने को मिले। विदित हो कि बरही का ओल्ड जीटी रोड शहर का मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से स्कूली बच्चे सहित एंबुलेंस, सरकारी कर्मी एवं पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियो का आना जाना लगा रहता है। बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं होना दुर्घटनाओं को सीधे रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। इस दिशा में स्थानीय प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियो को शीघ्र ही उचित कदम उठाने की आवश्यकता है।

---

### उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित,कहा

# शहर में बेहतर बिजली व्यवस्था बहाल करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** दुगार्पूजा एवं आगामी पर्व त्योहारों को लेकर बुधवार को उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। स्थानीय नगर भवन में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी पर्व-त्योहार मनाने की बात कही गयी। विभिन्न पूजा समिति के लोगों ने दुगार्पूजा के दौरान बेहतर व्यवस्था तथा स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रूप मनाने को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। एसपी ने सभी प्रखंडों से आए विभिन्न समुदाय के लोगों तथा पूजा समिति के सदस्यों से उनके विचारों से अवगत हुए। सभी ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया की आपसी भाईचारगी में त्योंहार मनाएंगे तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा की पूजा के दौरान सभी आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस को दे दिए गए है। सोशल मीडिया कि तमाम गतिविधियों पर साइबर सेल अलर्ट मोड में रहेंगी ताकि भ्रामक व उन्मादित खबरों पर नकेल कसी जा सके। उन्होनें कहा सभी जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चले इस बाबत ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूप हर वक्त क्रियाशील रहने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि चलंत डीजे का प्रयोग वर्जित रहेगा। विसर्जन के वक्त पारंपरिक वाद्य यंत्र का प्रयोग पर छूट रहेंगी। मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन पर मनाही नहीं रहेंगी।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने भी नगर भवन में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होनें सभी लोगों को सौहार्दपूर्ण सद्भावना के साथ पर्व को मनाने की अपील की। उन्होनें कहा कि कोविड की पाबंदियों के लंबे समय बाद पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा के दौरान हर समस्या से निपटने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा की शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर डांडिया का आयोजन किया जा रहा है उन स्थलों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती करने का निर्देश दिया। उन्होनें शहरी क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों, सड़को पर बिजली व्यवस्था, तारो की मरम्मती करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सीएचसी में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति के साथ आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। नगर भवन में आए लोगो ने विभिन्न बिन्दुओं पर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी। जिनमें साफ सफाई, जलापूर्ति, अवैध शराब की बिक्री पर रोक, निर्बाध बिजली आपूर्ति, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति, पूजा के समय ड्रॉप गेट की व्यवस्था का अवलोकन करने समेत कई बातें रखीं। श्रद्धालुओं की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर इलाके मे पीसीआर इत्यादि की व्यवस्था करने मांग भी समिति के सदस्य द्वारा रखी गयी। इस पर उपायुक्त ने सभी बिन्दुओं पर आवश्यक कारवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि सभी सुझावों पर अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अप्रत्याशित बारिश और भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ उपायुक्त ने सभी पूजा पंडालों में फर्स्ट ऐड की व्यवस्था करने की बात कही।

**नियमानुसार लाउडस्पीकर और डीजे का करें इस्तेमाल :** उपायुक्त ने कहा कि पूजा पंडाल नियमानुसार लाउडस्पीकर और डीजे का इस्तेमाल करें। चलंत डीजे का प्रयोग वर्जित रहेगा। पूजा समिति पारंपरिक वाद्य यंत्र का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस बात का खास ध्यान रखें कि आपत्तिजनक संगीत ना बजे।

**ज्वलनशील पदार्थों को लेकर सतर्कता :** बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि सभी दुर्गा पूजा समिति इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पंडालों के आसपास, ठेला-खोमचा आदि में आग से कोई सामग्री न बनाई जा रही हो। उन्होंने कहा कि ज्वलनशील पदार्थों को लेकर सतर्कता बरतें तथा विशेष ध्यान रखें ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होंने पंडालों में बिजली के उपकरण लगाए जाने को लेकर बिजली विभाग से वेरीफाई करा लेने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि लाइटिंग के लिए अल्टरनेटिव सिस्टम पर भी ध्यान रखें और इसके लिए डेडिकेटेड पर्सन को भी रखें।

**मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी :** बैठक में सुरक्षा के मद्देनजर सभी पूजा पंडाल सीसीटीवी और इसकी मॉनिटरिंग की व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि पूजा पंडालों के आसपास मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

**सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर :** पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जाएंगी। उन्होंने शांति समिति से आग्रह किया कि वो पब्लिक व्हाट्सएप ग्रुप का लिस्ट बनायें, एडमिन के नाम और नंबर की सूची बनाते हुए पुलिस को उपलब्ध करायें, ताकि अफवाह फैलने की स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके। बैठक में उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विद्या भूषण कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं विभिन्न दुर्गा पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता जिला स्तरीय टीबी फोरम की बैठक

**समाहरणालय** सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा टीबी उन्मूलन की दिशा में समाज के सभी वर्गों को सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा सही उपचार एवं निरंतर दवाओं के सेवन से टीबी रोग से निरोग संभव है। इस रोग से संबंधित जानकारी, रोग के कारकों, बचाव के उपायों, लक्षणों के आधार पर संक्रमित रोगियों की इलाज की समुचित सुविधा के बारे में निचले स्तर तक लोगो को जागरूक करने की आवश्कता है। समाज सेवा के इस नेक काम में टीबी फोरम से प्रबुद्ध लोगों, स्वयंसेवको, पंचायती राज प्रतिनिधियों, एनजीओ, कॉरपोरेट घरानों सहित एनएसएस, मेडिकल कॉलेज के छात्र -छात्राओं जुड़ने एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की मदद के लिए पहल करने की अपील की। टीबी मरीजों के इलाज के क्रम में आने वाली समस्याओं के संदर्भ में चर्चा के दौरान उन्होंने कहा टीबी मरीजों के साथ उनके परिवार, मित्र, सगे संबंधियों के साथ साथ इलाज के दौरान भावनात्मक जुड़ाव व मित्रवत व्यवहार रखा जाय। मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों को पर्याप्त एतिहात रखने की भी आवश्यकता है। मरीजों को समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो, हर महीने मिलने वाली सहायता राशि राशि लाभुक के खाते में ससमय अंतरण करने के लिए ज़िला यक्ष्मा अधिकारी को निर्देश दिया। नए संदिग्ध टीबी मरीजों के बलगम का सैंपल कलेक्शन एवं समय समय इलाजरत मरीजों का बलगम की जॉच हेतु सारी सुविधाओं से सुसज्जित चलंत वाहन ज़िला स्तर से डीएमएफटी फंड से उपलब्ध कराने का भरोसा उपायुक्त ने दिया। साथ ही उन्होंने कहा लोगों को इस रोग के बारे में जागरूक करने के लिए निचले स्तर पर जानकारी देने की आवश्कता है। स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग की निचले स्तर की संस्थाओं को समाज में जागरूकता के लिए अधिक प्रयास करने के लिए रणनीति तैयार कर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने को कहा। साथ ही टीबी रोग से ठीक हो चुके लोगों को प्रखंड स्तर पर ब्रान्ड एम्बेसडर बनाने एवं उनके अनुभवों को जनमानस के बीच साझा करने को कहा।

# डिवाइन स्कूल में अमर शहीद भगत सिंह का जन्म दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के डिवाइन पब्लिक स्कूल में शहादत का जज्बा रखने वाले भगत सिंह का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती और प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। निदेशक आई पी भारती ने कहा कि वर्ष1907 में आज ही के दिन अविभाजित पंजाब के लायलपुर जिले के बंगा गांव में जन्मे शहीद-ए-आजम. भगत सिंह को 23 मार्च1931 को लाहौर के सेंट्रल जेल में जो शहादत हासिल हुई, निसंदेह वह उनका चुनाव था। इसी शहादत के लिए पूरा देश उनको अपने दिलों में बसा लिया। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भगत सिंह आजादी की ऐसी प्रखर ज्वाला थे कि अंग्रेज अफसर उनका नाम सुनते ही कांपने लगते थे। अपने साथियों को अंतिम पत्र में यही लिखा कि उनके दिल में फांसी से बचने का कोई लालच नहीं है और अंतिम परीक्षा का बेसब्री से इंतजार है। विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह आज के युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। कपका पंचायत के मुखिया कमलकिशोर ने कहा कि भगत सिंह सामाजिक समरसता और आजादी के क्रांतिकारियों के अगुवा थे। कार्यक्रम में काशीनाथ महतो, कुलदीप पासवान, संजय कुमार यादव, रामनन्दन कुमार, रविन्द्र गुप्ता, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर, सुलेखा मोदी संगीता यादव आदि ने भगत सिंह के जीवन के अनछुए पहलुओं और उनके जीवन परिचय को बताया और साथ ही कहा कि युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### रेन्बो विद्यालय में मनाया गया शहीद भगत सिंह की जयंती

## देश की एकता अखंडता अक्षुण्ण रखने के लिए हर बलिदान संभव : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** रेनबो विद्यालय गडलाही के प्रांगण में शहीद भगत सिंह का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा व सभी शिक्षकों के द्वारा अमर शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसमे विद्यालय के बच्चों के द्वारा शहीद भगत सिंह की जीवनी और उनकी देशभक्ति, वीरता व पराक्रम की दास्तान सुनाते हुए देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों ने भी शहीद भगत सिंह के जीवन के विभिन्न गतिविधियों पर विद्यार्थियो को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम के अंत मे निदेशक ने कहा कि हम सबो को शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। जिस तरह भारत माँ के इस वीर सपूत भगत सिंह ने देश के लिए अपनी जान देकर देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया, उसी जज्बे से आज भी हम सबो को अपने देश की एकता अखंडता बनाये रखने की आवश्यकता है। मौके पर शिक्षक पंचम पांडेय, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, पूजा दुबे, सुधा कुमारी, स्वेता कुमारी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी आदि सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## एक और आत्महत्या : महिला ने पंखे से लटकर लगायी फांसी, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** एक बार फिर बरही प्रखंड में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार के शाम करीब 4 बजे की है। जानकारी के अनुसार भंडारो निवासी भोला ठाकुर की 30 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतिका का पति गांव के बाजार में खरीदारी करने एवं बच्चे स्कूल गए थे। घर मे कोई नही था। इसी बीच महिला के द्वारा बंद कमरे में पंखे से झूलकर फाँसी लगा लिया गया। जब बच्चे स्कूल से लौटे तो माँ को पंखे से झूलता देख आस पास के लोगो को बताया। सूचना मिलते ही कई समाजसेवी व ग्रामीण इकट्ठे हो गए। जिनके द्वारा मृतिका के पति घटना की जानकारी दी गई। जिसके आने के बाद शव को फंदे से उतारा गया। जानकारी मिलते ही चुगलामो स्थित मायके से मृतिका के परिजन भी पहुंच कर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शोर मचाने लगे जो बाद में शांत हो गए। इसी बीच घटना की जानकारी पुलिस को हुई। देर रात्रि करीब 10 बजे पुलीस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु हजारीबाग भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के छोटे-छोटे एक बेटी और दो बेटे है। उसका पति का गाँव मे ही सैलून की दुकान है। घटना का मुख्यकारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। विदित हो कि इन दिनों बरही में आत्महत्या की घटना में तेजी से इजाफा हुआ है।

### स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बीडीओ और मुखिया ने किया पौधरोपण




**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकपी पंचायत अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा, मुखिया ललिता देवी, पर्यटन नोडल पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा उपस्थित थे। मौके पर मुखिया ललिता देवी ने कहा कि पर्यटन कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड अंतर्गत पर्यटन निदेशालय द्वारा पूरे झारखंड में 16 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है जिसके तहत अनेकों कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। मुखिया ललिता देवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर इंसान का कर्तव्य है कि पेड़ लगाएं और उसे बचाएं साथ ही आसपास गंदगी नहीं फैलने दें। स्वच्छता के प्रति लोग खुद जागरूक बने और दूसरों को जागरूक करें। वही बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा ने में पेड़ पौधों के महत्व को बताया और कहा, इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कार्यक्रम में समाजसेवी व मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पांडेय, एनएसएस कार्यकर्ता सोनू कुमार, नंदू राणा, अमर पांडेय, राजू मंडल, सोनू कुमार, सनी कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### नगर परिषद उपाध्यक्ष ने 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कोठार ऊपरटोला गांव में बुधवार को 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गांव के लोगों ने 24 घंटे पूर्व सूचना दिया था कि नगर परिषद क्षेत्र के कोठार ऊपरटोला में ट्रांसफॉर्मर जल गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी पारेशानी हो रही थी। ग्रामीणों कि परेशानी को देखते हुए तुरंत बिजली विभाग से सम्पर्क कर दूसरा ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाया गया। कहा कि लोगों के हित में कार्य करना मेरी प्राथमिकता है। गांव में बिजली आने पर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मौके पर नरेश महतो, मुकेश कुमार ठाकुर, राजेंद्र जयसवाल, धीरेन जायसवाल प्रदीप बनर्जी, गोपाल बनर्जी लखी ठाकुर, कैलाश ठाकुर,बिनोद पाहन चंद्रदेव पाहन, महेंद्र जायसवाल, अनिल बनर्जी, गुड्डू जायसवाल,सोनू, राजू, शिवम, अनिल ठाकुर, राहुल शर्मा, मदन बेदिया,राजाराम बेदिया, वकील ठाकुर, अनिता देवी, शिवानी कुमारी, गीता देवी आदि मौजूद थे।

### शहीद ए आजम भगत सिंह का 116वीं जयंती मनी

**चौपारण।** शहीद भगत सिंह हाई स्कूल, झापा-विशनपुर में बुधवार को समारोह आयोजित कर शहीद ए आजम का 116वीं जयंती मनायी। समारोह में भगत सिंह के चित्र पर पूर्व विधायक रामलखन सिंह, विद्यालय सचिव राकेश रंजन ने दीप जलाकर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि देकर याद किया। पूर्व विधायक ने कहा कि युवाओं के ऐतिहासिक जीवन को पढ़ने और अमल करने की जरूरत है। विद्यालय सचिव ने शहीद भगत सिंह की जीवनी से बच्चो को अवगत कराया। उन्होंने कहा देश के सच्चे सपूत का जीवन अमर हो गया। बच्चे परिवार, समाज के साथ देश की सेवा की भावना को भी जागृत करें। समारोह में विद्यालय प्राचार्य महादेव प्रजापति, पूर्व प्राचार्य नकुलदेव पोद्दार, बीरेंद्र सिंह, शशि सिंह, कृष्णा कुमार शर्मा, किरण कुमारी, शांति कुमारी, दीपक कुमार, खुशी यादव, उमेश कुमार दांगी, अमरजीत प्रसाद, राहुल कुमार, तुलसी साव, महेंद्र राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा पर्व के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# जिला प्रशासन ने लोगों को शांतिपूर्ण रूप से पर्व मनाने की अपील की, लोगों को दिये कई दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** आगामी दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर बुधवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा कि कोरोना महामारी के उपरांत इस वर्ष हम पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों में कई छूट के साथ पर्व मना रहे हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। मौके पर उन्होंने सभी शांति समिति एवं पूजा समिति सदस्यों से अनिवार्य रूप से पंडाल में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रखने एवं पंडाल में आने वाले सभी लोग कैमरे की नजर में है से संबंधित सूचना लगाने का निर्देश दिया। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के पंडालों में आने के मद्देनजर भीड़भाड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने पंडाल में एंट्री व एग्जिट पॉइंट चिन्हित करने एवं वहां वालंटियर प्रतिनियुक्त करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों एवं विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने एवं तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया । उन्होंने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिला प्रशासन द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जारी दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से सभी से पालन करने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने एवं आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशा निर्देशों को पहुंचाने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने सभी को जानकारी दी कि नगर परिषद द्वारा इस वर्ष विशेष पहल करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए पंडालों में स्वच्छता सुरक्षा सहित विभिन्न मापदंडों के अनुसार रैंकिंग की जाएगी । इस संबंध में उन्होंने सभी पूजा समितियों को विस्तार से जानकारी दी। इन सबके अलावा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने विभिन्न पूजा समितियों से उनके द्वारा पर्व के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिसके तहत पूजा पंडालों / स्थलों पर दर्शन हेतु आनेवाले पुरुष एवं महिलाओं के कतारबद्ध पंक्तियों के लिये अलग - अलग मजबूत बैरिकेडिंग की व्यवस्था करायी जाय एवं इस मौके पर यातायात व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु हरसंभव प्रयास किया जाय। इस हेतु पहले ही से कार्य योजना तैयार कर पूजा पंडालों / स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित रखने हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ वेलेन्टियर की तैनाती की व्यवस्था की जाय। पूजा पंडालों / स्थलों पर दर्शन हेतु आनेवाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने हतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जाय।

## न्यूज गैलरी

### नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में कोलेबिरा पुलिस ने तीन आरोपी को भेजा जेल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया आरोपियों की पहचान ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लतापानी निवासी अवकाश टेटे, अमन डुंगडुंग और बांसबहाल निवासी रोहित कुल्लू के रूप में हुई कोलेबिरा पुलिस ने बीरू स्थित फुलवाटांगर, पुलिस कैंप के पास से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी पीड़िता के गांव कोलेबिरा आए हुए थे पुलिस के आने की सूचना मिलते ही भागने लगे तभी पुलिस ने तीनों आरोपियों को पीछा कर पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जून को कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 वर्षीय बच्ची के साथ तीन आरोपी ने दुष्कर्म किया था। इस संबंध में पीड़िता ने बताया की उसके साथ दुष्कर्म के बाद तीनो लड़कों के द्वारा किसी को इस संबंध में जानकारी नही देने की धमकी दिया गया था। जिसके डर से वह किसी को घटना की जानकारी नहीं दी, जिसके कुछ दिनों के बाद पेट दर्द की शिकायत होने पर परिजन अस्पताल ले गए तभी पता चला कि वह गर्भवती है। जिसके बाद पीड़िता की मां ने कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। मामले पर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने संज्ञान लेते हुए कांड संख्या 58/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए लगातार आरोपियों की तलाश में छापामारी कर महज 24 घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तारी कर लिया। जिकसे बाद धारा 376ऊ्अ/34 भादवी 4/6/8 पोक्सो एक्ट दर्ज करते हुए सभी आरोपी को जेल भेज दिया।

### पेड़ से गिरकर युवक घायल, बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा रेफर

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के गड़ीयाजोर के नावाटोली में एक युवक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अभिषेक मिंज पिता एरमियां मिंज 25 बर्ष के रूप में हुई ।घटना के संबन्ध में परिजनो ने बताया कि अभिषेक गाँव से दूर बरगद के पेड़ पर चढ़ा था जहां पैर फिसलने कारण पेड़ से गीर पड़ा जिससे घायल हो गया। घायल युवक को 108 एम्बुलेस से कुरडेग सीएचसी लाया गया। जहां डॉ० दीलीप कुमार ने प्राथमिक उपचार किया घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद घायल की इलाज चल रही है।

### बानो थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**बानो।** बानो थाना परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा दुर्गा पूजा में शान्ति व्यवस्था बनाये रखे पूजा में कोई दिक्कत नही होनी चाहिए भक्ति भाव से शांति से पूजा करे किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न दे कोई घटना हो तो उसकी जानकारी दुरन्त प्रशासन को दे। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई वही 6 अक्टूबर को विसर्जन होने के बारे में चर्चा की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कण्डुलना, बीडीओ यादव बैठा, सीओ स्मृति कुमारी, एसआई देव कुमार, एसआई रूपकमल लकड़ा, मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, सन्तोष साहू, डॉ संजय कुमार रवि, महेश सिंह, मो साबिर,दुति उरांव, मो फैज आदि लोग उपस्थित थे।

### बीएस कॉलेज में सीट बढ़ाने की मांग वीसी को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय में यूजी कला संकाय सत्र 2022-25 में नामांकन के लिए कम और सीमित होने के कारण कई गरीब विद्यार्थी नामांकन से वंचित रह गए हैं। इसकी सूचना देते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस.के.पी गुप्ता से मिला और सीटों की कमी से विद्यार्थियों में परेशानी के मामला से अवगत कराया था। लेकिन उस पर कोई कोई भी त्वरित कार्रवाई नहीं हुई थी। इसलिए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने इस पर पुन: आवेदन बनाकर रांची विश्वविद्यालय रांची के वीसी डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से मिले। उन्हें बी. एस. कॉलेज में विद्यार्थियों के साथ नामांकन को लेकर हो रहे समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। मौके पर वीसी ने आश्वस्त कराया और कहा इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यार्थियों के हित में फैसला लिया जाएगा और सभी विषयों में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। इसकी सूचना बहुत जल्द महाविद्यालय के माध्यम से सूचित कर दी जाएगी। मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना सभी विद्यार्थियों का मौलिक अधिकार है। इस अधिकार से किसी भी विद्यार्थियों को भी वंचित नहीं किया जा सकता है। मौके पर एनएसयूआई के महासचिव हरि भगत, एनएसयूआई के सदस्य चंद्रकांता पन्ना और कुंदन साहू उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की हुई बैठक, पूजा पंडालों में महिला पुलिसकर्मी होंगी तैनात

# अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है दुर्गा पूजा : डीसी

- युवाओं को सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचाएं : पुलिस अधीक्षक
- पूजा समितियां अपने वॉलेंटियर्स में महिलाओं को भी शामिल करें



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम दुर्गा पूजा समितियों द्वारा प्रखण्डों में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा, निर्मित पण्डाल, रावण दहन व जागरण का आयोजन, अंजुमन इस्लामिया की ओर से ईद-मिलाद-उन-नबी के दौरान निकलने वाले जुलूस आदि की जानकारी दी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों व थाना प्रभारियों की ओर से प्रखंड स्तरीय शांति समिति के आयोजित बैठक की जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दुगार्पूजा एवं ईद मिलाद उन नबी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत देश का ऐसा संस्कृति है कि यहां सभी धर्मों के लोग एक साथ प्यार से रहते हैं। कृषि कैलेंडर के हिसाब से रोपनी के बाद सभी धर्मों के त्योहार आते हैं। दशहरा मौर्य शासकों के काल से इस देश में दुर्गोत्सव मनाये जाने का प्रमाण मिलता है। श्रीलंका और इंडोनेशिया में भी दुर्गा पूजा बड़े धूमधाम से मनायी जाती है। दुर्गा पूजा अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है। देवी मां इसी संदेश का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि समाजिक संगठनों के लोग आज के किशोरों/युवाओं को सोशल मीडिया के दुरूपयोग से बचाएं। सोशल मीडिया का एक गलत इस्तेमाल कई चीजों को प्रभावित करती हैं। उनका कॅरियर भी खराब होता है। आज युवा सद्भावना मंच प्रखण्डों में गठित है जिसमें युवाओं को नियमित रूप से जोड़ा जा रहा है। शांति समिति के लोग भी इससे जुड़ें। सभी थानों को पूर्व में जो भी निदेश डीजे, वॉलेंटियर्स, जुलूस, सीसीटीवी आदि के बारे दिये गये हैं, उनका सख्ती के साथ पालन करें। इस बार विधि-व्यवस्था में स्काउट एवं गाईड को भी शामिल किया गया है। पूजा पंडालों में महिला पुलिसकर्मी तैनात होंगी। पूजा समितियां अपने वॉलेंटियर्स में महिलाओं को भी शामिल करें।

### युवा सद्भावना मंच का उद्देश्य एक-दूसरे से प्रेम की भावना बढ़ाना

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंडों में युवा सद्भावना मंच का गठन किया गया है। पंचायतों में लगातार युवा सद्भावना मंच की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच प्रेमभाव बढ़ाना है। अभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी द्वारा इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। पंचायतों में स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन लगातार हो रहे हैं। जिसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहे हैं।

### सभी प्रखंडों में शुरू होगा पुस्तकालय, नदिया में खेल सेंटर

अभी तीन प्रखंडों में पुस्तकालय और एक जिला स्तरीय पुस्तकालय खोले जाने की तैयारी चल रही है। इसके बाद सभी प्रखंडों में पुस्तकालय प्रारंभ किया जायेगा। युवाओं को पढ़ाई-लिखाई की संस्कृति से जोड़ना है। अगर किसी भी समुदाय के लोग इस तरह के पुस्तकालय की शुरूआत के लिए आगे आना चाहते हैं तो जिला प्रशासन इसमें सहयोग करेगी। इसी प्रकार युवाओं में खेल के विकास के लिए नदिया में खेल सेंटर शुरू किया जायेगा। आर्मी और पुलिस में नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए बीएस कॉलेज, लोहरदगा में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी तरह कंप्यूटर प्रशिक्षण भी युवाओं के लिए प्रारंभ किया जायेगा। इसके लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। विज्ञान भवन, लोहरदगा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जिला प्रशासन के पदाधिकारियों द्वारा करायी जा रही है। ये सभी चीजें पूरी तरह निःशुल्क है। एससीए से जिला के 40 बच्चों को रांची जिला में ऑटोमोबाइल का प्रशिक्षण देने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि जिला के किशोर-किशारियों को पढ़ाई-लिखाई, खेल या अन्य कोई रूचि से जोड़ने की आवश्यकता है।

पंडालों में उचित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए जेनरेटर की व्यवस्था अलग से करें। बच्चों को गुमशुदगी से बचाने के लिए बच्चों के अभिभावक उनकी जेब में उनका परिचय व पता, जरूरी फोन नंबर अवश्य डाल दें ताकि पुलिस को उस परिस्थिति में आसानी हो। पूजा पंडालों में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम रखें। आपदा की स्थिति से निबटने के लिए फायर डिपार्टमेंट भी पूरी तरह मुस्तैद रहे। लोहरदगा जिला में कई अच्छे कार्य हो रहे हैं। लोहरदगा जिला अब विकास की ओर देख रहा है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य,दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष/सचिव, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष/सचिव आदि उपस्थित थे।

## बानो पुलिस ने हथियार के बल पर ट्रक लुटने वाले तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हथियार के बल पर ट्रक लूटने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार बानो थाना क्षेत के पाड़ो सोडे घाट कोलेबिरा मनोहरपुर मुख्य सड़क पर कोयल लाईन होटल के पास एक बारह चक्का ट्रक डऊ 14ऋ 7860 में लदे 24 टन लोहे का स्क्रैप प्लेट अज्ञात अपराधकमीयों द्वारा हथियार के बल पर लूट लिया गया था। घटना के दुसरे दिन ट्रक ड्राईवर निसार अहमद ने बानो थाना में मामला दर्ज करवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय के नेतृत्व में टीम बनाई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम में शामिल थाना प्रभारी बानो एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों तथा कमीयों के द्वारा अपने आसूचना तंत्र एवं तकनिकी अनुसंधान के जरीए कड़ी मेहनत एवं पुरे लगन के साथ बहुत ही कम समय में मामले का उद्भेदन करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया साथ ही घटना मे लूटे गये ट्रक को बिहार के नवादा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से एवं ट्रक पर लदे 24 टन लोहे का स्क्रैप प्लेट प बंगाल के जमशेदपुर कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग 06 से झारग्राम थाना क्षेत्र से स्थानीय पुलिस की मदद से बरामद किया साथ हीं पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले शातिर अपराधकमीयों में से अफरोज अंसारी, हसन अंसारी और किताबुल खान को गिरफ्तार किया है। घटना के शेष अभियुक्तो के गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे भी अनुसंधान चल रही। हांलकी सिमडेगा पुलिस पुलिस की यह बहुत बड़ी उपलब्धि रही क्योंकि अलग-अलग जगहों पर पुलिस के द्वारा कड़ी जोड़ जोड़ कर ट्रक अपराधी एवं सामानों को पूरी तरह से बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## चोरों के पास से चोरी की बाइक, सोने-चांदी के जेवर, औजार, मोबाइल आदि हुए बरामद

# पुलिस ने चोर गिरोह का उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को किया गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से चार चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। गिरफ्तार किए गए चोरो का शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बीते दिनों हुए चोरी की घटनाओं में इनकी संलिप्तता रही है। पुलिस गिरफ्त में चोर गिरोह का सरगना सदर थाना क्षेत्र के पावर गंज बड़ा पोस्ट ऑफिस के पीछे के बस्ती निवासी ऐनुल अंसारी व गिरोह द्वारा लूटे गए जेवरात की अवैधानिक रूप से खरीदगी करने वाले बलदेव साहू कॉलेज रोड स्थित जय मां ज्वेलर्स का मालिक बरवा टोली निवासी विनोद कुमार उर्फ गुड्डू भी पुलिस गिरफ्त में आया है। इसके अलावा ब्रह्मांडीहा लोहरदगा दुपट्टा चौक निवासी मालदेव राव का 28 वर्षीय पुत्र कार्तिक उरांव, बगरू थाना के वेट हट जिला टोली निवासी सुमन उरांव का 21 वर्षीय पुत्र राजा उरांव को गिरफ्तार किया है। उक्त सभी अपराधियों का पूर्व का अपराधिक इतिहास भी रहा है। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह ने बुधवार को सदर थाना में पत्रकारों को बताया कि शहरी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना को रोकने के उद्देश्य से एसपी आर रामकुमार के निदेर्शानुसार छापामारी टीम का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा तकनीकी एवं गुप्तचर के सहयोग से उक्त सभी घटनाओं का उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने चोरी की विभिन्न घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से कई सामान बरामद किया गया। अपराधियों के पास से अपाची मोटरसाइकिल जे0ए0 03 जे0 1486, एच०पी० लैपटाप - 01, सैमसंग कंपनी का की-पैड मोबाइल- 01, आई०टेल कंपनी का की-पैड मोबाइल-01, सैमसंग का एण्ड्रोयड मोबाइल-01, एक ड्रील मशीन कीट बॉक्स, एक निकोन कंपनी का कैमरा, चाँदी का चेन-01 पीस, सोने का चेन-01 पीस, पायल -03 जोड़ा, सोने की अंगुठी- 01 पीस, सोने का कानबाली-01 जोडा, सोने की नथुनी - 01, सोने का बेसर-02 पीस, चांदी का बिछिया-05 जोडा, चांदी की अंगुठी- 01 पीस, चांदी का विस्कीट -03 पीस, चांदी का सिक्का - 08 पीस, लोहा का सिक्का 01 पीस, महेन्द्र प्रसाद का आधार कार्ड पेचकस - 01 पीस, ताला तोडने वाला रड-01 आदि बरामद किया गया है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह, थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरॉव, मो० अख्तर अली, पंकज कुमार शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, सुजित कुमार, राजकुमार महतो, कुलदीप राम, टिनु साव, संतोष कुमार यादव, अपर्ना कुमारी, होलिका तिग्गा, सुकु सोरेन, हवलदार स्टेफन मिंज, विनोद शर्मा, निरज कुमार मिश्रा समेत अन्य शामिल थे।

## सांयपुर में युवक पर जानलेवा हमला मामले में दूसरे आरोपी को भेजा जेल, हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पुलिस ने 21 अप्रैल कि रात को सांयपुर में एक युवक के ऊपर बंदूक से जानलेवा हमला करने मामले में शामिल दूसरा आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है युवक की पहचान श्रीकोंडेकेरा निवासी राजेश साहू उर्फ चुठु के रूप में हुई। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर भगत कुमार ने बताया कि इस संबंध में सिमडेगा थाना 59/22 के तहत मामला दर्ज था। मिली जानकारी के अनुसार सांयपुर निवासी राजू साव उर्फ.धूंधा अपने किसी परिजन के घर जन्मदिन कार्यक्रम में पहुंचा था। इस दौरान घर के बाहर बैठा था इसी दौरान राजू



के अनुसार 4 लोग आए और उसके कनपटी पर पिस्तौल सटाया और मारने की कोशिश की इसी दौरान बीच-बचाव में गोली चली और उसके हाथ पर लगा जैसे ही गोली चलने की आवाज हुई उसके बाद अपराधी भाग खड़े हुए और आसपास के लोगों ने तत्काल उसके घायल अवस्था में इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया गौरतलब हो राजू साव उर्फ धूंधा पूर्व में भी अपराधिक गतिविधि में शामिल होने के कारण जेल जा चुका है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि वाह शादी करने के बाद बहुत दिनों में ससुराल भर का शराब बेचता था उसके बाद दिल्ली भागकर गया था और दिल्ली से आने के बाद देसी कट्टा लेकर इधर-उधर घूमता रहता था वही बीती रात पुलिस ने हथियार सहित उसे 1:30 बजे गिरफ्तार कर लिया साथ ही उसके पास देसी कट्टा एवं पांच जिंदा गोली बरामद किया तथा चोरी किया हुआ मोटरसाइकिल बरामद कर ली। साथी बताया गया कि राजेश साहू अलग-अलग मामले में कई घटनाओं में शामिल रहा है।

## लोहरदगा में केदारनाथ धाम की तर्ज पर बन रहा महावीर चौक का पंडाल





- केदारनाथ मंदिर का स्वरूप बनाने में दिन रात लगे हुए है पूजा समिति के लोग
- 14 फीट की भव्य व आकर्षक होगी मां दुर्गा की प्रतिमा ठाकुरबाड़ी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। इसको लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक से बढ़कर एक पंडालों का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा होने को है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से बेहतरीन कारीगरों को बुलाया गया है जो भव्य पंडाल निर्माण और प्रतिमा निर्माण कार्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। इधर महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल की कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इस वर्ष पूजा समिति द्वारा केदारनाथ धाम की अनुकृति बनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं पूजा पंडाल की अनुकृति तैयार करने में जिले के प्रसिद्ध पंडाल निमार्ता अरुण प्रजापति व सत्यकेतु प्रजापति अपने टीम के साथ केदारनाथ का प्रारूप उकेरने में दिन- रात जुटे हुए हैं। इस वर्ष 14 फीट का भव्य व आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। इस वर्ष प्रतिमाएं रथ पर आरूढ़ रहेंगी। 14 फिट का भव्य व आकर्षक प्रतिमा व केदारनाथ मंदिर आकर्षण का केंद्र होगा। भव्य पूजा पंडाल का निर्माण 30 गुणा 22 गुणा 55 फीट में कराया जा रहा है। केदारनाथ मंदिर की अनुकृति 55 फिट ऊंची होगी। महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति सदस्य अभिषेक अग्रवाल, उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी पत्रकार अमर गोस्वामी ने बताया कि समिति द्वारा खास तैयारी की जा रही है। पंडाल परिसर की सुरक्षा पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। समिति के हर सदस्य इस बार दोगुनी उत्साह से पूजा को यादगार बनाने में जुटा हुआ है। कोविड काल के बाद इस वर्ष पूजा को ले सदस्यों में दोगुना उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष पूजा का भव्य पंडाल आकर्षण का केंद्र रहेगा। गौरतलब है कि महाबीर चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा सन 1966 से लगातार पंडाल निर्माण कर पूजा किया जाता रहा है। लोहरदगा महाबीर चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा ईस्ट गोला रोड में ही सड़क के बीचोबीच पंडाल स्थापित कर पूजा की जाती रही है। समिति द्वारा भव्य व आकर्षक प्रतिमा पूजा समिति की खासियत रही है। पूजा को भव्यता प्रदान करने के लिए इस वर्ष चार लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। पूजा को भव्यता प्रदान करने के लिए भव्य पूजा पंडाल, आकर्षक बिजली सज्जा, भव्य प्रतिमा के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। पूजा पंडाल की आंतरिक व बाह्य सज्जा भी आकर्षक होगी।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का भव्य हुआ उद्घाटन

# देश को कुपोषण से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र सरकार : सुदर्शन भगत

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय परिसर, कुजरा, लोहरदगा में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद श्री सुदर्शन भगत मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए और उन्होंने प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन फीता काट कर किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन समारोह की शुरूआत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव, लोहरदगा सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रशेखर अग्रवाल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या अमृता मिश्रा आश्रम विद्यालय किस्को की प्राचार्या कनकलता कुमारी और केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान उपस्थित थी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लोहरदगा के सांसद श्री सुदर्शन भगत ने आजादी का अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा झारखंड के गुमनाम नायकों के बलिदान और योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी सबके लिए जानकारीप्रद है। पोषण माह के अवसर पर चल रहे राष्ट्रीय पोषण अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने सभी से पौष्टिक भोजन खाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य झारखंड पौष्टिक व्यंजनों से भरपूर है, इसलिए हमें अपने राज्य के फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी से आमजन पौष्टिक आहार एवं समुचित पोषण के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं, ताकि प्रधानमंत्री मोदी का कुपोषण मुक्त भारत बनने का सपना साकार हो सके। उन्होंने योजनाओं के बेहतर संयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की सराहना की एवं आगे के कार्यक्रमों के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इससे पहले केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की कार्यालय प्रमुख श्रीमती महविश रहमान एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अमृता मिश्रा ने सभी का अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने कहा कि लोहरदगा सहित पूरे देश को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं इसीलिए सभी लोग जनभागीदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी देखी और पोषण के बारे में जरूरी जानकारी प्राप्त करें। लोहरदगा के सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रशेखर अग्रवाल ने छात्राओं एवं उपस्थित जनता से अपील की कि सभी प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन करें। साथ ही उन्होंने एक सफल छात्र बनने के लिए पांच गुणों का उल्लेख किया और कहा कि इन्हें आत्मसात करने के लिए स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, इसीलिए सभी पौष्टिक आहार का सेवन करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायता के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की कार्यालय प्रमुख श्रीमती महविश रहमान ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के शिक्षक विक्की कुमार, शिक्षिका सुनीता कुमारी, नीलू कुमारी, प्रीति गुप्ता, मदन कुमार महतो, सत्यम सतलज, निर्भय कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग के श्री गौतम और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

**प्रतियोगिताओं से जागरूकता प्रसार** : इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा जागरूकता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके तहत राष्ट्रीय पोषण माह एवं आजादी का अमृत महोत्सव पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगोलियां एवं पेंटिंग बनाई गई। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली एवं पेंटिंग का अवलोकन सुदर्शन भगत ने किया और उन्हें काफी सराहा।

**प्रदर्शनी स्थल पर पोषण जागरूकता स्टॉल :** जिला समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा के सहयोग से प्रदर्शनी स्थल पर पोषण जागरूकता स्टॉल लगाया गया, जिसमें झारखंड के स्थानीय व्यंजनों से किस प्रकार सुपोषण की पूर्ति हो सकती है, इसकी जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही झारखंड में चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गई।

**गोद भराई एवं अन्नप्राशन का आयोजन :** प्रदर्शनी स्थल पर सांसद और अन्य अतिथि गणों द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकरी दे कर गोद भराई की गई और साथ में शिशुओं को खीर खिला कर और तौलिया भेंट कर अन्नप्राशन का रस्म भी अदा किया गया।

**स्वतंत्रा सेनानी आजादी क्वेस्ट गेम से जुड़ी जानकारी प्रदर्शनी में शामिल :** दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी जानकारी को प्रदर्शित किया गया है। यहां आजादी क्वेस्ट गेम को डाउनलोड करने के तरीके एवं खेलने के बारे में भी जानकारी दी गई है जिसकी स्टैंडी प्रदर्शन में लगाई गई है। हिंदी पखवाड़े से जुड़ी स्टडी का भी प्रदर्शन किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### तंबाकू पदार्थों की बिक्री के रोकथाम को लेकर चला छापामारी अभियान

**रमना।** मुख्य बाजार सहीत आस-पास के ग्रामीण इलाकों मे बुधवार के अप्राह्न प्रतिबंधित गुटखा- तंबाकू पदार्थो की बिक्री की रोकथाम को लेकर प्रशासन के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह,थाना प्रभारी सुधांशु कुमार,प्रखंड सहायक राहुल प्रकाश व रमना थाना पुलिस ने मुख्य सड़क ,हरीगणेश मोड़,शहीद भगत सिंह चौक सहीत कई स्थानों पर छापेमारी किया । समाचार लिखें जाने तक छपेमारी अभियान जारी था। साथ ही स्पष्ट नही हो सका था कि छापेमारी अभियान के मे कौन- कौन लोग पकड़े गये। छापमारी कि खबर जंगल मे आग की तरह फैल गई और इस कार्य में संलिप्त लोग सतर्क हो गये।

### मंत्री की मां स्वर्गीय बिमला ठाकुर की याद में मुखिया ने भंडारे का आयोजन



**चिनियां।** प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्वर्गीय माताजी विमला ठाकुर के स्मृति में पंचायत के मुखिया पम्मी देवी के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर भंडारा का भव्य आयोजन किया गया है। जो यह भंडारा एकम से लेकर नवमी तक चलता रहेगा। इस मौके पर दूर-दूर से भंडारे का प्रसाद ग्रहण के लिए बरवाडी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं । वही मौके पर जिला बिसूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि इस अवसर पर भागवत गीता कथा का आयोजन भी किया गया है । जिसमें कथावाचक लखनऊ के शास्त्री रजनी यादव वाचन कर रही हैं। वही बरवाडीह पूजा समिति द्वारा विशाल पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है जो भव्य मंदिर का रूप है। जिसे पंचायत के लोग तथा विशेष कर बीससूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इस तरह के पंडाल चिनिया प्रखंड क्षेत्र में में कहीं और नहीं बनाया गया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है तथा पूजा पंडाल आकर्षक का रूप है। जिसे देखने के लिएदूर-दूर से लोग देखने पहुंच रहे हैं । तो वही पंचायत के मुखिया पम्मी देवी ने खुद भंडारे में प्रसाद वितरण कर भंडारे की शुरूआत की । जिसमें मौके पर सैकड़ों लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए नजर आए। जहां काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौके पर उपस्थित थे ।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कोलेबिरा भंवर पहाड़गढ़ में की गयी सफाई

**कोलेबिरा।** सिमडेगा जिला पर्यटन , खेल कूद, कला संस्कृति और युवा कार्य मामले विभाग सिमडेगा जिला के द्वारा पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुधवार को कोलेबिरा के पर्यटक स्थल भवँर पहाड़ गढ़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अवसर पूरे भंवर पहाड़ गढ़ में की आम जनता , जनप्रतिनिधियों ,भवँर पहाड़गढ़ विकास और निगरानी समिति के सदस्यों और अधिकारियों के द्वारा सफाई अभियान जोर शोर से चलाया गया । इस अवसर पर कोलेबिरा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा जिला पर्यटन विभाग के द्वारा प्रदत्त डस्टबीन, टीशर्ट और सफाई की सामग्री समिति के लोगों को सौपा गया ।अखिलेश कुमार ने आम जनता को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रशासन के द्वारा पर्यटन स्थलों में साफ सफाई बनी रहे इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है इससे बाहर से जो भी लोग पर्यटक स्थलों में घूमने आयेंगे तो वे भी इससे प्रभावित होंगे और इसका लाभ सबों को मिलेगा आप लोग नियमित रूप से स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें । प्रखण्ड प्रशासन हमेशा पर्यटक स्थलों के विकास को लेकर आपके साथ खड़ा है । इस अवसर पर जिला विभागीय सांसद प्रतिनिधि रणधीर कुमार, नावा टोली पंचायत की मुखिया कल्पना देवी, अमरनाथ सिंह, गौरी सिंह, अशोक इंदवार, जनेश्वर बिरहोर, तपेश सिंह, कृष्णा सिंह, गोपाल सिंह, प्रह्लाद सिंह के अलावे भंवर पहाड़ गांव के पुरुष और महिलाएँ भारी संख्या में उपस्थित थे ।

### जलडेगा में कांग्रेस की प्रखंड कमेटी की हुई बैठक

**जलडेगा।** बुधवार को जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया की अध्यक्षता में हुई ।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह जिला विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मोहम्मद समी आलम ने कहा कि सभी नव निर्वाचित प्रखण्ड अध्यक्षों को विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं जिला कांग्रेस की ओर से बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं हैं। साथियों आज हम सभी कांग्रेस कार्यकताओं को मिल जुलकर एक जुटता का परिचय देते हुए कांग्रेस को मजबूत बनाने की आवश्यकता है ।आज हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम कर रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण भारत में अच्छा समर्थन प्राप्त हो रहा है। हमें भी अपने अपने प्रखण्डों में भारत जोड़ो कार्यक्रम को करना है। हमें सभी पंचायत तक इस कार्यक्रम को करना है साथ ही साथ प्रत्येक प्रखण्ड में कम से कम एक हजार डीजिटल सदस्य बनाने का लक्ष्य प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिया गया है ।इसे हमें संचालित करना है ।भारत जोड़ो कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति को अपने पार्टी के कार्यक्रमों को बताते हुए पार्टी से जोड़ना है ।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रेम दास, सुशील जड़िया एवं पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष ललन सिंह, सुनील खड़िया, अर्जुन होरो, बिपिन पंकज मिंज,गाब्रियल समद,नेलन कण्डुलना, ओम प्रकाश कण्डुलना, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद आदि उपस्थित थे ।

### चचकोपी गांव के भाजपा बूथ अध्यक्ष महेश राम को पितृ शोक

**बेड़ो।** नरकोपी मंडल के मूरतो पंचायत के चचकोपी गांव के भाजपा बूथ अध्यक्ष महेश राम के पिता सुखदेव राम के देहांत को सुनकर परिवार से मिलने पहुंचे नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कश्यप, मंडल महामंत्री राजेश साहू, बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह और एससी मोर्चा अध्यक्ष बिंदेश्वर राम परिवारों से मिलकर सांतवना दी।

### काटीटांड में बाइक में लगी आग, काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

**रातू।** रातू थाने के बाहर मंदिर के पास बुधवार को एक बाइक में आग लगी। आग लगने के तुरंत बाद ही आस पास खड़े लोगो ने पानी व बालू फेंक कर आग में काबू पा लिया। परन्तु तब तक आग से बाइक की टंकी व वायरिंग जल गया। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार युवक झखराटांड से काठी टांड की ओर जा रहा था। बाइक खड़ा करते ही उसमे आग लग गयी।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में सिमडेगा उपायुक्त ने कहा

# विकास कार्यों के प्रति सजग रहें पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित पिछले दिनों बैठक के दिशा-निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराया गया। उन्होने विभागवार कार्यों की समीक्षा की। अबतक के कार्य प्रगति को देख संबंधित विभाग के पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को ससमय आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं सहित विकास के कार्यों के प्रति स्वंय को सजग करने को कहा। धरातल पर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कर ससमय कार्य दायित्व एवं लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र



निर्गत करने से संबंधित शिक्षा विभाग एवं अंचलाधिकारी को त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। 21536 जाति प्रमाण पत्र स्वीकृत हुआ है। वहीं 810 अस्वीकृत आकांड़ों की संख्या को देख अंचलाधिकारी से समीक्षा की। उन्होने कहा कि विद्यालय एवं छात्र-छात्राओं अनुसार सूची तैयार करें, - कितने विद्यालयों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो गया, कितनों का बाकी है, अन्य तमाम जानकारियों के साथ अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ हीं आवेदनों के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। कोलेबिरा, ठेठईटांगर एवं बानो प्रखण्ड की कार्य प्रगति कम पाई गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी को उक्त प्रखण्डों से आवेदन संग्रह कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया।

### रिजेक्ट डाटा का सुधार करने का निर्देश

ई- के.वाई.सी. के रिजेक्ट डाटा का सुधार करने का निर्देश दिया। गैर मजरूआ भूमि का सर्वे रिर्पोट ससमय समर्पित करने का निर्देश दिया। खतियानी रैयत के उत्तराधिकारी के बीच आपसी बटवारा एवं उत्तराधिकारी बटवारा के आधार पर दाखिल खारिज प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में कैम्प आयोजन की तिथि में बढ़ोतरी एवं प्राप्त आवेदन की संख्या के आकांड़ों को देख, उपायुक्त ने कैम्प आयोजन की तिथि एवं स्थल का ग्राम-पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया। कार्य का परिणाम धरातल पर दिखें, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने अवैध, संदेहास्पद जमाबन्दी को रद्द करने, नियमित करने से संबंधित मामले का निराकरण ससमय करने का निर्देश दिया। जन शिकायत के आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की ।उन्होने दुर्गा पुजा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। सभी पण्डालों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दियें। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, आई.टी.डी.ए. निदेशक सलन भुईया, अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व अन्य उपस्थित थें।

# सिमडेगा भाजपा कार्यालय में प्रबुद्ध जन व बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे हैं सेवा पखवाड़े के 12वें दिन भाजपा कार्यालय में प्रबुद्ध जन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन किया गया जिसमें जिले के अधिवक्ता प्रोफेसर शिक्षक समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं ने शिरकत की और अतिथियों के विचार को सुना और अपने विचार भी व्यक्त किए।वहीं प्रबुद्ध जनों बुद्धिजीवियों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी आज भी अपने अग्रजों को नही भूलती है और समय-समय पर उन्हें सम्मानित करती है। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो करोड़ पंचानवे लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराए गए वही कौशल विकास के तहत 40 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित किया गया प्रधानमंत्री कृषि योजना का लाभ 36 करोड़ किसानों को मिला जहां आजादी के 70 वर्षों तक देश में मात्र 6 एम्स थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 8 साल के कार्यकाल में 22 एम्स बन कर तैयार हैं। उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाना हो या फिर जन धन योजना से 0 बैलेंस मैं खाता खुलवाना है प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं के लिए अनेक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री जी की घोषणा पर जन धन योजना के तहत लगभग 40 करोड़ महिलाओं का खाता बैंक में खुला जिसमें से 174 करोड़ रुपए खाते में जमा हुए।नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा मोदी जी की सोच को हर कार्यकर्ता आत्मसात कर ले तो प्रधानमंत्री मोदी जी को कोई नहीं हरा सकता।

# जयप्रकाश नारायण की 120 वीं जयंती पर विचार गोष्टी 11 को

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय परिसर अवस्थित कैंटीन सभागार में जय प्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज सहाय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । आहूत इस बैठक में जेपी जेडी दल से जुड़े पलामू गढ़वा एवं लातेहार के वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रकोष्ठ के पदधारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी 11 अक्टूबर 2022 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 120 वीं जयंती समारोह जिसे मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा । जिसमें जिले के जेपी मूवमेंट से जुड़े लोगों को आमंत्रित करते हुए वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में जेपी आंदोलन एवं उनके विचारों की भूमिका विषय पर लोगों के विचार जानने एवं समाज में प्रेषित करने का कार्य किया जाएगा। आहूत इस बैठक में राष्ट्रीय महासचिव श्याम बिहारी



राय पलामू जिला अध्यक्ष कमलेश मिश्रा नगर निगम अध्यक्ष पंकज लोचन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजीव द्विवेदी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शिव शंकर अकेला, लातेहार जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, वरुण कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश कुमार यादव ,राजकुमार पांडे, मोरध्वज पांडे, राष्ट्रीय सचिव अनवर हुसैन, आईटी सेल के इरशाद अहमद सहित लगभग 4 दर्जन लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिए एवं 31 सदस्य कार्यक्रम क्रियान्वयन स ह प्रबंध समिति का गठन किया गया।

## कांग्रेस पार्टी का स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजित

# संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें: प्रदीप

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा द्वारा बुधवार को केलाघाघ डैम परिसर में कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदधारियों का सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सह आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचु उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने प्रदीप बलमुचु सहित नवनिर्वाचित सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, पीसीसी, डेलीगेट के सदस्यों का बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर प्रदीप बलमुचु ने नवनिर्वाचित सभी पदधारियों को बधाई दी। साथ सोनिया-राहुल के सिद्धांतों को जन जन पहुचाने की बात करते हुए संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं



के कार्यों पर पार्टी का भविष्य निर्भर करता है। कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जितना बेहतर काम करेंगे, पार्टी उतनी ही ज्यादा मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद करें। उनकी क्या समस्या है और उसका समाधान कैसे हो, इस पर ध्यान दें और गांव-गांव जाकर सरकार की महागठबंधन सरकार की योजनाओं के बारे में बताएं। मुख्य उपसचेतक सह विधायक भूषण बाड़ा ने कि कांग्रेस में कार्यकताओं का स्थान सर्वोपरि है। बूथ कमेटी में निष्ठावान साथियों को स्थान दें। सभी कार्यकर्ता गांवों में जाएं, वहीं प्रवास करें। ग्रामीणों की समस्या को सुनकर दूर करें और अधिक से अधिक ग्रामीणों को संगठन से जोड़ते हुए बूथ को मजबूत करने का काम करें। कार्यक्रम को गुमला जिलाध्यक्ष रोशन बरवा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, बाँसजोर जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का ने भी सम्बोधित किया। मौके पर जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ,तिलका रमन सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से 45 भेड़ों की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा रोड-चोपन रेलखंड पर गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव के समीप यात्री रेलगाड़ी की चपेट में आने से 45 भेड़ों की मौत हो गई। घटना बुधवार की है। सभी भेड़ उडसुगी गांव निवासी सरजू पाल की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार करीब 200 संख्या में भेड़ें गढ़वा रोड- चोपन रेलखंड के बगल में उड़सुगी गांव के समीप चर रहे थे। इस दौरान भेडें रेलवे लाइन पार कर दूसरी ओर जाने लगे। इस बीच चोपन से गढ़वा रोड की ओर जाने वाली यात्री रेलगाड़ी आ गई। बताया गया कि चरवाहे के प्रयास के बावजूद 45 भेडें रेलगाड़ी की चपेट में आ गए। जिससे घटनास्थल पर ही 45 भेंड़ की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई भेंड़ रेललाइन पार कर झाड़ियों तक पहुंच कर मर गई। जबकि कई भेंड रेलवे ट्रैक पर भी कट गई।

### गढ़वा में राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला का आयोजन आज से

**गढ़वा।** गढ़वा में टाउन हाल के मैदान में राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन 29 सितंबर को होगा। इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला के संयोजन हितेश पाठक ने बताया कि मेला 20 अक्टूबर 2022 तक चलेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस मेला में भारत के 20 राज्यों के हस्त शिल्पकारों द्वारा 55 से 60 स्टाल लगेगा। इसमें उत्तर प्रदेश के मेरठ के खादी के कपड़े, पानीपत के पर्दा, कोलकाता हैंडलूम के कपड़े, बनारसी साड़ी, भागलपुर सूट व ड्रेस मैटेरियल्स, राजस्थानी अचार, उत्तर प्रदेश के भदोही का कारपेट डॉर्मेट कालीन, लेडीज पर्स, सहारनपुर का फर्नीचर, लुधियाना कौटन, खादी ग्रामोउद्योग क ी दवाइयां, फिरोजाबाद कांच क ी चूड़ियां आदि घरेलू उपयोग में आने वाले सामानों के स्टाल लगाए जाएंगे।

# ट्रेन ठहराव व उकामाड़ व मंगरा में अंडर पास की मांग को लेकर 2 अक्टूबर को होगा अनशन: कन्हाई



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उकामाड़ पंचायत सचिवालय में रेलवे से जुड़ी जनसमस्याओं और ट्रेन ठहराव के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों द्वारा छिपादोहर बरवाडीह रेलवे स्टेशन उकामाड़ बस्ती के पास रेल फाटक या अंडर पास न होने के कारण लगातार होने वाले हादसों पर चिंता जाहिर करते हुए आंदोलन करने पर चर्चा की गई। जहां सभी ने सर्वसम्मति से किसी भी तरह के आंदोलन में समर्थन करने की बात कही।

### सांसद को जनता के कार्यों से कोई सरोकार नहीं

जीप सदस्य कन्हाई सिंह ने उकामाड़ के साथ-साथ मंगरा में अंडर पास बनाने और पूर्व की तरह बरवाडीह औ छिपादोहर रेलवे स्टेशन में ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर आगामी 2 अक्टूबर को अनशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह को क्षेत्र की जनता से कोई सरोकार नहीं है तभी तो राज्य के दूसरे सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व की तरह यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी और हमारे सांसद जनता के बीच से दूरी बनाकर क्षेत्र के समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रखना चाहते जिसका जीता जागता उदाहरण है। बरवाडीह और छिपादोहर में पूर्व की तरह कई ट्रेनों का ठहराव नहीं हो रहा है, जिसके खिलाफ अब क्षेत्र की जनता आंदोलन करने जा रही हैं। जिसकी पूरी जवाबदेही क्षेत्र के लापता सांसद की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उकामाड़ और मंगरा में आए दिन रेल फाटक या अंडरपास नहीं होने के कारण रेल दुर्घटना का शिकार स्थानीय लोगों को होना पड़ता है। जिसके बाद भी हमारे क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि पर इसका कोई असर नहीं होता है। जिसके खिलाफ भी अब उग्र आंदोलन होगा। बैठक में काफी संख्या में पुरुष महिला ग्रामीण शामिल थे।

# गुटखा बिक्री के खिलाफ बीडीओ ने चलाया छापामारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** श्रीबंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार के निर्देश पर भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो ने गुटखा बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। भवनाथपुर में आधा दर्जन दुकानों में छापेमारी कर करीब 10 बोरा गुटखा जब्त किया है छापामारी टाऊनशिप के दुकानों से शरू हुआ। जहां से खुला गुटखा मिले जिसके बाद भवनाथपुर के सुधीर गुप्ता के दुकान में छापेमारी करने पर एक बोरा गुटखा जब्त हुआ, अजय गुप्ता के दुकान में छापेमारी करने पर गुटखा नही मिला। जिसके बाद भवनाथपुर बाजार स्थित मनोज गुप्ता के दुकान में छापेमारी किया। जहां से भरी मात्रा में 8 बोरा विमल गुटखा एवं 1 बोरा शुध



पल्स गुटखा जब्त हुआ। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि छापामारी श्री बंशीधर नगर एसडीओ के निर्देश पर किया जा रहा है राज्य मे गुटखा पान मसाला बंद है ऐसे में गुटखा, पान मसाला को बेचना कानूनन जुर्म है। छापामारी दल में थाना के एस आई कुंदन यादव, पंचायत सेवक अजित सिंह, विष्णु प्रसाद, राजगीर राम, 15वें वित्त अशोक कुमार यादव, श्रम मित्र नागेंद्र शर्मा सहित पुलिस के जवान सामिल थे।

## सांसद सुदर्शन भगत ने किया मोदी@20 ड्रीम मीट डिलीवर का आयोजन

# लोकतंत्र में जनमत सबसे उपर होता है: सांसद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मंजूरमति उच्च विद्यालय लोहरदगा के सभागार में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 8 वर्ष के कार्यों को लेकर बुद्धिजीवी व प्रबुद्ध लोगों की गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान सांसद सुदर्शन भगत समेत अन्य अतिथियों के द्वारा मोदी@20ड्रीम मीट डिलीवरी पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कार्यक्रम संयोजक अधिवक्ता अजय मित्तल ने की। मौके पर सुदर्शन भगत ने कहा कि मोदी जी ने अपने जीवन में किए संघर्षों के अनुभव से देश के प्रत्येक लोगों की समस्याओं को समझा है। मोदी जी के प्रचारक जीवन का कार्यक्षेत्र विशेष रूप से जनजाति अंचल क्षेत्र रही थी इसलिए जनजाति समाज की आवश्यकताओं और जीवनसंघर्ष को जानते हैं। लोकतंत्र में जनमत सबसे उपर होता है और तंत्र से बड़ा व्यक्ति। मोदी जी के कार्यों को



सराहते हुए जनमत ने देश नेतृत्व हाथों में दिया है। मुख्य वक्ता मदनमोहन पाठक ने कहा कि मोदी जी का एक मात्र धर्म राष्ट्रधर्म इसलिए अपने निष्ठा और समर्पण से आज विश्व में अपने कार्यों के लिए प्रख्यात हैं। पिछले 70 वर्ष में पहले प्रधानमंत्री जिन्होंने पूरे भारत वर्ष को बिना किसी तंत्र के बगैर प्रयोग एक साथ कर देते हैं। मोदी जी प्रत्येक व्यक्ति में प्रतिबिंब देखते उन्हें कष्टों की अनुभूति है और सभों को अपना कुटुंब मानते है। मनीर उरांव ने कहा कि मोदी जी के 8 वर्षों के कार्यों को विश्व भी सराह रही है। मोदीजी के नेतृत्व भारत की ताकत का पहचान कराया है। कृपाशंकर सिंह ने कहा आज देश के अंदर अलगाववादी व राष्ट्र को नुकसान व निरंकुश शासन की कल्पना व भारत की संस्कृति को नुकसान पहुंचाने वाले लोग भी मोदी डरे हुए हैं इसके सफाई अभियान भी शुरू हो गई है यह मोदीजी के कारण संभव। इस मौके पर पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह ,पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बाल कृष्णा सिंह, शिवशंकर सिंह, नीरज कुमार नलिन, अशोक खत्री, हर्षनाथ महतो, जगनंदन पौराणिक ,सामेला भगत, अनिल उरांव, भारती सिन्हा, मीना बाखला, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, अमरेश भारती,जितेंद्र महतो,बाल्मीकि कुमार, रामचंद्र गोप, राजेश महतो, सूरज दसोंधी, चंद्र किशोर प्रसाद, गणेश महतो, दामोदर महतो, संजय महतो, धनेश्वर पांडे सहित अन्य शामिल थे।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने चिनियां में विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियिां/गढ़वा।** विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा प्रखंड के 29 दुर्गा पूजा समितियों को सहयोग राशि भी प्रदान किया गया। लोगों को संबोधन करते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आज माता रानी की कृपा से हम लोग कोरोना से मुक्त हो गए हैं। हम लोग पहले की तरह ही सभी पर्व त्योहारों को खुशी से मना रहे हैं जो यह माता रानी की बहुत बड़ी कृपा है। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चिनिया चपकली मोड़ से लेकर रंका मोड़ तक 7 मीटर चौड़ीकरण



रोड की भी स्वीकृति मिल गई है बहुत जल्द सड़क बनेंगे। चिनिया प्रखंड मुख्यालय में पहली बार 1,30000000 की लागत से सीएचसी केंद्र बनाए जाएंगे। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर हसन, प्रखंडअध्यक्ष अरविंद यादव, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अयूब मंसूरी, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, सत्यनारायण यादव, झामुमो नेता मनदीप यादव, राम सागर यादव, बंशीधर यादव, मासूम खान, जिला प्रवक्ता धीरज दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

## शांति व्यवस्था जरूरी

**दशहरा** पर्व को लेकर झारखंड के सभी डीसी-एसपी अलर्ट मोड पर आ गये हैं। शांति व्यवस्था को बहाल रखने के लिए संयुक्त आदेश जारी किये गये हैं। पलामू में भी इस बार पर्व को लेकर जिले के सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर पांच दिनों तक दंडाधिकारियों व सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व सशस्त्र बल हर समय तैनात रहेंगे। इस आशय का संयुक्त आदेश उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी कर दिया गया है। संयुक्त आदेश में डीसी-एसपी ने दशहरा पर्व को लेकर विशेष सतर्कता का निर्देश दिया है। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर भी नजर रखने की जरूरत है। कारण विशेष कर मोबाइल एसएमएस,फेसबुक, ट्यूटर, वाट्सएप आदि माध्यमों से अराजक तत्व आपत्तिजनक मैसेज का आदान प्रदान करते हैं। इस पर पूरी तत्परता से नजर रखने की जरूरत है। वैसे संयुक्त आदेश में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं उन पर सतत निगरानी रखने को कहा गया है। वहीं जुलूस पर पूर्णतया नियंत्रण की बात कही गई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी मार्गों पर ही प्रतिमा विसर्जन करने की अनुमति दी गयी है इसे दृढ़तापूर्वक पालन कराने को कहा गया है। दो व पांच अक्टूबर को जिले के सभी शराब दुकाने पूरी तरह से बंद रहेंगे। लेकिन कई जगहों पर शराब की दुकानें खुली रहती हैं। यही नहीं अराजक तत्व खुलकर इस नियम को तोड़ते देखे जाते हैं। ऐसे में पर्व के मौके पर सख्ती आवश्यक है। कारण कलश स्थापना के साथ इस वर्ष 26 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ है। मातृशक्ति के इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। वहीं, इसका समापन पांच अक्टूबर को होगा। इस दिन प्रशासन को चौकस रहने की जरूरत है। कारण पलामू में रामजन्मी में भयानक हादसा हो चुका है। इस कारण यहां के लोगों में काफी असुरक्षता की भावना रहती है। नवरात्रि का त्योहार संपूर्ण भारत में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होती है और अष्टमी तथा नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया जाता है। जगत जननी मां दुर्गा के आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र पर राज्यभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों का भी निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। दशहरा का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। लेकिन दुर्भाग्य इस पर्व को हाल के दिनों में बदनाम किया गया है। शराबी शराब के नशे में सड़क पर चल रहे लोगों के साथ अभद्रता के साथ पेश आते हैं। यह एकदम गलत बात है। ऐसे तत्वों के साथ पुलिस प्रशासन को कड़ा रूख अपनाने की जरूरत है। यह अनादि काल से देखा गया है कि जब- जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है भगवान को अवतार लेना पड़ा है। यह बात जानना जरूरी है कि कर्म ही धर्म है। मनुष्य कर्म से महान होता है। इसलिए धर्म का सम्मान करना चाहिए। ऐसे में इस दिन कोई भी बुरा कार्य नहीं करना चाहिए। आज देखा जा रहा है कि समाज में कटुता बढ़ रही है । इसका एकमात्र कारण लोग धर्म से दूर भाग रहे है। ऐसे में इन मौके पर अराजक तत्वों पर अंकुश लगाना जरूरी है।

### आज का इतिहास

**1973 :** पुड्डुचेरी के अरबिंदो आश्रम की गुरू मां का निधन।
**1974 :** अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की स्थापना की गयी।
**2002 :** इराक निशस्त्रीकरण संकटः हेंस ब्लिक्स के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के हथियार निरीक्षकों का दल इराक पहुंचा।
**2005 :** पूर्वी इराक में 2 मस्जिदों में कई आत्मघाती बम विस्फोटों में 74 शिया सैनिक मारे गए।
**2007 :** सऊदी अरब में 2007 ओपेक की बैठक वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज द्वारा खोली गयी।
**2009 :** बॉलीवुड अभिनेत्री सिंपल कपाड़िया का निधन।
**2009 :** हांगकांग की सरकार ने एक नई लोकतांत्रिक राजनीतिक संशोधन योजना का खुलासा किया।
**2013 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा।
**2014 :** यूनेस्को के अनुसार, स्पेन के कैमिनो सैंटियागो, मनीला में रिजल स्मारक, पेरू के माचू पिच्चू और ऑस्ट्रेलिया के डंपियर द्वीपसमूह विश्व धरोहर स्थल खतरे में हैं।
**2017 :** भारत की मानुषी छिल्लर ने ह्यमिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीता।
**1278 :** इंग्लैड में जालसाजी के आरोप में 680 यहूदियों को गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फांसी पर लटकाये गये।
**1525 :** भारत को जीतने के मकसद से बाबर ने सिंध के रास्ते पांचवीं बार यहां प्रवेश किया।
**1831 :** इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
**1869 :** इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने पहली साइकिल रेस जीती।
**1918 :** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ हॉलैंड बनी।
**1928 :** लाठी चार्ज में घायल होने के बाद लाला लाजपत राय का निधन।
**1932 :** तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत हुई।
**1933 :** अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।

# शहरीकरण व नीतिगत खामियां

> दुनिया के एक प्रतिष्ठित विचार समूह आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स ने वर्ष 2018 में दुनिया के कई बड़े और मझोले शहरों की बदलती आर्थिक हैसियत को लेकर सात सौ अस्सी शहरों के बारे में रिपोर्ट पेश की थी। इसमें दावा किया गया था कि 2019 से 2035 के बीच भारत, चीन और इंडोनेशिया के कई शहर यूरोप व अमेरिका के शहरों को पीछे छोड़ देंगे। रिपोर्ट में तेजी से विकसित होते जिन शीर्ष बीस शहरों का विशेष जिक्र किया गया था, उनमें सत्रह भारत के थे। दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, हैदराबाद और सूरत के अलावा नागपुर, तिरुपुर और राजकोट जैसे शहरों को इस सूची में जगह दी गई थी।

**हा**ल में बंगलुरु जिस तरह से बारिश में डूबा नजर आया, उससे यह सवाल उठा कि क्या यही वह शहर है, जिसके बल पर हमारा देश खुद की तरक्की के दावे करता है। बेतरतीब शैली का शहरी विकास अपने साथ कैसी-कैसी समस्याएं पैदा कर सकता है, यह बात देश की राजधानी दिल्ली और इससे सटे एनसीआर कहलाने वाले शहरों (गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा आदि) में भी कई स्तरों पर दिखाई देती है। दुनिया के एक प्रतिष्ठित विचार समूह आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स ने वर्ष 2018 में दुनिया के कई बड़े और मझोले शहरों की बदलती आर्थिक हैसियत को लेकर सात सौ अस्सी शहरों के बारे में रिपोर्ट पेश की थी। इसमें दावा किया गया था कि 2019 से 2035 के बीच भारत, चीन और इंडोनेशिया के कई शहर यूरोप व अमेरिका के शहरों को पीछे छोड़ देंगे। रिपोर्ट में तेजी से विकसित होते जिन शीर्ष बीस शहरों का विशेष जिक्र किया गया था, उनमें सत्रह भारत के थे। दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु, हैदराबाद और सूरत के अलावा नागपुर, तिरुपुर और राजकोट जैसे शहरों को इस सूची में जगह दी गई थी। इस सूची ने हमारे कुछ शहरों को कुछ चमक जरूर दी थी, पर हाल में बारिश के बाद पानी में डूबे बंगलुरु और पुणे आदि शहरों की जो दुर्दशा देखने को मिली, वह सारी उम्मीदों पर पानी फेर रही है। पिछले एक-दो दशक में भारत के दर्जनों शहरों की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। देश में चल रही सौ शहरों को आधुनिक शहर (स्मार्ट सिटी) में बदलने वाली परियोजना का उद्देश्य तेज विकास कर मझोले और छोटे शहरों की चमक-दमक बढ़ाना भी है। मगर आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के लिए पलायन कर शहरों की ओर आ रही भीड़ के आंकड़े शहरों पर बढ़ रहे दबाव का खुलासा करते हैं। बंगलुरु जैसे शहर इसकी मिसाल हैं जहां दुनिया की सैकड़ों बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के दफ्तर हैं। हालांकि इसका एक बड़ा फायदा निश्चित तौर पर हमारी उस युवा आबादी से जुड़ा है, जिसे इन शहरों में बेहतरीन रोजगार मिले हुए हैं। यही नहीं, तेज तरक्की कर रहे शहरों की बदौलत लोहा, सीमेंट से लेकर उपभोक्ता वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों को भी ढेरों काम मिलता है और उनकी मोटी कमाई होती है। लेकिन सवाल इस बात का है कि क्या हमारे ज्यादातर शहर आगे भी इसी तरह रोजगार देते रहेंगे, या फिर आबादी के बोझ, बुनियादी ढांचे पर पड़ते दबावों और पर्यावरणीय कारणों से वे तबाही के ऐसे मुकाम पर पहुंच जायेंगे, जहां उनके लिए कोई उम्मीद बाकी नहीं रहेगी। विडंबना यह है कि आज हम जिन शहरों को बड़ी उम्मीदों के साथ देखते हैं, उनका दम घुटने लगा है। विकास के रास्ते पर तेजी से भागते हुए ये शहर हांफने लगे हैं और इनका भविष्य दिनों-दिन डरावना होने लगा है। भारत की आइटी-धुरी कहलाने वाले बंगलुरु महानगर को करीब साढ़े तीन हजार आइटी कंपनियों ने अपना ठिकाना बनाया है। इससे अमेरिकी की सिलिकान वैली की चमक धुंधली पड़ गई। कहा जाने लगा था कि जो रोजगार और कारोबार सिलिकान वैली में संभव में है, वैसा ही कुछ बंगलुरु में हो सकता है। लेकिन हाल में बंगलुरु जिस तरह से बारिश में डूबा नजर आया, उससे यह सवाल उठा कि क्या यही वह शहर है, जिसके बल पर हमारा देश खुद की तरक्की के दावे करता है। बेतरतीब शैली का शहरी विकास अपने साथ कैसी-कैसी समस्याएं पैदा कर सकता है, यह बात देश की राजधानी दिल्ली और इससे सटे एनसीआर कहलाने वाले शहरों (गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा आदि) में भी कई स्तरों पर दिखाई देती है। यहां सड़कों का जाल है, मेट्रो दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में दस्तक दे चुकी है और इसका दायरा बढ़ता ही जा रहा है। इसी के साथ बिजली की बढ़ती खपत एक नया संकट खड़ा कर रही है। दिल्ली में बिजली की मांग के पिछले सभी रिकार्ड टूटते जा रहे हैं। रोजाना इतनी बिजली की आपूर्ति के लिए कितने बड़े स्तर पर प्रबंध करने की जरूरत है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा रहा है कि इसके लिए उत्तराखंड के विशालकाय टिहरी पावर प्लांट जैसे छह से अधिक बिजलीघरों चाहिए होंगे। देश के सिर्फ एक ही शहर को जगमग रखने के लिए हजार मेगावाट की क्षमता वाले छह या इससे ज्यादा बिजलीघर लगाने पड़ें, तो सोचा जा सकता है कि आखिर ये शहर हमारे लिए कैसी समस्याएं खड़ी करने वाले हैं। शहरीकरण जो समस्याएं पैदा कर रहा है।

■ **अभिषेक कुमार सिंह**

## यहां कौन जिंदा है

**ज**माना बाढ़ बनकर हमेशा पीछे लगा रहता है। जब देखो तब डुबोने के चक्कर में। शायद औरों की झोपड़ियाँ जलाकर उस पर भोजन पकाने से खाने का मजा दोगुना हो जाता होगा। भूख से बिलखती जिंदगियों की अंतर्पीड़ाओं के बैकग्राउंड में एक अच्छा सा संगीत बजा देने से शायद वह कर्णप्रिय लगने लगे। हो सकता है ऊटपटांग गानों के बीच यह भी जोरों से धंधा कर ले। चलती का नाम गाड़ी है और इस गाड़ी में मुर्दों के बीच सफर करना जो सीख जाता है तो समझो उसकी बल्ले-बल्ले है। वैसे भी यहाँ कौन जिंदा है। सब के सब मरे हुए तो हैं। कोई जमीर मारकर जी रहा है। कोई किसी का मेहनताना खाकर जी रहा है। कोई झूठों वादों से बहलाकर जी रहा है तो कोई मैयत की आग पर रोटी सेककर जी रहा है। यहाँ उल्टा-सीधा जो भी कर लो, लेकिन जीकर दिखाओ यही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। या फिर कहलो आठवाँ अजूबा है। सिर उठाने के लिए नहीं झुकाने के लिए होता है। सिर उठाना तो हमने कब का छोड़ दिया। इतनी ही उठाने की ताकत होती तो दिन को रात, अनपढ़ को विद्वान, सूखी रोटी को मक्खन का टुकड़ा नहीं कहते। एक आदत सी हो गयी है बुरे को अच्छा कहने की, झूठे वादों को सच समझने की। बेरोजगारी को कलाकारी मानने की। जैसे पेड़ कटते समय कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी को अपनी बिरादरी समझकर खुश होता है ठीक उसी तरह हम भी अपनी जाति-बिरादरी के मुखिया को चुनकर उनके हाथों गला घोंटवाने का परम आनंद प्राप्त करते हैं। शायद ऐसे ही लोग इस दुनिया में जीने के सच्चे हकदार होते हैं। दुनिया में कीड़े-मकौड़ों से भला किसे शिकायत हो सकती है? कीड़े-मकौड़े तब तक जीवित रहते हैं जब तक किसी के बीच दखलांदाजी नहीं करते। दखलांदाजी करने वालों का जवाब तो सारा जमाना मसलकर ही देता है। यहाँ चुपचाप चलने वालों की टांग में टांग अड़ाया जाता है। इतना होने पर भी वह अगर चलने लगता है, तो उसकी एक टांग काट दी जाती है। हालत यह होती है कि चलने वाला बची हुई एक टांग को अपना सौभाग्य समझकर टांग काटने वाले को शुक्रिया अदा करता है। जो होता है होने दो, जैसा चलता है चलने दो कहकर आगे बढ़ने की आदत डाल लेनी चाहिए। नहीं तो तुम से तुम्हारा भोजन, पानी, बिजली छीन लिया जायेगा। तब तंबूरा बजाने के लायक भी नहीं बचोगे। यह हवा, आकाश, पानी, आग, धरती सब बिकने लगे हैं। वह दिन दूर नहीं जब चंद सांसों के लिए भी इन्हें खरीदना होगा। तब चंद सांस देने वाला दुनिया का सबसे बड़ा दानी कहलायेगा। अपने लिए आहें भरवायेगा। यहाँ तुम्हारा कुछ नहीं है। तुम एकदम ठनठन गोपाल हो। इसलिए सिर उठाने, सवाल पूछने, परेशानी बताने जैसे देशद्रोही काम बिल्कुल मत करो। यह एक आभासी दुनिया है। यहाँ केवल अपना आभास मात्र रहने दो। इसे हकीकत समझने की भूल बिल्कुल मत करना। वरना किसी आरोप में सरेआम लटका दिए जाओगे।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## नये सामाजिक अनुबंध की जरूरत

**प**चहत्तर साल पहले भारत को भूख व भुखमरी से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। उस काल-खंड में विदेशी मुद्रा पाने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। हमारे सामने तब एक आजाद मुल्क बने रहने और अति-गरीबी से मुक्ति के लिए अपने आर्थिक विकास को गति देने की भी चुनौती थी। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, घरेलू व निर्यात संबंधी प्रतिस्पर्द्धी बुनियादी ढांचे और कृषि व विनिर्माण क्षमताओं के आधुनिकीकरण को लेकर भी हम प्रयासरत थे। इसी तरह, सामंती व्यवस्था से ऊपर उठते हुए हमें एक ऐसे युग में प्रवेश करना था, जहां समानता और सामाजिक गतिशीलता को अधिक प्रोत्साहन मिले। इस लिहाज से देखें, तो इन सभी अहम कसौटियों पर हमने अच्छी-खासी तरक्की की है। मगर क्या हमने अवसर भी गंवाये, गलतियां भी कीं? वास्तव में, हर सफलता कमियों और गंवाये गये अवसरों के साथ ही रेखांकित की जाती है। जैसे, यह समझ से परे है कि कैसे हमने अत्यधिक नियंत्रण वाले केंद्रीकृत योजनाबद्ध मॉडल को लगातार बनाये रखा। यह भी बहुत साफ नहीं कि साल 1991 के आर्थिक सुधार उस समय की मजबूरी थे या हमारी चयन संबंधी आजादी का प्रतिफल? विकल्प तभी सार्थक होते हैं, यदि चुनने के रास्ते कई हों। साल 1991 में हमारे पास चयन के विकल्प सीमित थे। इस परिस्थिति में यदि हम यहां से अगले 25 वर्षों के लिए अपनी यात्रा शुरू करते हैं, तो 100वें साल पर भारत के लिए हमारी खोज क्या होगी? उन लक्ष्यों की झलक स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के संबोधन में हमें मिलती है, जिनमें सामाजिक सुधार और पुनर्रचना भी शामिल हैं। उनके 'पांच प्रण' के हर प्रण में दूरगामी बदलाव नजर आते हैं और इनमें सबसे अहम है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प। लिहाजा, हमें खुद से यह पूछना चाहिए कि एक विकसित देश हम कैसे बनेंगे, और इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें किस तरह के बदलावों की जरूरत है? व्यापक अर्थों में इसका मतलब है, सामाजिक अनुबंध की पुनर्रचना। सन 1762 में जीन-जैक्स रूसो द्वारा गढ़े गये मूल सामाजिक अनुबंध में शासन संरचना और उसके प्रति दायित्व को लेकर नागरिकों में सहमति थी। बेशक समय की कसौटी पर यह अनुबंध काफी हद तक खरा उतरा है, लेकिन अगले 25 वर्षों के बदलाव की प्रकृति और उसकी रफ्तार पुराने अनुभवों के मुकाबले अलग हो सकती है। जाहिर है, नये सामाजिक अनुबंध से तात्पर्य यह है कि न केवल नागरिक अधिकारों को लेकर, बल्कि उसके कर्तव्यों को लेकर भी नये प्रावधान तय करने की जरूरत है। सवाल है कि एक उच्च आय वाले विकसित देश में हम कैसे शुमार होंगे? एक, हमें आर्थिक विकास की उन दरों को पाना होगा, जो हमारी प्रति व्यक्ति आय को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की परिभाषा के मुताबिक तय 20 हजार डॉलर नॉमिनल जीडीपी या विश्व बैंक के मापदंड के अनुरूप 12,696 डॉलर के करीब ले आय। अभी हम एक मध्य-आय वाले देश हैं। सिंगापुर सरकार के वरिष्ठ मंत्री टी शणमुगरत्नम ने प्रथम अरुण जेटली व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की औसत आय बढ़ाने और अधिक रोजगार पैदा करने के लिए भारत को अगले 25 वर्षों तक आठ से दस फीसदी की दर से विकास करना होगा। यह अनुमान लगाया गया है कि इसके लिए आईएमएफ स्तर के हिसाब से 9.36 प्रतिशत और विश्व बैंक के स्तर के लिहाज से 7.39 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर को हासिल करना अनिवार्य होगा। साफ है, व्यापार विकास की मुख्य धुरी होगा। हमें एक ऐसी व्यापार नीति तंत्र की जरूरत है, जो वास्तविक विनिमय दरों से आगे जाता हो, बल्कि अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए व्यापार, रसद, परिवहन और नियामक ढांचे में उल्लेखनीय सुधार कर सके। आयात शुल्कों की संकीर्ण व्याख्या आत्मनिर्भर भारत के दर्शन से उलट है। जब तक प्रतिस्पर्द्धी कीमतों पर आयात उपलब्ध न होंगे, निर्यात क्षमता प्रतिस्पर्द्धी नहीं बन सकेगी। इसके अलावा, चीन के उदय सहित बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं व बदलावों को देखते हुए हमारी व्यापार रणनीति को एक अलग पटकथा की जरूरत है। दो, मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें जीवन प्रत्याशा के साथ-साथ ग्रामीण आबादी तक बिजली की पहुंच, इंटरनेट की उपलब्धता, जीवन व संपत्ति की सुरक्षा और आय की असमानता को पाटने जैसे अहम मापदंडों पर सुधार करने की आवश्यकता है। हमें अपने एचडीआई स्कोर को 0.645 के मौजूदा मध्यम स्तर से 0.8 के करीब ले जाने की जरूरत है, ताकि हम उच्च स्तर पर पहुंच सकें। इसके लिए हमें मान्यता प्राप्त निर्यात निकायों की सिफारिशों के अलावा, शिक्षा व स्वास्थ्य देखभाल पर नये सिरे से जोर देने के लिए 2020 की नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और 2017 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में की गई प्रतिबद्धताओं के पालन की आवश्यकता है।

■ **एन के सिंह**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

जो अधिक वैभवशाली होता है उसे देवांश जानना चाहिये जो ऋषि नहीं है वह काव्यकी रचना नहीं कर सकता; जो रुद्र नहीं है वह रुद्रकी अर्चना हीं कर सकता। जिसमें देवांश नहीं है वह अन्नदान हीं कर सकता और जिसमें विष्णुका अंश नहीं है। ह राजा नहीं हो सकता। हे राजन विष्णु, इन्द्र अग्नि, यम और कुबेरसे प्रभुत्व, प्रभाव, कोप और राक्रम प्राप्त करके ही निश्चितरूपसे यह शरीर जनता है ॥ 23-25 ॥

इस संसारमें जो कोई बलवान, भाग्यवान गवान, विद्यावान या दानशील है, उसे देवांश हा जाता है ॥ 26 ॥

हे राजन! उसी प्रकार मैंने पाण्डवोंको भी श बताया था। वासुदेव श्रीकृष्ण तो नारायणके और उन्होंके समान कान्तियुक्त थे ॥ 27 ॥

प्राणियोंका शरीर सुख-दुःखका भाजन होता हैः शरीरधारी सुख-दुःख प्राप्त करता रहता है ॥ 28 ॥

कोई भी प्राणी स्वतन्त्र नहीं है, बल्कि सदैव दैवके अधीन रहता है। वह विवश होकर जन्म, मरण, सुख तथा दुःख प्राप्त करता है ॥ 29 ॥

दैववश ही पाण्डव वन गये और पुनः उन्होंने अपना राज्य प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने अपने बाहुबलसे राजसूय नामक उत्तम यज्ञ किया और बादमें अत्यन्त दुःखदायक वनवास उन्हें पुनः प्राप्त हुआ। वहाँ अर्जुनने अजितेन्द्रिय पुरुषोंके लिये दुष्कर तपस्या की। तब [ उस तपस्यासे] सन्तुष्ट होकर देवताओंने उन्हें कल्याणकारी 'वरदान दिया। उस वनवास और नरावतारमें किया गया। पुण्य कहाँ गया ? नरावतारमें उन्होंने बदरिकाश्रममें उग्र तपस्या की थी, परंतु अर्जुनके रूपमें उन्हें उस तपस्याका फल नहीं मिला। ॥ 30-33 ॥

प्राणियोंकि देह-सम्बन्धी कमोर्की गति अत्यन्त गहन है; यह देवताओंके लिये भी दुर्ज्ञेय है तो मनुष्योंकी क्या बात! ॥ 34 ॥

वासुदेव श्रीकृष्ण भी अत्यन्त संकटमय कारागारमें उत्पन्न हुए और वसुदेवके द्वारा गोकुलमें नन्दगोपके घर ले जाये गये। हे भारत! वे वहाँ ग्यारह वर्षतक रहे और पुनः मथुरा जाकर उन्होंने बलपूर्वक उग्रसेनके पुत्र कंसका वध किया। तदनन्तर अत्यन्त दुःखित माता पिताको बन्धनसे मुक्त किया तथा उग्रसेनको मथुरापुरीका राजा नियुक्त किया। पुनः वे म्लेच्छराज कालयवनके भयसे द्वारका चले गये। श्रीकृष्णने यह सब महान पराक्रम दैवके अधीन होकर ही किया ॥ 35-38 ॥

- **क्रमशः**

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## बिजली चोरी पर लगे रोक

**श**हर के गायत्री मंदिर रोड़ स्थित एफसीआई गोदाम के बगल में सिंचाई विभाग द्वारा बने बगंला कालोनी में धड़ल्ले से बिजली की चोरी की जा रही है। इसपर न तो प्रशासन का ध्यान है और न ही बिजली विभाग का वे आराम से अवैध रूप से बिजली की चोरी कर इस्तेमाल कर रहे है। जिस कारण कभी कभी आबादगंज रेलवे क्रासिंग पर लगे ट्रांसफार्मर का फियुज मार देता है। और बिजली बिल उपभोक्ता अधेंरे में रहने को विवश हो जाते है। मजबुरी वस वहां के लोगों कों रात में ही मिस्त्री बुलाकर फियुज बंधवाना पड़ता है। बिजली बिल उपभोक्ता परेशान और चोरी करने वाले को मिलता आराम। ऐसे में बिजली विभाग को इस ध्यान घ्यान देने की जरूरत है। सरकारी क्वाटर के कारण बिजली विभाग का इस ओर ध्यान नहीं जाता है। जबकि उस क्वाटर में रहने वाले लोग अवैध रूप से रह रहे है। वे सरकारी क्वाटर का फायदा उठाकर धड़ल्ले से बिजली की चोरी कर रहे। उन्हें इस बात का डर नहीं कि बिजली विभाग की छापामारी करेगी । वे निडर होकर बिजली का इस्तेमाल कर रहे है। मै लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से बिजली विभाग का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हॅू कि वैसे लोगों को जो बिजली चोरी कर ,बिजली का इस्तेमाल कर रहे है उन पर कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाया जाय, ताकि भविष्य में अवैध बिजली जलाने की हिम्मत न करे।

■ **प्रदीप कुमार, हमीदगंज, मेदिनीनगर।**

# भारत से सीखे तो बदल सकती है दुनिया

**ज़**यादा स्वस्थ, न्यायसंगत व समृद्ध दुनिया की ओर बढ़ने की रफ्तार निर्भर करती है प्रतिबद्धता व इनोवेशन पर। यही वह बिंदु है, जहां भारत दुनिया को राह दिखाता है। पिछले दो दशकों से बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन भारत में काम कर रहा है। हम यह देखकर लगातार हैरान होते रहे हैं कि यहां के लोग कितनी गहराई से अपनी चुनौतियों को समझते हैं और कितनी कुशलता से उन्हें हल करने के देसी उपाय खोज निकालते हैं। इस महीने की शुरूआत में हमारे फाउंडेशन ने सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (एसडीजी) की दिशा में हुई प्रगति पर एक रिपोर्ट जारी की। ये लक्ष्य - गरीबी और भुखमरी मिटाना, आर्थिक विकास हासिल करना, साफ पानी और शौचालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना और अन्य- 2030 तक हासिल करने का निश्चय सात साल पहले संयुक्त राष्ट्र में सभी सदस्य राष्ट्रों ने किया था। **उम्मीद बरकरार :** रिपोर्ट दर्शाती थी कि मौजूदा स्थिति ठीक नहीं है और इन लक्ष्यों की ओर बढ़ती दुनिया की गाड़ी पटरी से उतर चुकी है। मगर फिर भी, भारत ने जो प्रगति और जैसी लीडरशिप दिखाई, उसकी बदौलत मुझे अभी भी उम्मीद है कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं। पीएम मोदी की नेतृत्व में भारत ने कई ऐसे बड़े कदम उठाये हैं, जिनसे एसडीजी की दिशा में प्रगति तेज होने के आसार बने हैं। भारत के वैश्विक योगदान का एक बढ़िया उदाहरण है टीकों का विकास। वैक्सीन अलायंस गावी द्वारा दुनिया भर में बांटे गये हर पांच टीकों में से दो भारत में बने हुए थे। महामारी के दौरान 2021 के शुरू में सप्लाई की कमी के बावजूद, भारत में बने टीकों की दो अरब खुराक देश के अंदर बांटी गई जबकि 25 करोड़ खुराकें निर्यात की गईं। और ऐसा नहीं है कि भारत के टीका ज्ञान से सिर्फ इंसानों को फायदा हो रहा है। हमारा फाउंडेशन एनिमल वैक्सीन के क्षेत्र में भी साझेदारी का विस्तार कर रहा है। दूसरा क्षेत्र जिसमें भारत का अनुसरण होना चाहिए, वह है डिजिटल टेक्नॉलजी। इस क्षेत्र में प्रगति से दुनिया को कई चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सकती है, चाहे वह महामारी से उबरने की बात हो या गरीबी उन्मूलन की या फिर आवश्यक दवाओं तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने की। लेकिन यह तभी संभव है जब तमाम देश मिलकर ऐसे सिस्टम्स बनायें जो सुरक्षित हों, एक-दूसरे से कनेक्टेड हों और इन्क्लूसिव हों। इस लिहाज से भारत का फाइनैंशल इन्क्लूजन का डिजिटल सिस्टम पूरी दुनिया के लिए मॉडल हो सकता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना ने बैंकिंग और अन्य फाइनैंशल सर्विसेज तक खासकर महिलाओं की पहुंच जबर्दस्त ढंग से बढ़ा दी, जिनका अक्सर अपने ही पैसों पर कोई वश नहीं रहता। खोले गये कुल 45 करोड़ खातों में से आधे से ज्यादा महिलाओं के हैं। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने हर महीने जो ट्रांजेक्शन संभव बनाया है- 6 अरब से ज्यादा- वह आश्चर्यजनक है। यही नहीं, आधार आइडेंटिफिकेशन सिस्टम और डिजिटल पेमेंट्स की बदौलत महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा लोगों तक डिजिटली राहत राशि पहुंचाई जा सकी। भारत में महामारी के दौरान आबादी के कमजोर और जरूरमंद हिस्से तक मदद पहुंचाने का एक और उदाहरण है गलियों में फेरी लगाने वालों को सस्ता, बिना कुछ गिरवी रखे वर्किंग कैपिटल लोन मुहैया कराना। पीएम स्वनिधि कार्यक्रम ने फेरीवालों को इस तरह बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा, जिससे उन्हें डिजिटल ट्रांजेक्शन करने और अपनी क्रेडिट हिस्ट्री बनाने का मौका मिला। 30 लाख से ज्यादा स्ट्रीट वेंडर इससे लाभान्वित हुए, जिनमें 41 फीसदी महिलाएं थीं। भारत ने डिजिटाइजेशन के जरिये हेल्थकेयर क्षेत्र का भी रूप बदल दिया। कोविड-19 वैक्सीन की दो अरब डोज देने और उसे प्रमाणित करने में मदद करने वाले कोविन डिजिटल प्लैटफॉर्म को अब और बढ़ाया जा रहा है ताकि उसके जरिये नैशनल इम्यूनाइजेशन प्रोग्रैम को कवर किया जा सके। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का भी विस्तार किया जा रहा है ताकि लोगों की पहचान करने से लेकर पेमेंट, रेकॉर्ड स्टोरेज और कम्युनिकेशन तक की डिजिटल व्यवस्था की जा सके। इससे फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए पेशंट-लेवल डेटा इकट्ठा करना आसान हो जायेगा।

■ **बिल गेट्स**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### ओडिशा में एक करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की एक टीम ने पुलिस आयुक्तालय की मदद से भुवनेश्वर में जांच के दौरान एक ड्रग तस्कर को हिरासत में लिया और उसके कब्जे से एक करोड़ रुपये से अधिक की ब्राउन शुगर जब्त की। एसटीएफ सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने आयुक्तालय पुलिस की मदद से मंगलवार को एयरफील्ड पुलिस स्टेशन, भुवनेश्वर के तहत सुंदरपाड़ा-जटनी रोड के किनारे छापेमारी की और एक मादक पदार्थ तस्कर को हिरासत में लिया। मादक पदार्थ तस्कर की पहचान भुवनेश्वर थाना क्षेत्र के निवासी के उमेश बेहरा के रूप हुई है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान एक करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिबंधित ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। आरोपी को हिरासत में लिया गया और उसे जिला और सत्र सह विशेष न्यायाधीश भुवनेश्वर की अदालत में भेजा गया। इस संबंध में स्वापक औषधि और मन-प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) 1985 की धारा 21(सी)/29 के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच जारी है। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि 2020 से अब तक एसटीएफ ने 58 किलोग्राम से अधिक ब्राउन शुगर, 202 ग्राम कोकीन और 111 क्विंटल से अधिक गांजा, 750 ग्राम अफीम जब्त की है और 159 से अधिक मादक पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसे में दो युवक की मौत, तीन अन्य घायल

**सुपौल (एजेंसी)।** बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में सुपौल-सहरसा सड़क मार्ग पर जगन्नाथ कॉलेज के समीप दो मोटरसाइकिल के सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि अन्य तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि सहरसा एवं सुपौल से विपरीत दिशा में दो मोटरसाइकिल मंगलवार के देर रात तेज रफ्तार में एक दूसरे से टकरा गयी। हादसे में शुभम कुमार और आशीष कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि मृतक शुभम कुमार सुपौल नगर परिषद वार्ड तीन और आशीष कुमार सहरसा जिले के बिसरा थाने के बारा गांव का रहने वाला था। इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, हेड फोन बना मौत का कारण

**नवादा (एजेंसी)।** बिहार में क्यूल-गया रेलखंड पर स्थित नवादा स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। जिसके बाद रेल पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। यह घटना गया-जमालपुर सुपरफास्ट पैसेंजर से बुधवार को घटी है। प्रत्यक्षदर्शियों विपिन कुमार ने बताया कि युवक कान में हेड फोन लगाकर गाना सुनते हुए रेलवे ट्रैक पर चल रहा था, इसी बीच गया की ओर से ट्रेन आ गई। ट्रेन हॉर्न बजाती रही, लेकिन युवक को कुछ सुनाई नहीं पड़ा और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के दोबारा पर मोहल्ले के निवासी शंकर सिंह का पुत्र 35 वर्षीय प्रेमसागर कुमार के रूप में किया गया। सुबह और शाम में लोग रेलवे ट्रैक के किनारे टहलने के लिए निकलते हैं, उसी में कुछ युवक रेलवे ट्रैक पर बैठकर कभी सेल्फी लेता है तो कभी कान में ईयर फोन लगाकर ट्रैक पर ही टहलता है, जो मौत का कारण बनता है। यह कोई पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी ईयर फोन के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है।

### भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह उर्फ कुमार साहब का निधन

**बेगूसराय (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह उर्फ कुमार साहब का बुधवार को निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर फैल गई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह, भाजपा मीडिया सेल के प्रदेश संयोजक विधायक कुंदन कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह जिला महामंत्री कृष्ण मोहन पप्पू, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार अमर, बलराम सिंह, सुमित सन्नी एवं संजय प्रकाश शर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं समाज के अन्य प्रबुद्ध लोग श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। अशोक कुमार सिंह उर्फ कुमार साहब 2011 से 2016 तक जिला परिषद के सदस्य रहने के अलावा बेगूसराय के दिवंगत सांसद डॉ. भोला सिंह के संसदीय क्षेत्र प्रतिनिधि थे। पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों के अलावा वे समाज हित में भी लगातार अग्रसर रहे तथा कहा जाता है कि कोई भी इनके दरवाजे से कभी वापस नहीं लौटा। बेगूसराय जिला के नीमा चांदपुरा निवासी कुमार साहब फिलहाल कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर उनका निधन हो गया।

# लखीमपुर खीरी में बस और डीसीएम की टक्कर में 10 की मौत, कई घायल

**लखीमपुर खीरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में पीलीभीत बस्ती राजमार्ग पर बुधवार को सुबह शारदा पुल के पास एक बस और डीसीएम की आमने सामने की भीषण टक्कर में दस लोगों की मौत और दर्जन भर से अधिक लोग घायल हुये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को उपचार एवं हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। पुलिस के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले में पीलीभीत बस्ती राजमार्ग पर शारदा नदी के पुल के पास सुबह करीब 8:30 बजे यह हादसा हुआ। इसमें थाना खीरी क्षेत्र के नकहा के निकट बस व विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम ट्रक की जबरदस्त टक्कर में बस के परखच्चे उड़ गये। निजी बस ऑपरेटल रुद्र ट्रेवल्स की बस धौरहरा से लखनऊ जा रही थी। हादसे की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिसबल को घटनास्थल पर भेजकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस में सवार छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

दर्जन भर से अधिक घायलों को स्थानीय अस्पताल भेजा गया जहां चार अन्य यात्रियों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये। इस हादसे में हताहत हुए लोगों की शिनाख्त अभी नहीं हो पायी है।

लखनऊ से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने इस हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने मृतकों की आत्मशांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए हैं।

## सड़क हादसे में मासूम बच्ची समेत तीन की मौत, 34 घायल

**बाराबंकी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बुधवार को सुबह लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर एक ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 34 लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार आज तड़के लगभग तीन बजे रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में ही कोटवा के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और 34 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिये स्थानीय अस्पताल भेजा गया। इनमें से 6 घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसनेही घाट थाना क्षेत्र के लंबौवा गांव निवासी रामकरन की पुत्री का मंगलवार को मुंडन और भाई दिवाकर का बरीक्षा कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने के लिए रामकरन की ससुराल कटका थाना रामनगर से ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर आए थे। बुधवार की प्रातः लगभग 3:00 बजे ये लोग वापस कटका के लिए निकले थे। इस दौरान लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में ही कोटवा के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। जिसके बाद ट्राली डिवाइडर पर पलटते हुए दूर तक घिसटते हुए चली गई। इस हादसे में रामकरन की सास मालती देवी(50), ननकू की पत्नी शांति देवी (35) और मनोज की पुत्री शुभी (5) की मौके पर मौत हो गई। हादसे में करीब 34 लोग घायल हुए हैं। दो दर्जन से अधिक लोगों को रामसनेहीघाट सीएचसी में भर्ती कराया गया है। 6 लोगों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। दुर्घटना के बाद हाईवे पर यातायात भी कुछ देर के लिए बाधित रहा।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीन युवकों की मौत

**हरदोई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बीती देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक पर सवार होकर घर जा रहे तीन युवकों को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया, जिससे तीनो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह हादसा संडीला मल्लावां रोड पर स्थित नानकखेड़ा गांव के पास देर रात हुआ। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिये भिजवाये। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दिहाड़ी मजदूर टिमरुख गांव के निवासी लोकेश (20), अनूप (21) और जमसारा गांव निवासी जयप्रकाश के रूप में की गयी है। ये लोग हलवाई खेड़ा गांव से मजदूरी कर लौअ रहे थे। लोकेश और अनूप के साथ दूसरी बाइक पर सवार जयप्रकाश के साथ सण्डीला से अपने घर जा रहे थे। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों बाइक को रौंद दिया। जिससे तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। रास्ते में उसे गौसगंज में जेसीबी लगाकर पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन जेसीबी को टक्कर मारते हुए वह भाग निकला। अंत में पुलिस ने कस्बा मल्लावां में घेराबंदी कर ट्रक को रुकवा कर चालक को हिरासत में लिया।

## नेतुला महारानी मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को नेत्र विकार से मिलती है मुक्ति



**जमुई (एजेंसी)।** बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड स्थित नेतुला महारानी मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को नेत्र संबंधित विकार से मुक्ति मिलती है। जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड के कुमार गांव में स्थित मां नेतुला महारानीमंदिर लोगों के बीच अपनी मान्यताओं को लेकर काफी प्रसिद्ध हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तिभाव से पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस मंदिर में सालों भर नेत्र रोग से पीड़ित श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मनचाही मुराद पूरी होने के बाद श्रद्धालु सोने या चांदी की आंखें मंदिर में चढ़ाते हैं। नेतुला महारानी मंदिर में हर मंगलवार और शनिवार को विशेष पूजा का इंतजाम किया जाता है। इस दिन भक्तों की काफी भीड़ होती है। यहां पर लोग संतान प्राप्ति के लिए भी मन्नत मांगते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर में श्रद्धापूर्वक पूजा करने से कई निःसंतान दंपतियों को संतान की प्राप्ति हो चुकी है। नवरात्र में नेतुला महारानी मंदिर में मां दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा की जाती है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल से हजारों व्रती पहुंच कर नौ दिन तक मंदिर परिसर में उपवास एवं फलहार पर रहकर माता की पूजा-अर्चना एवं आरती करते हैं। कुमार गांव के ग्रामीण द्वारा साफ-सफाई एवं व्रतियों की सेवा की जाती है। इस मंदिर का इतिहास 2600 साल पुराना रहा है। जैन धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ कल्पसूत्र के अनुसार, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर अपने घर का त्याग कर कुंडलपुर से निकले थे, तब प्रथम दिन मां नेतुला मंदिर स्थित वटवृक्ष के नीचे रात्रि विश्राम किया था। इसी स्थान पर भगवान महावीर ने अपना वस्त्र का त्याग कर दिया था। इस मंदिर में हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिम संप्रदाय के लोग भी मन्नत मांगने के लिये आते हैं।नेतुला महारानी मंदिर में प्रत्येक दिन सुबह-शाम मां का श्रृंगार और आरती की जाती है। फूलों से मां का दरवार सजाया जाता है।

## बिहार का विख्यात सोनपुर मेला छह नवंबर से, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे उद्घाटन



**पटना (एजेंसी)।** देश के सबसे बड़े पशु मेले के रूप में प्रसिद्ध बिहार के सोनपुर मेले का आयोजन छह नवंबर होगा। इसका उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। खास बात यह कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 17 साल बाद इस पशु मेले का उद्घाटन करेंगे। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार हरिहर क्षेत्र मेला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। सोनपुर के एसडीएम सुनील कुमार के अनुसार सोनपुर मेले के भव्य आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का उद्घाटन छह नवंबर को करेंगे। मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि कोरोना के कारण दो साल बाद लगने वाले सोनपुर मेले में बड़ी संख्या में पशुओं की खरीद-बिक्री को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। मेले के आयोजन को लेकर इस क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है।

### सात दिसम्बर को होगा मेले का समापन

इस बार आठ नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा है। इसलिए दो दिन पूर्व छह नवम्बर को ही मेले का उद्घाटन होगा। मेले का समापन सात दिसम्बर को होगा। मेले की धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को देखते हुए इसे सूरज कुंड और कुंभ की तर्ज पर विकसित कर आधुनिक लुक प्रदान किया जायेगा। मेले को पर्यटन और दुनिया के मानचित्र पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

## पीएफआई व आरएसएस दोनों पर लगे प्रतिबंध : लालू






**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को समज में नफरत और द्वेष फैलाना वाला बताया और कहा कि इन दोनों संगठनों को प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए। श्री यादव ने बुधवार को ट्वीट कर कहा, पीएफआई की तरह जितने भी नफरत और द्वेष फैलाने वाले संगठन हैं सभी पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, जिसमें आरएसएस भी शामिल है। सबसे पहले आरएसएस को बैन करिए, ये उससे भी बदतर संगठन है। आरएसएस पर दो बार पहले भी बैन लग चुका है। सनद रहे, सबसे पहले आरएसएस पर प्रतिबंध लौह पुरुष सरदार पटेल ने लगाया था। वहीं, बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार तो राजद अध्यक्ष से और एक कदम आगे बढ़कर पीएफआई और आरएसएस के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी प्रतिबंध लगाने की बात कह दी। श्री कुमार ने बुधवार को यहां जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित ह्यकार्यकताओं के दरबार में माननीय मंत्रीह्व कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि भाजपा एवं आरएसएस दोनों पर प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने पीएफआई पर प्रतिबंध से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि जो भी संगठन समाज में गैर बराबरी, तनाव एवं नफरत फैलाते हैं उन सब पर प्रतिबंध लगाया जाए।

मंत्री ने भाजपा के एक नेता द्वारा जदयू में एक राजा और बाकी सबको नौकर बताने संबंधी बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जबसे भाजपा को दूध की मक्खी के समान निकाल बाहर फेंका है तब से उसके नेता बौखलाहट में हैं, मानसिक संतुलन खो चुके हैं तथा हताशा और निराशा में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने की राजगंज के चार पूजा कमिटियों का वर्चुअली उद्घाटन



**जलपाईगुड़ी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फूलबाड़ी बटतला पूजा कमेटी सहित जिले के राजगंज ब्लॉक के चार पूजा कमेटियों का वर्चुअली उद्घाटन किया है। मंगलवार शाम को राज्य के विभिन्न जिलों की पूजा का मुख्यमंत्री ने कोलकाता से वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फूलबाड़ी बटतला दुर्गा पूजा कमेटी के उद्घाटन के साथ ही राजगंज की चार पूजाओं का उद्घाटन भी किया। जिसमें फुलबाड़ी बटतला दुर्गा पूजा कमेटी, राजगंज श्री संघ क्लब, फाटापुकुर मणिपुर दुर्गा पूजा कमेटी और पातीला भाषा सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी शामिल है।

## एकता कपूर और शोभा कपूर को गिरफ्तार करने का आदेश



**बेगूसराय (एजेंसी)।** अपना सर्वस्व समर्पण कर भारत माता की सुरक्षा में लगे सेना की वर्दी और उसके परिवार का चरित्र हनन करने को लेकर बेगूसराय न्यायालय ने प्रोड्यूसर एकता कपूर एवं उसकी मां शोभा कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बेगूसराय न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस मामले को लेकर न्यायालय में परिवाद पत्र संख्या 524-सी/2020 दर्ज करने वाले राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के गांव सिमरिया निवासी पूर्व सैनिक शंभू कुमार ने कहा है कि भारतीय सेना परिवार की चिंता किए बगैर सरहद पर विपरीत परिस्थिति में भी डटे रहते हैं लेकिन एकता कपूर और शोभा कपूर ने अल्ट बालाजी के बैनर तले ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बने वेब सीरीज ट्रिपल एक्स के सीजन-2 में सेना के प्रति अपमानजनक टिप्पणी किया है। सैनिक के पत्नी के चरित्र को अपमानित किया है, सेना के प्रति यह दुर्भावना राष्ट्रद्रोह है। मामले को लेकर न्यायालय द्वारा पूर्व में नोटिस भेजा गया था, जिसे एकता कपूर के कार्यालय ने रिसीव किया। उसके बाद अब न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। हालांकि इस मामले में एकता कपूर एवं शोभा कपूर की ओर से न्यायालय को बताया गया है कि मामले की जानकारी मिलते ही उक्त सीन हटा दिया है, लेकिन न्यायालय ने सेना को अपमानित करने वाले इस मामले को गंभीरता से लिया है।

## जेएलएमएनसीएच के पेईंग वार्ड के बाथरूम से मिला अस्पताल कर्मी का शव



**भागलपुर (एजेंसी)।** जिले में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पेइंग वार्ड के जेंट्स बाथरूम में बुधवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि युवक की मौत 3 से 4 दिन पहले हुई होगी। आज पेइंग वार्ड में बाथरूम से उठ रही दुर्गंध के बाद जब मरीज के परहोग ने वहां जाकर देखा तो वहां युवक का शव पढ़ा हुआ था। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन के द्वारा बरारी थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मृतक के पास से एक मोबाइल और एक एटीएम कार्ड बरामद किया है। उसकी पहचान अस्पताल में कार्यरत राजेश कुमार पांडे के रूप में हुई है। वह ऑर्थोपेडिक विभाग में ड्रेसर का काम करते थे। सवाल खड़े हो रहे हैं कि पेइंग वार्ड के बाथरूम में इतने दिनों तक शव पड़ा रहा तो इसकी भनक अस्पताल प्रशासन को क्यों नहीं लगी। बाथरूम की सफाई क्या यहां पर नहीं की जाती है। अगर बाथरूम की सफाई की जाती तो यह पहले ही पता चल जाता। उधर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

# उप्र में तीन और महिला पीएसी बटालियन की होगी स्थापना



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन और महिला पीएसी बटालियन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बुधवार को दी गयी जानकारी के अनुसार जालौन, बलरामपुर और मिर्जापुर में महिला पीएसी बटालियन सथापित करने के लिए जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट का प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक (पीएसी) केएस प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना करने का आदेश दिया था। इसी के तहत प्रदेश में झांसी और जालौन में से एक जनपद, बलरामपुर, मिर्जापुर और भदोही में से एक जनपद में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना के लिए आदेश दिया गया था। ऐसे में जालौन के उरई तहसील के ग्राम ऐर थाना डकोर के तहत ग्राम समाज की 17.150 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। यह भूमि पहले से ही 33 वीं वाहिनी पीएसी झांसी के कब्जे में है। इस महिला पीएसी बटालियन का नाम रानी लक्ष्मी बाई बटालियन रखा जाएगा। इस आशय का प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को बनाकर भेज दिया गया है। इसी तरह बलरामपुर में ग्राम गिधरैया, तहसील बलरामपुर सदर में 20.381 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। इसके अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से हरी झंडी मिलते ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मालूम हो कि योगी सरकार ने इससे पहले भी महिला सुरक्षा के मद्देनजर तीन महिला पीएसी बटालियन की घोषणा की थी। इसके लिए भूमि आवंटित होने के बाद इनका निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बटालियन के गठन के लिए पद भी स्वीकृत किए जा चुके हैं। जल्द ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सिंह ने बताया कि मिजार्पुर और भदोही में से एक जनपद में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना के लिए मिजार्पुर के ग्राम देवरी कलां, तहसील मड़ियन में 26.225 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। इसके अधिग्रहण के लिए 39 वीं वाहिनी पीएसी सेनानायक और जिलाधिकारी मिजार्पुर की ओर से कार्यवाही की जा रही है। इसका प्रस्ताव भी बनाकर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि बटालियन के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी होने के बाद आगे की कार्यवाही को तेज कर दिया जाएगा। महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने के मकसद से योगी सरकार ने पहली बार सूबे में पीएसी की महिला बटालियन के गठन की घोषणा भी की थी। लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में पीएसी की तीन महिला पुलिस बटालियन की स्थापना की कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही इन तीन महिला बटालियन में 1262 पदों पर तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इनमें एक सेनानायक, तीन उपसेनानायक, नौ सहायक सेनानायक के साथ ही एक शिविरपाल, 24 इंस्पेक्टर, 75 सब इंस्पेक्टर, 108 हेड कांस्टेबल व 842 कांस्टेबल के साथ सफाईकर्मी रसोइया आदि शामिल होंगे।

## पीएफआई पर प्रतिबंध का योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी ने कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित किये जाने के केन्द्रीय गृह मंत्रालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि नये भारत में देश की सुरक्षा के लिये खतरा बने संगठन और व्यक्ति स्वीकार्य नहीं हैं। योगी ने बुधवार को कहा, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और उसके अनुषांगिक संगठनों पर लगाया गया प्रतिबंध सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। यह 'नया भारत' है, यहां आतंकी, आपराधिक और राष्ट्र की एकता व अखंडता तथा सुरक्षा के लिए खतरा बने संगठन एवं व्यक्ति स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने पीएफआई तथा उससे संबद्ध संगठनों को गैर कानूनी क्रियाकलापों में लिप्त पाए जाने पर गैर कानूनी संगठन घोषित किया है। मंगलवार देर रात जारी अधिसूचना में संगठन पर तत्काल प्रभाव से 5 वर्ष तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि पीएफआई युवाओं, छात्रों, महिलाओं, इमामों, वकीलों और समाज के कमजोर वर्गों में पहुंच बढ़ाकर गुप्त एजेंडे के तहत एक वर्ग विशेष को कट्टर बना रहा है। संगठन का उद्देश्य लोकतंत्र की अवधारणा को कमजोर करना और संविधान के खिलाफ कार्य करना है।

## अणुव्रत मंडल को मिली हाईकोर्ट से राहत



**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट से बुधवार को बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल को राहत मिली है। उनके खिलाफ दाखिल एक जनहित याचिका में हाईकोर्ट में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। दरअसल एक जनहित याचिका लगाकर दावा किया गया था कि बोलपुर में जहां जिला तृणमूल अध्यक्ष अणुव्रत मंडल का घर है वहां किसी को भी अपना घर बनाने के लिए नगर निगम के बजाय अणुव्रत मंडल को कट मनी देनी पड़ती थी। इसी मामले में बुधवार को मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए साफ कर दिया कि इस मामले के पक्ष में पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। याचिकाकर्ता ने बोलपुर नगरपालिका के खिलाफ जनहित याचिका लगाई है जिसमें दावा किया गया है कि नगर पालिका को घर बनाने के लिए जो टैक्स लेना चाहिए वह सीधे मंडल को दिया जाता था। दावा है कि जब तक अणुव्रत मंडल को राशि नहीं मिलती थी तब तक बिल्डिंग प्लान पास नहीं होता था। इसी मामले में बुधवार को कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने दावे के संबंध में उपयुक्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। इसीलिए इसमें कोर्ट फिलहाल हस्तक्षेप नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल अणुव्रत मंडल मवेशी तस्करी मामले में सीबीआई के हाथों गिरफ्तार हैं और आसनसोल जेल में बंद हैं।

## न्यूज गैलरी

### सीतारमण की शिकायतों का समय पर समाधान और रिफंड में तेजी लाने की अपील

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग से शिकायतों का समय पर समाधान करने के साथ ही रिफंड में तेजी लाने और रिर्टन का समय पर प्रोसेस करने की आज अपील की। सीतारमण ने आयकर विभाग के चयनित कर्मचारियों को वित्त मंत्री पुरस्कार से सम्मानित करने के अवसर पर यह अपील की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को करों की महत्ता को समझाने और उनमें इसको लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयकर विभाग की डिजिटल कॉमिक पुस्तकों का विमोचन भी किया। मोटु पतलु नामक यह कॉमिक अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और गुजराती में है। इस मौके पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त राज्य मंत्री डा भगवत किशनराव कराड के साथ ही केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष नितिन गुप्ता भी मौजूद थे। श्रीमती सीतारमण ने आयकर विभाग की अब तक यात्रा पर बनी फिल्म का भी अनावरण किया।

### टोरेंट फार्मा करेगा 2,000 करोड़ रुपये में क्यूरेटियो हेल्थकेयर का अधिग्रहण

अहमदाबाद। टोरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड 2,000 करोड़ रुपये में क्यूरेटियो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। टोरेंट फार्मा ने एक बयान में कहा कि यह लेन–देन पूर्ववर्ती शर्तों के अधीन है और एक महीने के भीतर इसके पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी के निदेशक अमन मेहता ने कहा,'क्यूरेटियो के साथ इस सौदे में प्रवेश करके हम उत्साहित हैं। टोरेंट का यह अधिग्रहण एक अलग पोर्टफोलियो के साथ त्वचाविज्ञान में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। क्यूरेटियो ने कॉस्मेटिक और बाल चिकित्सा त्वचाविज्ञान में उच्च बाजार हिस्सेदारी वाले ब्रांडों की एक सराहनीय श्रृंखला बनायी है जिसे हम अपने उत्पाद की पेशकश में जोड़ने के लिए तत्पर हैं।'

### रिलायंस रिटेल ने खोला देश का पहला सेंट्रो स्टोर

नयी दिल्ली। रिलायंस रिटेल ने मंगलवार को सेंट्रो नाम से एक नए प्रकार के फैशन और लाइफस्टाइल स्टोर की शुरूआत की। इस स्टोर को मध्य और प्रीमियम सेंगमेंट के ग्राहकों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए डिजाइन किया गया है। राजधानी के वसंत कुंज में स्थित रिलायंस सेंट्रो स्टोर में 300 से अधिक स्वदेशी एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और 20 हजार से अधिक लाइफस्टाइल उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। यह स्टोर 75 हजार वर्गफुट में फैला हुआ है। रिलायंस स्टोर के उद्घाटन के अवसर पर बड़ी छूट भी प्रदान कर रही है।

### एसबीआई की पूर्व प्रमुख ने कहा, देश में इतने सरकारी बैंकों की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्व प्रमुख अरुंधति भट्टाचार्य का कहना है कि देश को कम लेकिन मजबूत सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) की जरूरत है और छोटे सरकारी बैंकों का निजीकरण या विलय किया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के जरिये जिन लक्ष्यों को हासिल करने की उम्मीद है, वे वास्तव में सरकारी बैंकों को सक्षम करके प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव के सुझाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए पीटीआई–भाषा से कहा, निजीकरण कभी भी सभी समस्याओं का हल नहीं रहा है। सुब्बाराव ने दरअसल सरकार को सभी सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए 10 साल की रूपरेखा तैयार करने का सुझाव दिया था। वहीं, भट्टाचार्य ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि हमें इतने सारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की जरूरत है। सरकारी बैंकों की संख्या कम हो सकती है। सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी भट्टाचार्य ने कहा, कुछ सरकारी बैंकों का निजीकरण किया जा सकता है और सार्वजनिक क्षेत्र के मजबूत बैंक अभी भी बने रह सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्तर के दस सरकारी बैंकों का चार बड़े सार्वजानिक क्षेत्र के बैंकों में विलय कर दिया था।

### वोडाफोन-आइडिय पर टावर कंपनियों का 10 हजार करोड़ बकाय, इंडस टावर कंपनी ने कहा-

# नहीं चुकाया तो टावर के इस्तेमाल पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वोडाफोन आइडिया को कनेक्टिविटी को लेकर कई तरह की मुश्किलें खड़ी हो सकती है। दरअसल टावर सेवाएं देने वाली कंपनी इंडस टावर ने कड़े शब्दों में वोडाफोन आइडिया को चेतावनी दी है कि अगर कंपनी ने उसके बकाया बिल का जल्द भुगतान नहीं किया तो वो नवंबर से उनके टावर का इस्तेमाल करने से रोक सकता है। अगर ऐसा होता है तो वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों को नवंबर से कनेक्टिविटी नहीं मिल पाएगी, यानि मोबाइल कॉल से लेकर इंटरनेट तक की सेवाओं का वो इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। फिलहाल वोडाफोन पर टावर कंपनियों का 10 हजार करोड़ रुपये का बकाया है जिसमें से इंडस टावर का हिस्सा 7 हजार करोड़ रुपये का है। इंडस टावर ने कड़े शब्दों में वोडाफोन आइडिया से बकाया चुकाने को कहा है। दरअसल कंपनी की बोर्ड बैठक में बढ़ते हुए बकाया पर चिंता जताई गई थी और पता चला था कि इसमें सबसे बड़ा हिस्सा वोडाफोन आइडिया का है। जिसके बाद इंडस टावर ने वोडाफोन आइडिया को अक्टूबर तक पूरा बकाया चुकाने को कहा है। जून तिमाही नतीजों में इंडस टावर का मुनाफा




66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 477 करोड़ रुपये पर आ गया। वहीं कंपनी के मुताबिक उसे इस अवधि में करीब 6200 करोड़ रुपये मिलने थे लेकिन वो प्राप्त

> सेवाएं देने वाली इंडस टावर कंपनी के बकाये का हिस्सा 7 हजार करोड़ रुपये है। अग वह वह अक्टूबर तक नहीं देती है तो वोडाफोन आइडिया को इंडस कंपनी का टावर इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी जायेगी। टावर कंपनी ने सख्त चेतावनी दी है।

नहीं हुए जिससे उसका मुनाफा लुढ़का है। बढ़ते बकाये की वजह से इंडस टावर को 1200 करोड़ रुपये के प्रोविजन करने पड़े हैं जिससे कंपनी पर दबाव बढ़ गया है। जून तिमाही में वोडाफोन को कारोबारी गतिविधियों से जुड़े भुगतान बढ़कर करीब 15 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गए हैं। इसमें टावर फर्म्स को भुगतान, वेंडर और दूसरे सप्लायर्स को भुगतान शामिल हैं। कंपनी फिलहाल कर्ज और इक्विटी के जरिए 20 हजार करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है लेकिन अभी तक वो इसमें सफल नहीं हुई है। जून के अंत तक वोडाफोन आइडिया पर कुल कर्ज 1.98 लाख करोड़ रुपये था। जिसमें से स्पेक्ट्रम से जुड़ा 1.16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज भी है।

## पीबीएफआईए ने शुरू किया वनस्पति अधारित नवरात्र अभियान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नवरात्र के अवसर पर प्लांट बेस्ड फूड्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (पीबीएफआईए) ने ह्यप्लांट-बेस्ड फूड्स पर स्विच करें-नवरात्रि से शुभारम्भ अभियान की शुरूआत की। इस अभियान को 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलाया जाएगा। पीबीएफआईए ने एक बयान में कहा कि यह वनस्पति आधारित (प्लांट बेस्ड) अभियान वास्तविक होने के साथ ही डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम है जिसमें 20 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है। इस अभियान में सिम्पोजियम, विशेषज्ञ वार्ता, शेफ प्रतियोगिता और प्लांट-बेस्ड क्लबों का गठन जैसी जमीनी गतिविधियों के लिए फूड टेक्नोलॉजी, होटल प्रबंधन, पोषण और कृषि पाठ्यक्रमों में मुख्य रूप से शामिल कई संस्थानों की भागीदारी है। इस अभियान में वनस्पति आधारित खाद्य क्षेत्र की अपार संभावनाओं के बारे में समझ में वृद्धि होगी जबकि युवा, उज्ज्वल दिमागों को नवाचार करने और शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पीबीएफआईए के कार्यकारी निदेशक संजय सेठी ने कहा, नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की जीत के बारे में है। हमारी संस्थान और इसके सदस्य अच्छाई की ताकत के लिए काम कर रहे हैं और हर घर में वनस्पति आधारित खाद्य को ले जा रहे हैं। मेरी सभी को नवरात्रि से शुभारम्भ अपनाने और अपनी वनस्पति आधारित यात्रा की शुभ शुरूआत करने के लिए आमंत्रित करता हूं।

### बाग बाजार में आशीर्वाद के 'अमार मां' पांडाल में मां को गौरवान्वित किया जाएगा

# अमार मां पांडाल में महिलाएं खुद को मां दुर्गा के रूप में परिवर्तित कर 'ओनेक रूप, ओनेक एनर्जी' का जश्न मना सकेंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में साल के सबसे लोकप्रिय त्योहार का जश्न मनाने और मां दुर्गा का स्वागत करने की तैयारियां पूरे जोरशोर से चल रही हैं। साजसज्जा और धूमधाम के साथ मनाई जाने वाली इस साल की दुर्गा पूजा में बाग बाजार में आर्शीर्वाद आटा के अमार मां पांडाल को अद्वितीय रूप दिया गया है, जहां महिलाएं खुद को मां दुर्गा के रूप में परिवर्तित कर त्योहार मना सकेंगी। आशीर्वाद आटा भारत का अग्रणी पैकेज्ड आटा ब्रांड है, जो मां के 'ओनेक रूप, ओनेक एनर्जी' का जश्न मनाने के लिए अपना लंबे समय से चला आ रहा अभियान, 'एटा अमार मां' वापस लाया है। यह अभियान हर मां को सलाम करता है, जो मां दुर्गा की भांति निडरता, प्रेरणा, और शक्ति एवं उदारता का प्रतीक होती है, और अपने एवं अपने

> पांडाल में 8 दिनों तक चलने वाली गतिविधियों में आशीर्वाद द्वारा स्टोरी-टैलिंग, कविता पाठ, नृत्य आदि जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

प्रियजनों के जीवन में विविध भूमिकाएं निभाती है। इसी विचार को प्रबलता के साथ जीवंत करते हुए आशीर्वाद अमार मां पांडाल खूबसूरत एआर फिल्टर्स द्वारा महिलाओं को मां दुर्गा के रूप में प्रदर्शित करेगा। महिलाओं की बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह वर्चुअल व विशाल 'दशभुजा अवतार' एक बड़े पर्दे पर प्रोजेक्ट किया जाएगा और अमार मां पांडाल में मांओं को मां दुर्गा के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस पांडाल में पूरे उत्साह व जोश के साथ ढाक बजाने से लेकर उलूध्वनी तक अनेक दिलचस्प गतिविधियों का आयोजन होगा। इस अनोखे पांडाल की बाहरी कवरिंग में बंगाली शैली में मशहूर पटचित्र कला बनाई गई है, जिसमें माँ के भिन्न-भिन्न अवतारों का चित्रण किया गया है। पांडाल में 8 दिनों तक चलने वाली गतिविधियों में आशीर्वाद द्वारा स्टोरी-टैलिंग, कविता पाठ, नृत्य आदि जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पांडाल का उद्घाटन 28 सितंबर, 2022 को मुख्य अतिथि एवं लोकप्रिय अभिनेत्री मिस प्रियंका सरकार की मौजूदगी में होगा। आशीर्वाद एनजीओ, ड्रीम्स ऑफ लाईफ वैलफेयर फाउंडेशन की ओर से वंचित बच्चों को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने और पूजो की सच्ची बंगाली भावना का अनुभव लेने में समर्थ बनाएगा।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हायरायडर के बाकी बचे सात ग्रेड की कीमतों की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इस महीने के शुरू में अर्बन क्रूजर हायरायडर के शीर्ष चार ग्रेड की कीमतों की घोषणा करने के बाद, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अर्बन क्रूजर हायरायडर के बाकी बचे सात ग्रेड की कीमतों की घोषणा की। कीमत की घोषणा करते हुए श्री अतुल सूद, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स और स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टीकेएम ने कहा, टोयोटा अर्बन क्रूजर हायरायडर ने अपने अनुकरणीय प्रदर्शन, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता, कनेक्टेड कार सुविधाओं के साथ भारत में गतिशीलता अनुभव के एक नए अध्याय की शुरूआत की है। नई पेशकश को मिली जबरदस्त सफलता वास्तव में उत्साहजनक है। शीर्ष ग्रेडों की शुरूआती कीमत की घोषणा को अच्छी तरह स्वीकार किया गया था और हमें यकीन है कि बाकी बचे सात

> शीर्ष ग्रेडों की शुरूआती कीमत की घोषणा को अच्छी तरह स्वीकार किया गया था और हमें यकीन है कि बाकी बचे सात ग्रेड की कीमत का भी उत्साहपूर्वक स्वागत किया जाएगा।

ग्रेड की कीमत का भी उत्साहपूर्वक स्वागत किया जाएगा। दो पावरट्रेन- सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पावरट्रेन और नियो ड्राइव में उपलब्ध, टीकेएम की बहुप्रतीक्षित एसयूवी इस साल के शुरू में बुकिंग की घोषणा के साथ जुलाई में लॉन्च की गई थी। तब से, उत्पाद को एक अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है, इस प्रकार टोयोटा के उन्नत प्रौद्योगिकी कौशल में ग्राहकों के विश्वास और भरोसे को मजबूत करता है। टोयोटा की टिकाऊ पेशकशों में से एक के रूप में, नया अर्बन क्रूजर हायरायडर अपनी बोल्ड और परिष्कृत स्टाइल तथा उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ टोयोटा की वैश्विक एसयूवी श्रृंखला को विरासत में मिला है, जो इसे सेगमेंट में एक आदर्श विकल्प बनाता है। अर्बन क्रूजर हायरायडर में ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी), पैनोरमिक सनरूफ, 17 अलॉय, वायरलेस चार्जर, हेड्स अप डिस्प्ले (एचयूडी) और 360-डिग्री कैमरा और टोयोटा आई-कनेक्ट (कनेक्टेड) सहित सेगमेंट में अन्य बेहतरीन विशेषताएं हैं। डीसीएम (डेटा कम्युनिकेशन मॉड्यूल) जो नई एसयूवी को भारतीय कार खरीदार की विशिष्ट जरूरतों के लिए सबसे अच्छा मेल बनाता है। हुड के तहत, सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन 1.5एल टीएनजीए इंजन द्वारा ई-ड्राइव ट्रांसमिशन के साथ संचालित होता है और 40% दूरी तक और 60% समय तक इलेक्ट्रिक पावर पर चलता है जब इंजन बंद रहता है।

## देश का डाटा सेंटर उद्योग अगले ढाई वर्षों में हो सकता है दोगुना : रिपोर्ट

**हैदराबाद।** वित्तीय, मनोरंजन और खुदरा क्षेत्र में बढ़ते डेटा उपयोग और क्लाउड सेवा प्रदाताओं द्वारा उच्च प्रतिबद्धता भारतीय डेटा सेंटर (डीसी) उद्योग के विकास को बढ़ावा देगी जिससे 2024 तक 78 लाख वर्ग फुट रियल एस्टेट क्षेत्र की मांग बढ़ेगी। रियल एस्टेट और निवेश प्रबंधन की विशेषज्ञ वाली एक पेशेवर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी जेएलएल ने डाटा सेंटर अपडेटः एच1 2022 में कहा कि मांग को पूरा करते हुए आगामी ढाई वर्षों में निवेश की 4.6 अरब डॉलर की जरुरत हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, डाटा सेंटर उद्योग की क्षमता आने वाले ढाई वर्षों में दोगुना होकर 1318 मेगावाट हो सकती है जो वर्तमान में 637 मेगावाट है। देश में मार्च 2022 तक प्रति व्यक्ति औसत मासिक डाटा उपयोग 15.8 जीबी रहा है जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.3 जीबी थी। उन्होंने कहा कि मुंबई में क्षमता वृद्धि के उच्चतम हिस्से होने के कारण 46 लाग वर्ग फुट की मांग होगी, इसके बाद चेन्नई में 19 लाख वर्ग फुट और एनसीआर-दिल्ली में सात लाख वर्ग फुट की मांग होगी। विनियामक अनुमोदन और निर्माण अवधि डीसी (डेटा सेंटर) की क्षमता को चालू होने के लिए तीन से चार साल की समय सीमा तक ले जाएगी।

# अब महंगी पड़ेगी हॉलमार्क ज्वेलरी की खरीदारी गहनों पर प्रति नग 10 रुपये तक की वृद्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर हॉलमार्किंग वाले सोने-चांदी के गहने खरीदने का मूड बना रहे हैं, तो पहले की तुलना में आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। हॉलमार्किंग चार्ज बढ़ने से सोने और चांदी की ज्वेलरी पहले से और महंगी हो गई है। त्योहारी सीजन में खासकर आपको अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। धनतेरस, दिवाली जैसे मौकों पर गहने खरीदने का चलन है। पूजा-पाठ के लिए भी गहनों की खरीदारी की जाती है। ऐसे में हॉलमार्किंग चार्ज बढ़ने से आपको पहले से अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। सोने और चांदी के गहनों पर प्रति नग 10 रुपये तक हॉलमार्किंग चार्ज में वृद्धि की गई है। हाल के कुछ दिनों को छोड़ दें तो सोने के भाव 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास चल रहे हैं। पहले से यह



रेट अधिक है जिसके चलते लोग ज्वेलरी की खरीदारी कम कर रहे हैं। उसके बाद ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग चार्ज बढ़ने से भी गहनों की महंगाई बढ़ गई है। इसके अलावा जीएसटी भी है जो ज्वेलरी पर 18 फीसद की दर से देनी होगी। हॉलमार्किंग चार्ज गहने के हर नग के हिसाब से लिया जाता है। इसलिए खरीदारी जितनी अधिक होगी, आपकी जेब भी उतनी ही ढीली होगी। हॉलमार्किंग कराने पर प्रति नग 10 रुपये का चार्ज बढ़ जाएगा। सोने या चांदी की शुद्धता को प्रमाणित करने की प्रक्रिया को हॉलमार्किंग कहते हैं। भारत में हॉलमार्किंग को अनिवार्य कराने की जिम्मेदारी ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड यानी कि बीआईएस को दी गई है।

## आरबीआई एमपीसी की समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट बढ़ा तो महंगा होगा कर्ज

**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** देश व दुनिया में बढ़ती महंगाई के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक शुरू हो गई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक के नतीजे 30 सितंबर को आएंगे। शक्तिकांत दास की अगुवाई में छह सदस्यीय एमपीसी सदस्यों की बैठक बुधवार शुरू हो चुकी है, जो 30 सितंबर तक चलेगी। इस बैठक के समाप्त होने के बाद आरबीआई गवर्नर 30 सितंबर को नीतिगत ब्याज दरों की घोषणा करेंगे। जानकारों का मनना है कि मौजूदा वैश्विक हालात के मद्देनजर एमपीसी की समीक्षा बैठक के बाद रेपो दर में 0.50 फीसदी का इजाफा हो सकता है। दरअसल ऐसा माना




जा रहा है कि देश में खुदरा महंगाई दर बढ़ने, फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद इस बार भी आरबीआई नीतिगत दर में इजाफा कर सकता है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए मई में 0.40 फीसदी, जून में 0.50 फीसदी और अगस्त में 0.50 फीसदी रेपो रेट बढ़ाया था। इस तरह चालू वित्त वर्ष में आरबीआई ने रेपो दर में मई से लेकर अबतक 1.40 फीसदी की बढ़ोतरी की है। फिलहाल रेपो रेट 5.40 फीसदी है।

# फिल्म उद्योग के लिए 2030 तक सालाना 100 अरब डॉलर के कारोबार का लक्ष्य रखा सरकार ने

**मुंबई (एजेंसी)।** सूचना और प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग को अपना कारोबार 2030 तक 100 अरब डॉलर रखने का लक्ष्य रखा है और कहा है कि फिल्म निर्माण उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया जा रहा है। श्री चंद्रा ने मंगलवार को यहां इस उद्योग पर केंद्रित सम्मेलन फिक्की फ्रेम्स फास्ट ट्रैक 2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव संसद के आगामी सत्र में प्रस्तुत कर सकती है जिसमें फिल्म पायरेसी और फिल्मों के प्रमाणन संबंधी प्रावधों में बदलाव का प्रस्ताव है। सूचना प्रसारण सचिव ने कहा, भारत अगले 10 वर्षों में 10 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी, हमें यह लक्ष्य बनाना चाहिए कि मीडिया और



मनोरंजन क्षेत्र 2030 तक 100 अरब डॉलर से अधिक हो जाए। उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस दिशा में उद्योग को रह संभव मदद देने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म क्षेत्र में भारत में अधिक विदेशी निवेश लाने के लिए इन्वेस्ट इंडिया का लाभ उठाया जाएगा। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि सरकार ने फिल्म उद्योग से संबंधित अपनी विभिन्न इकाइयों को एकीकृत करने के लिए उनका आपस में विलय कर दिया है और मुंबई स्थित राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) सरकार की सिनेमाई गतिविधियों का केंद्र बनने जा रहा है। श्री चंद्रा ने कहा, इसके माध्यम से हम फिल्म सुविधा कार्यालय को नया रूप देना चाहते हैं। हम इसे भारत में उद्योग को आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा बनाई गई मुख्य निवेश शाखा इन्वेस्ट इंडिया को सौंपने जा रहे हैं। इस साल भारत में 100 अरब डॉलर से ज्यादा का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आ रहा है।

## अब 15 अक्टूबर तक हो सकेगा टूटे चावल का निर्यात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने एक बार फिर निर्यातकों को राहत देते हुए ट्रांजिट में टूटे चावल के निर्यात की समयसीमा बढ़ाकर 30 सितंबर से 15 अक्टूबर कर दी है। इससे पहले समय सीमा 15 सितंबर से 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई थी। सरकार के इस कदम से बंदरगाहों पर अटके टूटे चावल के कार्गो को क्लियर करने में मदद मिलेगी। बता दे कि सरकार ने 8 सितंबर को टूटे चावल के निर्यात पर बैन लगा दिया था और चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगा दिया था। टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध और गैर-बासमस्ती व उसना चावल को छोड़कर अन्य के निर्यात की खेप पर शुल्क से स्थानीय आपूर्ति बढ़ती और घरेलू कीमतों में कमी आती। सरकार के इस फैसले के बाद चावल की कीमतें बढ़ सकती हैं।

## पेज एक के शेष

### गहलोत राजस्थान के...

कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की गई और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से आरंभ हुई, जो 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जायेंगे। उधर, अध्यक्ष पद के चुनाव और राजस्थान के संकट को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को मंथन जारी रखा. पार्टी के वरिष्ठ नेता एके एंटनी ने बुधवार शाम सोनिया गांधी के साथ लंबी मंत्रणा की. माना जा रहा है कि इस बैठक में राजस्थान संकट और चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

**गहलोत के करीबी 3 नेताओं को नोटिस**

एंटनी कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के प्रमुख भी हैं। कांग्रेस की राजस्थान इकाई में उत्पन्न राजनीतिक संकट के बीच पार्टी पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को घोर अनुशासनहीनता के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी तीन नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसके कुछ देर बाद पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति की ओर से इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए।

**कई नामों को लेकर लग रहीं अटकलें**

**कमलनाथ,** दिग्विजय सिंह, मुकुल वासनिक, खड़गे, कुमारी सैलजा और कुछ अन्य नामों को लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं। वैसे कमलनाथ कह चुके हैं कि उन्हें अध्यक्ष पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। अध्यक्ष पद के चुनाव की चर्चा के बीच, कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने प्रियंका गांधी वाड्रा को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की।

प्रियंका गांधी को अध्यक्ष बनाने की पैरवी : असम की बारपेटा लोकसभा सीट से सांसद खालिक ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी फिर से कांग्रेस अध्यक्ष बनने से इनकार रह रहे हैं। मैं प्रियंका गांधी को सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार मानता हूं। भारतीय परंपरा के अनुसार, वाड्रा परिवार की सदस्य होने के चलते अब वह गांधी परिवार की सदस्य नहीं रह गई हैं।

### मंदिर की प्रतिमा...

बेहद जरूरी है। वहीं, दूसरी तरफ इलाके में तनाव देखते हुए रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने मंदिर के आसपास के इलाकों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। कोतवाली डीएसपी, सिटी डीएसपी को मामले पर नजर रखने की हिदायत दी गयी है। इधर, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मेन रोड में महावीर मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ठीक सामने गुरुद्वारा है, बगल में विशाल क्लब दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। विगत 10 जून को ही इसी क्षेत्र में संकटमोचन मंदिर में दंगाइयों ने हमला किया था। शहर के इस व्यस्ततम इलाके में फिर से ऐसी घटना शहर के विधि-व्यवस्था की पोल खोलती है। इस क्षेत्र में कई बड़े व्यवसायिक संस्थान हैं, जिनके सीसीटीवी कैमरे की मदद से हमलावरों की पहचान की जा सकती है। रांची पुलिस इस मामले में सक्रियता से छानबीन करे और जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करे। रांची सांसद संजय सेठ ने मल्लाह टोली, हनुमान मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में उपायुक्त और एसएसपी से बात किया तथा अविलंब प्रतिमा की मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने कहा कि मामले में जिसकी गिरफ्तारी हुई है, उसे विक्षिप्त बताया जा रहा है। श्री सेठ ने कहा कि इस बात की मेडिकल जांच हो कि वह वास्तव में विक्षिप्त है या नहीं। पूरे मामले के अन्य दोषियों की गिरफ्तारी और उन पर सख्त कार्रवाई पर भी रांची सांसद ने जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त हनुमान मंदिर के समीप पुलिस की 24 घंटे व्यवस्था करने को कहा।





## न्यूज गैलरी

### क्राउन प्रिंस एमबीएस सऊदी अरब के नये प्रधानमंत्री बने

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज ने 37 साल के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) को प्रधानमंत्री बना दिया है। मंगलवार को जारी शाही फरमान में किंग ने छोटे बेटे प्रिंस खालिद बिन सलमान को रक्षा मंत्री बनाया है। दो और अहम अपॉइंटमेंट भी हुए हैं। प्रिंस तुर्की बिन मोहम्मद बिन फहद बिन अब्दुल अजीज को राज्य मंत्री और प्रिंस अब्दुल अजीज बिन तुर्की बिन फैसल को खेल मंत्री बनाया गया है। एमबीएस वैसे तो डिफेंस मिनिस्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, लेकिन सच यह है कि किंग सलमान की खराब सेहत के चलते वो कई साल से सऊदी के अघोषित शासक हैं।

**इन पदों पर कोई बदलाव नहीं :** विदेश मंत्री की जिम्मेदारी पहले की तरह प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, वित्त मंत्री का दायित्व मोहम्मद अल-जादान और निवेश मंत्री की जिम्मेदारी खालिद अल-फलीह निभाते रहेंगे। किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज 2015 में सऊदी अरब के प्रधानमंत्री बने थे, अब उन्होंने बड़े बेटे मोहम्मद बिन सलमान को पीएम बना दिया है। 86 साल के किंग सलमान 2015 में शासक बने, लेकिन इसके पहले करीब ढाई साल तक उन्हें प्रिंस सलमान की तरह ही क्राउन प्रिंस के तौर पर काम किया था।

### फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत, आठ घायल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में स्थित एक फैक्ट्री में बॉयलर फटने से तीन मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि आठ अन्य घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक, फैक्ट्री में करीब 50 लोग काम कर रहे थे, तभी वहां एक हाइड्रोजन गैस सिलेंडर में यह धमाका हुआ। यह धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इस आवाज से इलाके के लोग दहशत में आ गये। शुरुआत में लोगों को लगा कि कहीं बड़ा बम धमाका तो नहीं हुआ। हालांकि, फिर बताया गया कि आग लगी है, जिसके बाद पता चला कि कंपनी में एक बॉयलर फट गया था। इस विस्फोट के बाद आसमान में धुएं के बड़े गुबार उठते देखे जा सकते थे। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस और दमकल को घटना की सूचना दी गयी, जो तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गयी। उन्होंने घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और विस्फोट के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जिला आपदा प्रबंधन सेल के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब तीन बजे चंद्रपाड़ा क्षेत्र स्थित विद्युत उपकरण बनाने वाली कंपनी में हुई। उन्होंने कहा कि बुरी तरह झुलस जाने के चलते मृतक मजदूरों की पहचान नहीं हो सकी है।

# रूस से सस्ता तेल, एलपीजी और गेहूं खरीदेगा तालिबान

## तालिबान सरकार का किसी देश के साथ यह पहला करार



**काबुल (एजेंसी)।** पिछले साल 15 अगस्त को अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करनेवाले आतंकी संगठन तालिबान ने पहली बार किसी दूसरे देश से बिजनेस डील की है। तालिबान हुकूमत ने रूस से डिस्काउंट रेट पर ऑयल, एलपीजी और गेहूं खरीदने का करार किया है। तालिबान के कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर हाजी नूरद्दीन ने डील की पुष्टि कर दी है। इस मामले में खास बात यह है कि रूस समेत अब तक किसी देश ने तालिबान हुकूमत को मान्यता नहीं दी है। भारत ने मानवता के आधार पर अफगानिस्तान को 50 हजार टन गेहूं और दवाइयां भेजी हैं।

**रूस ने दिया था ऑफर :** ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने अफगानिस्तान को कम कीमत पर ऑयल और खासकर डीजल सप्लाई का ऑफर दिया था। बाद में बात आगे बढ़ी और डील में लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के अलावा गेहूं भी शामिल किए गए। अब देखना ये होगा कि तालिबान पेमेंट किस तरह करता है, क्योंकि वो इंटरनेशनल बैंकिंग सिस्टम से बाहर है और अमेरिका ने उसके तमाम एसेट्स फ्रीज कर दिए हैं। नूरद्दीन ने डील के ऐलान के वक्त कहा- हम अपने ट्रेडिंग पार्टनर्स की तादाद बढ़ाना चाहते हैं। रूस ने हमें सस्ता तेल, गैस और गेहूं खरीदने का ऑफर दिया था। इसलिए यह डील हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले कैंडिडेट्स को चुनाव लड़ने से रोकने वाली याचिका पर मांगा जवाब

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और भारतीय चुनाव आयोग को गंभीर मामलों में आरोपी पाये गये लोगों को चुनाव लड़ने से रोकने के निर्देश पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस हृषिकेश रॉय की बेंच ने मामले पर लॉ एंड जस्टिस मिनिस्ट्री, होम मिनिस्ट्री और इलेक्शन कमीशन से जवाब मांगा है। दरअसल, कोर्ट इस मामले में एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में कहा गया है, केंद्र ने लॉ कमीशन और कोर्ट के पूर्व में दिए गए उस निर्देश पर अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है, जिसमें गंभीर अपराध में आरोपित लोगों पर चुनाव लड़ने से रोकने की सिफारिश की गयी है। उन्होंने दावा किया कि विधि आयोग की सिफारिशों और अदालत के पहले के निर्देशों के बावजूद, केंद्र और चुनाव आयोग ने इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है। याचिका में कहा गया है कि 2019 में लोकसभा चुनाव के जीतनेवाले 539



में से 233 (43 प्रतिशत) लोगों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की पुष्टि की थी। 2009 के बाद से गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक सांसद ने खुद के खिलाफ 204 आपराधिक मामलों की पुष्टि की है। जिसमें गैर इरादतन हत्या, घरेलू हिंसा, डकैती, आपराधिक धमकी आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। एडवोकेट अश्विनी ने इस बात पर चिंता जतायी है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों का प्रतिशत और उनके जीतने की संभावना पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है।

## किसान आंदोलन के दौरान उसे कई खातों को बंद करने का दिया गया था निर्देश : ट्विटर

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** ट्विटर ने हाईकोर्ट को बताया कि दिल्ली सीमा पर हुए किसान आंदोलन के दौरान उसे कई खातों को बंद करने का निर्देश दिया गया था। सोमवार (26 सितम्बर) को ट्विटर ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में बताया कि ट्विटर अकाउंट्स को ब्लॉक करने का निर्देश सरकार द्वारा दिया गया था। जो कि संविधान के अनुच्छेद 19ए के तहत भारतीय नागरिकों को मिलने वाली अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है। मालूम हो कि उच्च न्यायालय फरवरी 2021 और जून 2022 के बीच केंद्र सरकार द्वारा ट्विटर को जारी किये गये निर्देशों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

ट्विटर की तरफ से अदालत में दलील देने पेश हुए वरिष्ठ वकील अरविंद एस दातार ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 में खातों को ब्लॉक करने की गुंजाइश नहीं है। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ को ट्विटर ने बताया कि बार-बार ट्विटर गाइडलाइन का उल्लंघन न होने पर अकाउंट्स को ब्लॉक नहीं किया जा सकता। कुछ मामलों में ट्वीट डिलीट हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान बताया गया कि किसान आंदोलन के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उसे कवर कर रहे थे, लेकिन लेकिन आंदोलन से जुड़ी जानकारी, न्यूज को ट्विटर को हटाने के लिए कहा गया। खासकर उन खातों को ब्लॉक करने के लिए कहा गया जो आंदोलन से जुड़ी खबरें ट्वीट कर रहे थे। ट्वीटर की तरफ से पेश हुए वकील ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को यह भी बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 के तहत इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है जो अकाउंट को थोक में ब्लॉक करने की अनुमति देता है। थोक में डिलीट करने का आदेश केवल ट्वीट पर ही लागू होता है।

बता दें कि इस मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। वहीं, केंद्र सरकार का तर्क है कि यह आदेश देश और जनहित में दिये गये थे। यह कदम लिंचिंग और भीड़ की हिंसा को रोकने के लिए उठाया गया था। ट्विटर ने जुलाई में केंद्र सरकार द्वारा दिये गये आदेश को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया था। इकोनॉमिक टाइम्स ने ट्विटर के हलफनामे को लेकर लिखा है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से 2 फरवरी, 2021 और 28 फरवरी 2022 के बीच 1,474 अकाउंट्स, 256 यूआरएल, 175 ट्वीट और एक हैशटैग को ब्लॉक करने का आदेश दिया था।



## एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री के समक्ष उठाया वीजा में देरी का मुद्दा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के समक्ष भारत से अमेरिकी वीजा आवेदनों के काफी संख्या में लंबित होने का मुद्दा उठाया है। इस पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि वह इस मामले के प्रति संवेदनशील हैं और इसे सुलझाने के लिए उनके पास योजना है। ब्लिंकन ने भारतीय नागरिकों के वीजा आवेदनों के लंबित होने के लिए कोविड-19 महामारी को जिम्मेदार ठहराया। अमेरिका द्वारा मार्च 2020 में महामारी के कारण दुनिया भर में लगभग सभी वीजा आवेदनों पर आगे बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने के बाद अमेरिकी वीजा सेवाएं अब लंबित आवेदनों के निस्तारण की कोशिश कर रही हैं। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यहां करीब एक घंटे तक मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में यहां ब्लिंकन के साथ मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि प्रतिभा के विकास और आवाजाही को सुगम बनाना भी हमारे पारस्परिक हित में है।

# तनाव में रहती हैं 87 प्रतिशत भारतीय महिलाएं

- आरपी सिंह

**नयी दिल्ली।** वैश्विक मार्केटिंग रिसर्च अनुसंधान और सर्वे कम्पनी नील्सन द्वारा 2011 में 21 देशों में 6,500 महिलाओं पर कराये सर्वे परिणाम में आया कि 87 प्रतिशत भारतीय महिलाएं घर से लेकर बाहर, बच्चों से लेकर परिवार तक की ज़िम्मेदारियों व भविष्य की चिंता के कारण ज्यादातर समय तनाव में रहती हैं। हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू में प्रकाशित यह सर्वे यह जानने के लिए किया गया था कि भारतीय महिलाओं व माताओं को सबसे ज्यादा स्ट्रेस क्यों रहता है। सर्वे में 87 प्रतिशत महिलाओं ने ज्यादातर समय खुद को तनाव में रहने की बात कही। 82 प्रतिशत महिला ने तो आराम के लिए समय नहीं मिलने की भी बात कही। इनके तनाव के मुख्य कारण निम्न बताये जाते हैं -

**ससुराल में सामंजस्य नहीं बन पाना :** भारत में ज्यादातर बच्चियों को पढ़ाया-लिखाया जाता है, कुछ नौकरी करती हैं, फिर उनकी शादी हो जाती है। जिसके बाद उनकी पूरी दुनिया ही बदल जाती है। चाहे वह प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज। ससुरालवालों के साथ खुद को समायोजित बना, बिना किसी सहायता के बेटे और घर को संभालना, इन महिलाओं को तनाव ग्रस्त कर देता है। यही वजह है कि 25 से 45 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सबसे ज्यादा तनाव महसूस होता है।

### ऑफिस व घर की जिम्मेदारी

**घर** और ऑफिस के काम के बीच संतुलन बनाने में बहुत परेशानी होती है। कभी परिवार के लोग जिम्मेदारियां याद दिलाते हैं, तो कभी ऑफिस में काम पूरा नहीं हो पाने के चलते बात सुननी पड़ती है, प्रमोशन की चिंता रहती है। शादी कई वर्ष हो जाने पर महिला पर संतान पैदा करने का दबाव बनने लगता है। ये सब मिलकर महिला को दबाव के चंगुल में ले लेते हैं। वह तनाव में रहने लगती है। मां बन गयी तो उन्हें अब बाहर रहने के कारण ज्यादातर बिना किसी की मदद के बच्चों को पालना, घर संभालना होता है, कैरियर पर भी ध्यान देना होता है।

### बच्चों को ध्यान नहीं देने पर प्रताड़ना

**परिवार** में माताओं को अक्सर उनके बच्चों के व्यवहार को लेकर ताना मारा जाता है। तुमने बच्चे को बहुत छूट दे रखी है, ऐसा किया तो वो बिगड़ जायेगा, तुम्हारे पालने-पोसने का तरीका अच्छा नहीं है। इस तरह की कई बातें मां को सुननी पड़ती हैं, जो उनमें तनाव पैदा करती हैं।

**बच्चों का भविष्य :** मां को अपने बच्चों के भविष्य की बहुत ज्यादा चिंता रहती है। वे सोचती रहती हैं कि बच्चा बड़ा होकर क्या करेगा, वो पढ़ाई पूरी कर पायेगा या नहीं, उसका भविष्य ठीक रहेगा या नहीं। इस तरह की बातें सोच सोचकर माता तनाव में रहती हैं। इन सबके कारण भारत की 87 प्रतिशत महिलाएं तनाव में रहती हैं।






### पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में चीनी नागरिक की मौत

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कराची शहर में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक दंत चिकित्सालय के अंदर गोलीबारी की, जिसमें एक चीनी नागरिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार, एसएसपी (दक्षिण) असद रजा ने कहा कि हमलावर कराची के सदर इलाके में स्थित क्लिनिक में मरीज होने का नाटक करते हुए घुसे। उन्होंने कहा कि हमले का शिकार हुए एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला समेत दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





